श्रर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील


# विकसित भारत समाचार


वर्ष : 10 | अंक : 40 | गुवाहाटी | रविवार, 3 सितंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



ईएनएनओ उग्रवादी ने किया आत्मसमर्पण — पेज 3
छत्तीसगढ़ में गरजे अमित शाह, बोले घपले-घोटाले और वादाखिलाफी की सरकार — पेज 4
शहीद मेजर मोहित शर्मा के घर पहुंचे जेपी नड्डा, मेरी माटी मेरा देश अभियान... — पेज 5
कांग्रेस का मतलब लूट-भ्रष्टाचार गहलोत ने दी खुली छूट : जेपी नड्डा — पेज 8


## राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध के लिए मजबूत जनसमर्थन : सीएम

### 45 दिन में तैयार होगा अंतिम मसौदा



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा असम में बहुविवाह पर रोक लगाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक तैयार किया था, जिसे सार्वजनिक सुझाव के लिए प्रस्तावित किया गया था। अब इसी विधेयक पर जानकारी देते हुए शर्मा ने कहा कि हमें हमारे सार्वजनिक नोटिस के जवाब में कुल 149 सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिले सुझाव में से 146 विधेयक के पक्ष में हैं। इससे साफ है कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के समर्थन में ज्यादा लोग है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि सभी पक्ष में हैं। विधेयक पर तीन संगठनों ने विरोध जताया है। मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने कहा कि सुझाव मिल चुके हैं। अब हमारे लिए एक तरह से रास्ता साफ है। विधेयकर को लेकर अब हम प्रक्रिया के अगले चरण पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अगले 45 दिनों में विधेयक का अंतिम मसौदा तैयार कर लिया जाएगा। गौरतलब है, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा लंबे समय से बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने की बात कह रहे हैं। सार्वजनिक नोटिस मिलने से पहले शर्मा ने कहा था कि असम सरकार राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। इसके लिए एक विशेष विशेषज्ञ कमेटी बनाने का फैसला किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि असम में बाल विवाह पर चल रही कार्रवाई को और तेज किया जाएगा। वहीं, 2026 तक असम में बाल विवाह समाप्त हो इसके लिए राज्य सरकार हर संभव कड़े कदम उठाएगी। उन्होंने कहा था कि असम सरकार ने यह जांचने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने का फैसला किया है कि क्या राज्य विधानमंडल को राज्य में बहुविवाह पर रोक लगाने का अधिकार है। समिति मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) अधिनियम, 1937 के प्रावधानों की जांच भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के साथ-साथ राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत के साथ करेगी। समिति निर्णय तक पहुंचने के लिए कानूनी विशेषज्ञों सहित सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम स्वनिधि योजना के वितरण में असम अग्रणी





**गुवाहाटी (हि.स.)।** एक अभूतपूर्व उपलब्धि में असम 1 सितंबर तक 90.84 फीसदी के असाधारण वितरण प्रतिशत के साथ प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना को लागू करने में अग्रणी के रूप में उभरा है। यह दूरदर्शी योजना प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 जून, 2020 को लॉन्च किया गया था। जिसका उद्देश्य सड़क विक्रेताओं, फेरीवालों और छोटे व्यापारियों को बगैर गारंटी कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करना है, जो कि कोविड-19 महामारी से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए को ऋण की सुविधा प्रदान करते हैं। यह न केवल रुपए की तीन किश्तों में ऋण प्रदान करता है। 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रुपए डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए विक्रेताओं को डिजिटल रूप से भी शामिल किया गया है। असम के आवास और शहरी मामलों के मंत्री अशोक सिंघल ने स्वनिधि असम टीम के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि %यह असम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और राज्य में असंगठित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। पीएम स्वनिधि योजना की सफलता सड़क विक्रेताओं और छोटे लोगों के लिए वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के हमारे दृष्टिकोण का एक प्रमाण है। मंत्री सिंघल ने असम के परिवर्तनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में असम सरकार ने राज्य के असंगठित क्षेत्र के कल्याण को प्राथमिकता दी है। यह उपलब्धि एक अधिक समृद्ध और आत्मनिर्भर असम बनाने के लिए हमारे समर्पण की पुष्टि करती है। असम में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ शर्मा के निरंतर मार्गदर्शन में और आवास और शहरी मामलों के विभाग और एनयूएलएम मिशन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अथक प्रयासों से इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया है। इससे पहले भी असम ने निर्धारित समय के भीतर पहली किश्त के तहत 52 हजार संवितरण का अपना प्रारंभिक लक्ष्य हासिल किया था। पहाड़ी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में शीर्ष स्थान अर्जित -शेष पृष्ठ दो पर

## एनडीए विधायकों के साथ मुख्यमंत्री का मत विनिमय कार्यक्रम



**तिनसुकिया (हि.स.)।** आज तिनसुकिया में एनडीए असम के विधायकों का मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा के साथ मत विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भवेश कलिता, अगप और यूपीपीएल के अध्यक्ष क्रमशः अतुल बोरा और प्रमोद बोड़ो के साथ ही राज्य के सभी मंत्रियों और विधायकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी विधायकों की बातों को सुना गया। कार्यक्रम के दौरान 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने -शेष पृष्ठ दो पर

## एक देश एक चुनाव पर सरकार ने गठित की आठ सदस्यीय कमेटी



**नई दिल्ली।** एक देश-एक चुनाव पर केंद्र सरकार ने आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। कानून मंत्रालय ने इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी की है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय हित में देश में एक साथ चुनाव कराना वांछनीय है। ऐसे में भारत सरकार एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे की जांच करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन कर सकती है। कानून मंत्रालय के मुताबिक, इस समिति का नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। समिति में गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अहीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हैं। एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उच्च स्तरीय समिति की बैठकों -शेष पृष्ठ दो पर


पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771



## संसद के विशेष सत्र में नहीं होगा प्रश्नकाल और शून्यकाल, निजी बिल पर भी चर्चा नहीं



**नई दिल्ली।** सितंबर में सरकार द्वारा बुलाए गए विशेष सत्र में कोई प्रश्नकाल, कोई शून्यकाल और कोई प्राइवेट मेंबर का कार्य नहीं होगा। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सरकार द्वारा बुलाए गए पांच दिवसीय विशेष सत्र में कोई प्रश्नकाल, कोई शून्य काल औ कोई प्राइवेट मेंबर का कार्य नहीं होगा। बताते चलें कि केंद्र सरकार ने *अमृत काल* के बीच 18 से 22 सितंबर तक *संसद का विशेष सत्र* बुलाया गया है जिसमें पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएसएलवी से अलग हुआ आदित्य-एल1, अब सूर्य की यात्रा शुरू

### एल1 न तो सूर्य पर उतरेगा और न ही इसके करीब जाएगा



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि पीएसएलवी रॉकेट पर सवार आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान शनिवार को सफलतापूर्वक अलग हो गया और अब यह सूर्य की ओर 125 दिन की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ेगा। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष यान को *सटीक कक्षा* में स्थापित कर दिया गया है। यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र से आदित्य एल1 का शनिवार पूर्वाह्न 11:50 बजे सफल प्रक्षेपण किया गया। सोमनाथ ने कहा कि आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान को पीएसएलवी ने बहुत सटीक तरीके से 235 गुणा 19,500 किलोमीटर की अपेक्षित अंडाकार कक्षा में स्थापित कर दिया। उनके साथ यहां मिशन नियंत्रण केंद्र में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक निगार शाजी और -शेष पृष्ठ दो पर

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम ने दी बधाई

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक ट्वीट संदेश में कहा कि भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जो भारत के स्वदेशी अंतरिक्ष कार्यक्रम को एक नए पथ पर ले जाती है। इससे हमें अंतरिक्ष और खगोलीय घटनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। मैं -शेष पृष्ठ दो पर


door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


**सुप्रभात**

*दण्डनीति से आत्मरक्षा की जा सकती है।*

– आचार्य चाणक्य

## बालासोर मामला : सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** बालासोर ट्रेन हादसे में गिरफ्तार किए गए तीन रेलवे अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है। सूत्रों ने बताया कि रेलवे अधिकारियों पर आईपीसी की धारा 304 (2), धारा 34 सहपठित धारा 201 और रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 153 के तहत आरोप लगाए गए हैं। सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद अमीर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार को पहले सीआरपीसी की धारा 304 और 201 के तहत गिरफ्तार किया गया था। जिन -शेष पृष्ठ दो पर

*सीएम स्टालिन के बेटे के बिगड़े बोल, कहा-*

## सनातन धर्म मलेरिया-डेंगू की तरह, इसे खत्म किया जाना चाहिए



**चेन्नई।** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और डीएमके सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को बेहद आपत्तिजनक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म मलेरिया और डेंगू की तरह है और इसलिए इसे खत्म किया जाना चाहिए, न कि केवल इसका विरोध किया जाना चाहिए। उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म को मिटाने के लिए आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। दरअसल, तमिलनाडु में *संतानम उन्मूलन सम्मेलन* आयोजित किया गया था जिसमें कई बड़े नेता शामिल हुए थे। बड़ी बात ये है कि तमिलनाडु के मानव संसाधन मंत्री पीके शेखरबाबू ने भी भाग लिया, जो हजारों प्राचीन हिंदू मंदिरों को नियंत्रित करते हैं और हजारों को इकट्ठा करते हैं। इस सम्मेलन से जुड़ी एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें उनको यह कहते हुए सुना जा सकता है कि सनातन धर्म को खत्म करने -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल प्रति लीटर 300 रुपए के पार



**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में महंगाई की मार से त्रस्त जनता को अब पेट्रोल-डीजल के लिए 300 रुपए प्रति लीटर से अधिक चुकाना होगा। पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल की कीमत में 14.91 रुपए प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत में 18.44 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया है। पाकिस्तान वित्त मंत्रालय ने आधी रात के बाद सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि पेट्रोल की कीमत अब 305.36 रुपए प्रति लीटर और एचएसडी -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

## चीन के विवादित मैप के खिलाफ भारत के साथ आए कई देश

**नई दिल्ली।** भारत समेत कई देश चीन के नए नक्शे को लेकर अपना विरोध जता रहे हैं। चीन के नए विवादित मैप को लेकर वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस, नेपाल समेत वियतनाम ने भारत का साथ देते हुए ड्रैगन के दावे को खारिज कर दिया है। चीन ने नए मैप में कई देशों के हिस्सों को अपना बताया है जिस पर ये देश भड़के हुए हैं। भारत की तरह फिलीपींस, मलेशिया, वियतनाम सहित वियतनाम ने भी चीन के कथित स्टैंडर्ड मैप पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वियतनाम ने भी दो टूक शब्दों में मैप को खारिज करते हुए -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रतापगढ़ में महिला को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया, सभी आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर/प्रतापगढ़ (हिंस)।** राजस्थान में प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का खुलासा होने पर हड़कंप मच गया। महिला के पति ने ही गांव वालों के सामने उसे एक किलोमीटर तक दौड़ाया। यह वाकया 31 अगस्त का है। शुक्रवार को इसका वीडियो वायरल होने पर सरकार हरकत में आई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पति सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया, वहीं चार को डिटेन किया गया है, जिनमें से एक नाबालिग है। पुलिस के आला अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद शनिवार दोपहर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी धरियावद पहुंचे और उन्होंने पीड़िता को हर तरह की सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। मामले में राज्य व राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी रिपोर्ट तलब की है। इस मामले को लेकर सियासी बवाल भी शुरू हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसे राजस्थान की कमजोर कानून-व्यवस्था का नतीजा बताया है, वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन स्तर की तीन -शेष पृष्ठ दो पर

## आरक्षण की मांग पर हिंसा : मराठा संगठनों ने मुंबई में बुलाई इमरजेंसी मीटिंग



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की डिमांड एक बार फिर जोर पकड़ रही है। जालना में पिछले कुछ दिनों से आरक्षण की मांग पर लोग भूख हड़ताल पर थे। स्थानीय नेता मनोज जारंग भी इसका हिस्सा थे। शुक्रवार को यहां प्रदर्शनकारी कथित रूप से उग्र हो गए और उन्हें काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। आरक्षण की मांग कर रहे लोगों ने यहां सड़कों पर तांडव मचाया, तोड़फोड़-आगजनी की। कल की हिंसा के बाद आज बीड, लातूर, धाराशिव और परभणी में बंद का ऐलान किया गया है। मराठा संगठनों ने मुंबई और नासिक में इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। कोल्हापूर में भी आज मराठा संगठनों के नेता इकट्ठा होने वाले हैं। दावा है कि पुलिस मानोज जारंग को अपने साथ ले जाने आई थी, जिन्हें उनके समर्थकों ने रोकने की कोशिश की। इस बीच पुलिस और प्रदर्शनकारियों में धक्का-मुक्की भी हुई। देखते-देखते हिंसा भड़क गई। जालना जिले में प्रदर्शनकारियों ने कई बसों में आग लगाई। बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। कर्टनाक -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# शिक्षक दिवस के मौके 75 टीचर्स को राष्ट्रपति करेंगी पुरस्कृत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षक दिवस (5 सितंबर) को 75 शिक्षकों को शिक्षा के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड 2023 से सम्मानित करेंगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 सितंबर 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 75 चयनित पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से पुरस्कृत करेंगी। आपको बता दें कि हर साल 5 सितंबर को, भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को प्रोत्साहित करना और उन सभी शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है। शिक्षकों को दिए गए प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता प्रमाण पत्र, 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार और एक एक रजत पदक दिया जाता है। बयान में कहा गया है कि पुरस्कार विजेताओं को प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने का भी मौका मिलेगा। हर साल, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय एक कठोर और पारदर्शी प्रक्रिया में चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करता है। इस वर्ष, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का दायरा बढ़ाकर उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षकों को इसमें शामिल किया गया है। इस वर्ष 50 स्कूली शिक्षकों, उच्च शिक्षा के 13 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 12 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षण, अनुसंधान, सामुदायिक आउटरीच और काम की नवीनता (जनभागीदारी) में नवाचार को मान्यता देने के लिए भागीदारी को अधिकतम करने के लिए नामांकन ऑनलाइन मांगे गए थे। बयान के अनुसार, शिक्षकों के चयन के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा प्रतिष्ठित व्यक्तियों से युक्त तीन अलग-अलग स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी का गठन किया गया था।

# चंद्रमा और सूर्य मिशन के बाद अब अंतरिक्ष की गुत्थियां सुलझाएगा इसरो



**बंगलुरू।** चंद्रयान-3 की चांद की सतह पर सफल लैंडिंग कर इतिहास रचने वाले इसरो ने आज अपना सूर्य मिशन आदित्य एल1 भी सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। इन दो अहम मिशन के बाद इसरो एक और अहम लॉन्चिंग की तैयारियों में जुटा है। दरअसल सूरज और चंद्रमा मिशन के बाद अब इसरो अंतरिक्ष की गुत्थियां सुलझाने की कोशिशों में जुटा है। इसके लिए इसरो अपने पहले पोलरिमेट्री मिशन एक्सपोसेट (एक्स-रे पोलारिमेट्री मिशन) की तैयारियों में जुटा है। एक्सपोसैट सैटेलाइट मिशन के तहत इसरो विषम परिस्थितियों में खगोलीय एक्स-रे स्त्रोतों की विभिन्न गतिशीलता का अध्ययन करेगा। स्पेसक्राफ्ट के साथ दो पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किए जाएंगे। इनमें से एक पेलोड पोलिक्स (पोलारिमेट्री इंस्ट्रूमेंट इन एक्स-रे) होगा, जो खगोलीय स्त्रोतों से उत्पन्न होने वाले 8-30 केवी फोटॉन्स के माध्यम एक्स-रे ऊर्जा रेंज को मापेगा। वहीं दूसरा पेलोड एक्सपेक्ट एक्स-रे फोटोन्स के 0.8-15 केवी माध्यम की एक्स-रे ऊर्जा की स्पेक्ट्रोस्कोपिक जानकारी देगा। इसरो ने शनिवार को बताया कि एक्सपोसैट लॉन्चिंग के लिए तैयार है। इसरो ने बताया कि विभिन्न खगोलीय स्त्रोतों जैसे ब्लैक होल, न्यूट्रॉन स्टार्स, गैलेक्टिक न्यूक्लिआई आदि का उत्सर्जन तंत्र समझना काफी मुश्किल होता है। स्पेक्ट्रोस्कोपिक और समय की जानकारी कई स्त्रोतों से पता चल सकती है लेकिन इस उत्सर्जन की प्रवृत्ति को समझना आज भी चुनौती बना हुआ है।

# आकाशवाणी गुवाहाटी में होगी समाचार वाचन प्रतियोगिता

**गुवाहाटी (हिंस)।** आकाशवाणी गुवाहाटी केंद्र के क्षेत्रीय समाचार प्रभाग की पहल के तहत चौथी वार्षिक गोलाप सैकिया और दूसरी वार्षिक प्रताप बरदलै के सम्मान में न्यूज रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्राथमिक प्रतियोगिता तीन विधाओं में आयोजित की जाएगी। *ए* सेक्शन कक्षा 5वीं से 8वीं तक सभी के लिए खुला होगा, *बी* सेक्शन कक्षा 9वीं से 12वीं तक और *सी* सेक्शन स्नातक स्तर से सभी के लिए खुला होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतियोगियों को 1 मिनट का असमिया भाषा में किसी भी समाचार वाचन का ऑडियो भेजना होगा। न्यूज एंकर का नाम पता, शैक्षणिक योग्यता लिखकर भेजना होगा। *ए* श्रेणी के प्रतियोगियों को 97166-80969 या 83990-09689, *बी* सेक्शन 96196-86659 या 99543-76893 और *सी* वर्ग के प्रतियोगियों को प्रतियोगिता के लिए समाचार 80111-49043 या 84720-12319 पर भेजना होगा। आकाशवाणी गुवाहाटी केंद्र के समाचार संपादक मानस प्रतिम शर्मा ने आज यह जानकारी दी।

# भाजपा के 2024 लोस चुनाव जीतने के बाद तीन हजार रुपए का मिलेगा गैस सिलेंडर : अभिषेक

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को लोगों से 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देने की अपील की और दावा किया कि यदि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी (भाजपा) फिर से जीत गई तो रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़कर 3,000 रुपए हो जाएगी। अभिषेक ने जोर देकर कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया 2024 में सत्ता में आता है, तो एक सिलेंडर की कीमत महज 500 रुपए होगी। तृणमूल कांग्रेस नेता ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगले साल होने वाले आम चुनाव में भाजपा को एक भी वोट न दें। अगर वह चुनाव जीतती है, तो रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़कर 3,000 रुपए हो जाएगी। लेकिन अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो इसकी कीमत घटाकर 500 रुपए कर दी जाएगी। यह हमारा आपसे वादा है और हम वादे नहीं भूलते। जलपाईगुड़ी जिले में धुपगुड़ी उपचुनाव पांच सितंबर को होना है। केंद्र सरकार ने हाल में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए की कटौती की थी। कोलकाता में 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत पहले 1,129 रुपए थी। उन्होंने कहा कि मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप हमारे उम्मीदवार को वोट दें और यह सुनिश्चित करें कि भाजपा उम्मीदवार (उपचुनाव में) भारी मतों के अंतर से पराजित हों, ताकि वह अपने घर से बाहर नहीं निकलें। डायमंड हार्बर के सांसद ने कहा कि आपलोगों को भाजपा को आम लोगों और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की ताकत समझानी होगी। बनर्जी ने स्थानीय लोगों को तीन महीने के भीतर धुपगुड़ी को अनुमंडल बनाने का भी आश्वासन दिया। इस बीच, बनर्जी के दावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता सुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि टीएमसी नेता को पहले लोगों को यह बताना चाहिए कि राज्य में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं और संविदा पर नियुक्त समूह *डी* के *अनियमित* कर्मचारियों का वेतन इतना कम क्यों है। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को केंद्र के बराबर महंगाई भत्ते की मांग के लिए महीनों तक खुले में क्यों बैठना पड़ा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि टीएमसी और अभिषेक बनर्जी के मन में संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है। अन्यथा, उन्होंने चुनावी क्षेत्र धुपगुड़ी में ऐसे वादे नहीं किए होते।

# असम राइफल्स के डीजी की जीओसी 51एसए से बातचीत

**शिलांग (हिंस)।** असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पीसी नायर ने असम राइफल्स के शिलांग के लैत्कोर स्थित महानिदेशालय (मुख्यालय) में जीओसी 51 उप क्षेत्र, एवीएसएम मेजर जनरल राजेश कुमार झा के साथ बातचीत की। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान दोनों ही सुरक्षा प्रमुखों ने पूर्वोत्तर की मौजूदा स्थिति को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर भी चर्चा की गई। मणिपुर में असम राइफल्स तथा सेना की संयुक्त टीम अभियान चला रही है। शुक्रवार को असम राइफल्स के महानिदेशक ने कहा था कि मणिपुर में जिस प्रकार से दोनों समुदायों के हाथों में व्यापक पैमाने पर हथियार मौजूद हैं, वह अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा था कि इस तरह की स्थिति 90 के दशक में नगा कुकी उग्रवादियों के उपद्रव के समय में हुई थी।

# केएमएसएस के महासचिव तथा एक अन्य गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** कृषक मुक्ति संग्राम समिति (केएमएसएस) के महासचिव बिद्युत सैकिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी गुवाहाटी समिति के सचिव आकाश दलै को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों को शुक्रवार की सुबह शिलसाको बिल (झील) अभियान स्थल पर हिरासत में लिया गया था। फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर सोनापुर पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। गौरतलब है कि शिलसाको अभियान स्थल से हिरासत में ली गई महिलाओं को चौथे एपीबीएन शिविर में रखा गया था। उल्लेखनीय है कि शिलसाको को बिल की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर काफी संख्या में लोगों ने निर्माण कर लिया था जिसे प्रशासन ने खाली करने के लिए पिछले कुछ दिनों से अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने बिल के सौंदर्यीकरण और बिल को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए प्रशासन को पिछले दिनों निर्देश दिया था।

# गुवाहाटी में छठी मंजिल से गिरकर युवती की मौत

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी में नवग्रह के पास स्थित प्राकृतिक आवास कंप्लेक्स की छठी मंजिल से गिरकर एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने आज बताया कि इमारत के ब्लॉक-6 की छठी मंजिल से गिरने से एक युवती की शुक्रवार की रात मौत हो गई। मृतका की पहचान मीना मुंडा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक मीना अनिल अग्रवाल के घर में नौकरानी थी। मृतक युवती की उम्र 22 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है।

# पृष्ठ एक का शेष

## राज्य में बहुविवाह पर ...

असम सरकार राज्य में बाल विवाह पर नकेल कसने के संबंध में अपने प्रयासों को तिगुना करेगी। निकट भविष्य में गिरफ्तारियां ओर तेज होगी। बाल विवाह के अपराधियों के खिलाफ गहन अभियान चलाया जाएगा। इस साल फरवरी में असम सरकार द्वारा बाल विवाह पर कार्रवाई शुरू करने के बाद हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## पीएम स्वनिधि योजना...

किया था। असम के असाधारण प्रयासों से 1 जून को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के तीन साल के जश्न के दौरान मंत्रालय ने राज्य को पहाड़ी और उत्तर पूर्वी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया। राज्य में योजना के निरंतर सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई पहल की हैं। इनमें योजना के लिए स्टांप शुल्क माफ करने का कैबिनेट निर्णय, लक्षित आबादी तक पहुंचने के लिए विधायकों और सांसदों जैसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को शामिल करना और विभिन्न बैठकों के माध्यम से योजना के महत्व के बारे में यूएलबी और बैंकों जैसे हितधारकों को जागरूक करना शामिल है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री सहित सरकार के उच्चतम् स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकों ने भी वांछित परिणाम प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त, लक्ष्य समूह के बीच जागरूकता पैदा करने और सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभ सुनिश्चित करने के लिए, बड़े पैमाने पर आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां शुरू की जा रही हैं। इन गतिविधियों में समाचार पत्र के विज्ञापन, डिजिटल मीडिया कवरेज, सभी यूएलबी में पत्रक वितरण, रेडियो जिंगल का प्रसारण, बाजार क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक और होर्डिंग्स शामिल हैं। सड़क विक्रेताओं को डिजिटल लेनदेन के लाभों और समय पर ऋण चुकौती के बारे में शिक्षित करने के लिए यूएलबी में वित्तीय साक्षरता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना को लागू करने में असम का उत्कृष्ट प्रदर्शन राष्ट्र के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य करता है, जो समर्पण और सटीकता के साथ क्रियान्वित होने पर सरकारी पहल की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करता है। यह अधिक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को पुष्ट करता है, जहां जमीनी स्तर की अर्थव्यवस्था फलती-फूलती है।

## एनडीए विधायकों के ...

इस दौरान सभी सहयोगी विधायकों को आश्वस्त कराया कि उनके क्षेत्रों की हर प्रकार की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। असम का सर्वांगीण विकास करना भाजपा सरकार के प्रतिबद्धता है।

## एक देश एक चुनाव...

में भाग लेंगे। समिति का गठन पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को समिति के गठन की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि अभी एक समिति का गठन किया गया है। समिति की एक रिपोर्ट सामने आएगी जिस पर चर्चा की जाएगी। संसद परिपक्व है, और चर्चा होगी, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, यहां हमेशा विकास होता है। मैं संसद के विशेष सत्र के एजेंडे पर चर्चा करूंगा।

## संसद के विशेष सत्र ...

कुछ भी नहीं कहा गया है । हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधनी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है। जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने को लेकर आशान्वित हूं। अपनी पोस्ट के साथ जोशी ने एक्स पर संसद के पुराने भवन के साथ ही नए भवन की तस्वीर भी साझा की है। सूत्रों के अनुसार, विशेष सत्र के दौरान संसदीय कामकाज नए संसद भवन में स्थानांतरित हो सकता है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मई को किया था। संसद के नए भवन से जुड़े निर्माण कार्यो को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि यह सत्र की मेजबानी के लिए तैयार हो सके। आमतौर पर संसद के तीन सत्र होते हैं। इसमें बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र शामिल हैं। विशेष परिस्थितियों में संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने का प्रविधान है। संसद का मानसून सत्र 11 अगस्त को समाप्त हुआ था। हाल में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अमृत काल के दौरान भारत के लक्ष्य भी विशेष सत्र में चर्चा का हिस्सा हो सकते हैं। विशेष सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं होने के बीच ऐसी अटकलें हैं कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मोदी सरकार कोई विधेयक पेश कर सकती है।

## पीएसएलवी से अलग...

मिशन निदेशक बीजू भी मौजूद थे। सोमनाथ ने कहा कि अब से आदित्य एल1 सूर्य की ओर 125 दिन की लंबी यात्रा पर जाएगा। शाजी ने कहा कि पीएसएलवी ने अंतरिक्ष यान को हमेशा की तरह त्रुटिहीन तरीके से कक्षा में स्थापित किया और सौर पैनल तैनात हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आदित्य एल1 ने सूर्य की 125 दिन की लंबी यात्रा शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने शनिवार की उपलब्धि को शानदार पल बताया और अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। सूर्य गैस का एक विशाल गोला है और आदित्य-एल1 इसके बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगा। इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 न तो सूर्य पर उतरेगा और न ही इसके करीब जाएगा।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति ...

इस असाधारण उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई देती हूं। मिशन की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं। उपराष्ट्रपति ने एक ट्वीट संदेश में कहा कि भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 का सफल प्रक्षेपण हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक शानदार नया अध्याय खोलता है! मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई देता हूं। यह शानदार उपलब्धि निश्चित रूप से सौर मंडल के बारे में हमारी समझ में भरपूर योगदान देगी। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है। भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे।

## बालासोर मामला : सीबीआई ...

धाराओं के तहत उन्हें पकड़ा गया, वे सबूत नष्ट करने और गैर इरादतन हत्या से संबंधित हैं। ट्रेन हादसे की जांच में पुष्टि हुई थी कि सिग्नल और दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों की गलती और लापरवाही के कारण दो जून को दुखद दुर्घटना हुई थी। दो जून को ओडिशा के बालासोर जिले के बहनागा बाजार स्टेशन पर कोरोमंडल एक्सप्रेस ने स्टेशन की लूपलाइन पर खड़ी एक मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के आखिरी दो डिब्बे, जो उसी समय डाउन लाइन (हावड़ा की ओर) से गुजर रहे थे, कोरोमंडल एक्सप्रेस के पटरी से उतरे डिब्बों से टकरा गए और पलट गए।

## सनातन धर्म मलेरिया...

के लिए इस सम्मेलन में मुझे बोलने का मौका देने के लिए मैं आयोजकों को धन्यवाद देता हूं। आगे बोलते हैं कि मैं सम्मेलन को *सनातन धर्म का विरोध* करने के बजाय *सनातन धर्म को मिटाओ* कहने के लिए आयोजकों को बधाई देता हूं। उनके बोल यहीं नहीं रुके आगे उदयनिधि स्टालिन बोले कि कुछ चीजें हैं जिनका हमें उन्मूलन (समाप्त) करना है और हम केवल विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना, ये सभी चीजें हैं जिनका हम विरोध नहीं कर सकते, हमें इन्हें मिटाना है और सनातन धर्म भी ऐसा ही है। सनातनम को खत्म करना और उसका विरोध न करना हमारा पहला काम होना चाहिए। तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन कई दफा हिंदी के खिलाफ बोल चुके हैं। उन्होंने कहा कि द्रमुक और कांग्रेस का राज्य में चुनावी गठबंधन है। लोगों से 2024 के संसदीय चुनावों में द्रमुक और उसके सहयोगियों को वोट देने की भी अपील की।

## पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल ...

311.84 रुपए प्रति लीटर हो गया है। केरोसिन या हल्के डीजल तेल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 290.45 रुपए लीटर से बढ़कर 305.36 रुपए लीटर हो गई है। इसके अलावा, 293.40 रुपए लीटर की कीमत पर बिक रहे डीजल की कीमत 18.44 रुपए इजाफे के साथ 311.84 रुपए प्रति लीटर हो गई। गौरतलब है कि इससे पहले 15 अगस्त को भी कीमतों में 20 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी गई थी और उसके बाद एक बार फिर दामों को बढ़ाया गया है। अंतरबैंक बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को 1.09 रुपए की गिरावट जारी रही। वर्तमान में एक डॉलर की कीमत 306 पाकिस्तानी रुपए के बराबर है। वहीं, कार्यवाहक व्यवस्था लागू होने के बाद से रुपए में 4.6 फीसदी की गिरावट आई है। अगस्त तक रुपए में 6.2 फीसदी की गिरावट आई है। इस बीच, स्थानीय समाचार पत्र डॉन ने हाल ही में रिपोर्ट दी है कि 17 अगस्त तक मुद्रास्फीति साल-दर-साल के आधार पर 27.57 प्रतिशत बढ़ी है, जिसका मुख्य कारण पेट्रोलियम की कीमतों में हुई वृद्धि है।

## चीन के विवादित ...

कहा है कि वो चीन का हिस्सा नहीं है। चीन ने मैप को लेकर चल रहे विवाद पर गुरुवार को कहा कि संबंधित पक्ष को इस मुद्दे की जरूरत से ज्यादा व्याख्या करने से बचना चाहिए और इसे तर्कसंगत तरीके से देखा जाना चाहिए। बता दें कि स्टैंडर्ड मैप में चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया है जिस पर भारत ने राजनयिक स्तर पर चीन से अपना विरोध दर्ज किया है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा है कि बेतुके दावे करने से किसी दूसरे का क्षेत्र अपना नहीं हो जाता। भारत के इस विरोध पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि 28 अगस्त को चीन के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने 2023 का स्टैंडर्ड मैप जारी किया। चीनी कानून के मुताबिक संप्रभुता के तहत यह एक नियमित प्रक्रिया है इशलिए संबंधित पक्ष इसे लेकर जरूरत से ज्यादा व्याख्या करने से बचे।


## प्रतापगढ़ में महिला...

सदस्यीय जांच कमेटी भी गठित की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि महिला की शादी डेढ़ साल पहले गांव के युवक के साथ हुई थी। महिला को शादी के छह महीने बाद पड़ोस के गांव ऊपला कोटा का युवक भगा ले गया था। महिला सालभर बाद 30 अगस्त को उस युवक के साथ वापस लौटी तो उसके ससुराल वाले उसे जबरन अपने गांव पहाड़ ले आए। इसके बाद पति ने गांव वालों के सामने ही उसके कपड़े उतारे और निर्वस्त्र कर घुमाया। वायरल वीडियो में वह चीखते हुए छोड़ देने की गुहार लगा रही है। इस दौरान गांव के कई लोग मौजूद रहते हैं, लेकिन कोई उसे नहीं रोकता है। पीड़िता छह महीने की गर्भवती है। महिला ने एक सितंबर की देर रात धरियावाद थाने में शिकायत दी है। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि शुक्रवार को महिला के पति और तीन आरोपियों को उनके गांव के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। शेष आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित महिला और आरोपी आदिवासी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रतापगढ़ के धरियावद पहुंचे। उन्होंने पीड़ित महिला एवं उसके परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। गहलोत ने पीड़ित महिला को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घटना के संज्ञान में आते ही एडीजी क्राइम को मौके पर जाकर इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए थे तथा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर थाना धरियावद में आईपीसी की संबंधित धाराओं, स्त्री अशिष्ट नियंत्रण अधिनियम व आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को नामजद कर जांच पडताल प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन, संभागीय आयुक्त धरियावद, आईजी बांसवाड़ा रेंज एस परिमला, कलेक्टर इंद्रजीत यादव, एसपी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आरोपियों को नामजद कर इनकी गिरफ्तारी के लिए 30 टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने 12 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी कान्हा पुत्र लालिया, नाथू पुत्र नगजी मीणा, वेणिया पुत्र भेरा निवासी पहाड़ निचला कोटा व एक बाल अपचारी को डिटेन कर सात आरोपियों पिंटू पुत्र भेरिया, खेतिया पुत्र लेम्बिया मीणा, मोती लाल पुत्र रामा मीणा, पुनिया पुत्र बाबरिया मीणा, केसरा पुत्र मानेंग मीणा, सूरज पुत्र केसरा एवं नेतिया पुत्र पांचिया निवासी पहाड़ निचला कोटा थाना धरियावद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन के पर्यवेक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईयूसीएडब्ल्यू प्रतापगढ़ ऋषिकेश मीणा, सीओ धरियावद धनफूल मीणा, सीओ मावली उदयपुर कैलाश कुंवर, एसएचओ धरियावद पेशावर खान और महिला कांस्टेबल साइबर थाना प्रतापगढ़ पूजा की पांच सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आईजी बांसवाड़ा रेंज और एसपी प्रतापगढ़ के सुपरविजन में गठित एसआईटी घटना की समस्त पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय को सौंपेगी तथा तकनीकी व वैज्ञानिक रूप से साक्ष्य संकलन कर प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण करेगी। मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने इस पूरे मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रिपोर्ट आयोग के समक्ष पेश करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पुलिस महानिदेशक से पांच दिन में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहान रियाज अन्य सदस्यों के साथ प्रतापगढ़ पहुंच रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजस्थान आने से पहले कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रतापगढ़ का वीडियो चौंकाने वाला है, राजस्थान में शासन व्यवस्था पूरी तरह से नदारद है। मुख्यमंत्री और मंत्री गुटीय झगढ़ों को निपटाने में व्यस्त हैं और बचा हुआ समय दिल्ली में एक राजवंश को खुश करने में व्यतीत हो रहा है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि राज्य में महिला सुरक्षा के मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। आए दिन महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की कोई न कोई घटना सामने आती रहती है। राजस्थान की जनता राज्य सरकार को सबक सिखाएगी। इसी मामले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने तीन सदस्यीय समिति बनाई है, जो मौके पर पहुंच कर रिपोर्ट पेश करेगी। समिति में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दीयाकुमारी, प्रदेश मंत्री कृष्णा कटारा और सोजत विधायक शोभा चौहान को शामिल किया गया है। स्थानीय विधायक नगराज मीणा ने कहा कि इस घटना की निंदा जितनी भी की जाए वह कम होगी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस घटना की निंदा की है। साथ ही लोगों से अपील की है कि वे इस वीडियो को शेयर या पोस्ट न करें। उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने भी एक्स पर मुख्यमंत्री गहलोत से कानून व्यवस्था को लेकर सवाल किया है।

## आरक्षण की मांग ...

स्टेट ट्रांसपोर्ट की एक बस को भी प्रदर्शनकारियों ने खाक कर दिया। धुले-सोलापुर हाईवे पर महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट की एक बस को प्रदर्शनकारियों ने रोका। बस में 43 यात्री सवार थे। बस बीड जा रही थी जब प्रदर्शनकारियों ने जबरन रोक तोड़फोड़ की। बस के ड्राइवर ने कहा कि उग्र लोगों को समझाने की कोशिश की। हाथ-पैर जोड़े लेकिन फिर भी नहीं बख्शा। यात्री डर गए थे। वे सीटों के नीचे छिपने की कोशिश कर रहे थे लेकिन बस को खाली करा दिया और फिर बस में आगजनी की।

## स्वर्वेद भाष्य





**पंचम मंडल** **तृतीय अध्याय अध्याय**

**अथर्ववेद कांड-10, सूक्त-7 स्कम्भ का स्वरूप विषयक प्रश्नों के उत्तर**

**(11)**

**उत्तर व्रत तप जाहि में, प्राक्रम आश्रय जाहि।**
**सत्य श्रद्धा जग जीवगण, मुक्त जीव जेहि माहिं॥ 33॥**

**शब्दार्थ :** (प्राक्रम) पुरुषार्थ, बल।

**भाष्य :** उत्तर व्रत, तप, पराक्रम, सत्य, श्रद्धा और संसार के समस्त जीव एवं मुक्त जीव, जिसके आश्रित हैं।

**सर्व ज्ञान है सोम रस, आश्रित सब एक संग।**
**परम देव अस्कम्भ है, व्यापक सर्व असंग॥ 34॥**

**शब्दार्थ :** (असंग) संगरहित।

**भाष्य :** सर्व ज्ञान, सोमरस, सब एक साथ जिसके आश्रित हैं, वह असंग सर्वव्यापक परमदेव स्कंभ हैं।

## एआर ने चार साल में 42 सौ करोड़ के ड्रग्स पकड़े : डीजी

### अब तक कुल 1,135 करोड़ के ड्रग्स जब्त

**शिलांग ( हिंस )।** असम राइफल्स के महानिदेशक पीसी नायर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में असम राइफल्स ने 42 सौ करोड़ रुपए से अधिक का ड्रग्स जब्त किया है। उन्होंने कहा कि सीमा की रखवाली करने के अलावा, असम राइफल्स ने अवैध ड्रग्स और अवैध हथियारों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा है। पिछले चार वर्षों में 4,267 करोड़ रुपए के ड्रग्स जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिबंधित पदार्थ पकड़ने में काफी सफलता मिली है। 2020 में हमने 875 करोड़ रुपए की अवैध ड्रग्स जब्त की। 2021 में 1,402 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गईं। वर्ष 2022 में 855 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गईं। 2021 और 2022 के बीच काफी अंतर है। भारत-म्यांमार सीमा पर हो रही लड़ाई के कारण ऐसा हो सकता है। म्यांमार की सेना पीडीएफ (पीपुल्स डिफेंस फोर्स), सीएनए के खिलाफ लड़ रही थी और उसी वजह से ड्रग्स आदि प्रतिबंधित पदार्थों की सप्लाई में कमी आई थी। महानिदेशक ने कहा कि असम राइफल्स ने इस साल में ही 1,135 करोड़ रुपए के ड्रग्स जब्त किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में आधुनिक हथियार और उपकरण भी खरीदे गए हैं। जिनमें थर्मल इमेजर, नाइट विजन डिवाइस, बुलेटप्रूफ जैकेट, हल्के बुलेटप्रूफ हेलमेट, ड्रोन, माइन प्रोटेक्शन वाहन, गैर-घातक हथियार आदि। डीजी असम राइफल्स ने असम राइफल्स में महिला सैनिकों की भागीदारी के बारे में उल्लेख किया, और कहा कि वे वर्तमान में सूडान और कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन में हैं। दो बटालियन जम्मू-कश्मीर में हैं और वे अभूतपूर्व काम कर रही हैं।

## ईएनएनओ उग्रवादी ने किया आत्मसमर्पण



**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर में प्रतिबंधित उग्रवादी समूह ईस्टर्न नगा नेशनल एसोसिएशन (ईएनएनओ) के एक कुख्यात कैडर ने असम राइफल्स के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। ईएनएनओ कैडर ने अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में 11 असम राइफल्स के कमांडेंट कर्नल विवेक त्रिपाठी सहित कई शीर्ष अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले की पहचान एसएस प्राइवेट मुक्तोधन चकमा के रूप में हुई है। उग्रवादी ने आत्मसमर्पण के दौरान एक प्वाइंट 32 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस समर्पित किया। आत्मसमर्पण करने वाला उग्रवादी देबान अंचल के कमलापुरी का निवासी है। उसने अपने परिवार के सदस्यों के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आत्मसमर्पण किया है। उग्रवादी ने भविष्य में फिर से हथियार नहीं उठाने का भी वादा किया। दूसरी ओर, मणिपुर में सेना और असम राइफल्स के एक संयुक्त अभियान में एनएससीएन (आईएम) के एक सक्रिय कैडर को पकड़ा गया। उसके पास से एक 9 एमएम की कार्बाइन और 5 राउंड गोलियां बरामद की गई हैं। एनएससीएन के 52 वर्षीय कैडर का नाम शिनिंग्सन सिलनाक है। उसका घर पूर्वी इंफाल जिले के श्वमबुंग में है।

## करीमगंज में जमीन के नीचे से ज्वलनशील गैस का रिसाव

**करीमगंज ( हिंस )।** करीमगंज के पथारकांदी निर्वाचन क्षेत्र के डेंगारबंद ग्राम पंचायत के अंतर्गत गोपालपुर गांव में कई स्थानों पर मिट्टी के नीचे से गैस निकल रही है। इस गैस के निकलने से आग लगातार जल रही है। इस घटना से अब इलाके में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों ने घटना की जांच करने और जल्द से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोपालपुर गांव के एक विशाल क्षेत्र में लंबे समय से पानी के नीचे से गैस निकल रही है। स्थानीय लोगों ने पानी के अंदर बांस में आग लगा दी। सर्दियों के दिनों में, अभी की तुलना में अधिक आग होती है। उल्लेखनीय है कि करीब 30 साल पहले ओएनजीसी के मार्गदर्शन में भारी मात्रा में पानी और मिथेन गैस क्षेत्र में मिला था। ऐसा माना जाता है कि क्षेत्र में खनिजों की भरमार है। जिला प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करती है उसपार सभी की नजरें टिकी हुई है।

## पहली बार सिंधी लेडीज ने मनाया तीज का त्योहार



**गुवहाटी ( विभास )।** सिंधी लेडीज नामक संस्था ने पहली बार तीज के त्योहार पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजीत किया। सिंधी तीजरी के मौके पर सिंधी लेडीज की सदस्याओ ने प्री-तीजरी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सभी उम्र की महिलाओं ने पुरे उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया। इस दौरान सभी ने सामूहिक रूप से अपनी परंपरा को संजोते हुए सावन के गीत, झूला, मेहंदी सहित कई तरह के मनोरंजन भारी खेल खेले। क्रार्यक्रम में सोलह सिंगार कर आई महिलाओं को तीज क्वीन के खिताब से नवाजा गया गया। शोभा खेमानी, पूनम रुपानी, कोमल करमचंदानी और सांची गुरबानी विजेता बनी। सभी महिलाओं ने पारंपरिक लेहंगा, साड़ी पहन कर रेंप वाक भी किया। कार्यक्रम का सभी ने जमकर आनंद उठाया आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सभी महिलाओं का भरपूर सहयोग रहा।

## एसपी सिद्धार्थ को सीआईडी ने किया तलब



**गुवाहाटी ( हिंस )।** बजाली के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बूढ़ागोहाईं को सीआईडी में तलब किया गया। पुलिस अधिकारी को शुक्रवार रात को पूछताछ के लिए सीआईडी कार्यालय में बुलाया गया था। पता चला है कि सिद्धार्थ बूढ़ागोहाईं को रात में स्वास्थ्य जांच के लिए भी ले जाया गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को सुपारी माफिया से पैसे मांगने के आरोप में सीआईडी ने बजाली के डीएसपी समेत कई पुलिस अधिकारियों को हिरासत में लिया था। सिद्धार्थ को बाद में दोपहर के समय असम पुलिस मुख्यालय में स्थानांतरित (लाइन हाजिर) कर दिया गया था। पुलिस अधिकारी अजगवरन बसुमतारी को सिद्धार्थ की जगह बजाली का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। रात होते-होते बजाली के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बूढ़ागोहाईं को भी सीआईडी के समक्ष पेश होना पड़ा। हालांकि, यह पता चला है कि सिद्धार्थ को सीआईडी ने कई अन्य किसी केश में तलब किया है, लेकिन सीआईडी अभी भी उन मुद्दों को छुपाए हुए है। उल्लेखनीय है कि इस सिलसिले में राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कल बताया था कि सुपारी माफिया से पैसे लेने की भनक मिलने पर इसमें शामिल पुलिस वालों को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया गया था। लेकिन, अभियान की भनक लगने की वजह से सभी सतर्क हो गए और इसमें कोई फंसा नहीं। आखिरकार, शिकायत को लेकर सीआईडी में एक मामला दर्ज किया गया और उसी के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि वह चाहे जितना भी बड़ा पुलिस अधिकारी हो वह बच नहीं सकता है। पहले का जमाना गया जब पुलिस दादागिरी करके जो भी मर्जी कर लेती थी। अब वह नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीजीपी ने जो कुछ भी कहा है मेरी इच्छा के अनुसार ही कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने डीजीपी को फुल पावर दे रखा है। ऐसी आशा की जा रही है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बूढ़ागोहाईं किसी भी वक्त गिरफ्तार हो सकते हैं।

## खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर छात्र संस्था का विरोध-प्रदर्शन



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया आंचलिक छात्र संस्था ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने में आपूर्ति मंत्री रंजीत कुमार दास को विफल बताते हुए इसके विरोध में बुधवार को रंगिया शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में छात्र संस्था के कार्यकर्ताओं ने रंगिया आंचलिक छात्र संस्था कार्यालय के सामने आपूर्ति मंत्री की व्यर्थता को दर्शाया और विभिन्न स्लोगन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया। अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के सलाहकार हेमंत दास, सांस्कृतिक सचिव तौफीकुर रहमान, रंगिया महकमा छात्र संस्था के प्रभारी अध्यक्ष जीतू डेका, रंगिया आंचलिक छात्र संस्था के अध्यक्ष मृण्मय कुमार डेका, मुख्य सचिव ज्योति नवज्योति कुमार, सलाहकार श्यामंत कलिता के नेतृत्व में छात्र संस्था के कार्यकर्ताओं ने रंगिया के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर आपूर्ति मंत्री रंजीत दास की कथित विफलता का नारों और बैनर आदि के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर उपस्थित होकर अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के सलाहकार हेमंत दास ने कहा कि मुल्य वृद्धि को कम करने में भाजपा सरकार सम्पूर्ण रूप से व्यर्थ है। सरकार खाद्य सामग्री के मूल्य में वृद्धि कर आम लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। आपूर्ति मंत्री रंजीत दास का मूल्यवृद्धि करने वाले व्यापारियों को कीमतें बढ़ाने से न रोकना उनकी विफलता को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की कीमत में कटौती नहीं की गई तो छात्र संस्था और भी अधिक उग्र प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के सांस्कृतिक सचिव तौफीकुर रहमान ने कहा कि आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों की बढ़ोतरी ने आम जनता को संकट में डाल दिया है। सरकार जनता का ख्याल न कर टोल गेट बैठाकर पुन: आम लोगों के लिए कर का बोझ डालने का सोच रही है। उन्होंने कहा कि मूल्यवृद्धि कम करने में आपूर्ति मंत्रालय की विफलता बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस विरोध कार्यक्रम के माध्यम से रंगिया आंचलिक छात्र संस्था के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शित किया कि जबतक मूल्य वृद्धि कम नहीं हो जाती, तब तक छात्र संस्था शांत नहीं रहेंगे, वे आगे और अधिक तीव्र विरोध कार्यक्रम करने के लिए बाध्य होंगे।

## शिलान्यास स्थल पर बैठने का मेज न मिलने पर भड़के विधायक शेरमन अली



**नगरबेड़ा ( विभास )।** बाघबर विधानसभा क्षेत्र से विधायक शेर्मान अली अहमद एक बार फिर सुर्खियों में हैं। बरपेटा जिले के बाघबर निर्वाचन क्षेत्र से बहुचर्चित विधायक शेर्मान अली अहमद गुरुवार को उस समय भड़क गए जब वह निर्वाचन क्षेत्र के आलोपति में विकास कार्यों की आधारशिला रखने पहुंचे। विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आलोपति माजरचर में कई विकास कार्यों का शिलान्यास करने पहुंचे विधायक शेर्मान अली ने आलोपति में उप स्वास्थ्य केंद्र के 52 लाख रुपए की लागत से बन रहे मकान के निर्माण स्थल पर टेंट की व्यवस्था नहीं की। मंडिया प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी गुणजीत दास, कनिष्ठ अभियंता जॉन बर्मन और बीपीएम खांडकर मोजिबुर रहमान उन पर शेर्मान ने चिल्लाकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की और विधानसभा के पटल पर सवाल उठाने की धमकी दी. एक कदम आगे बढ़ते हुए विधायक शेर्मान अली भटनापैटी बेसिक हेल्थ सेंटर में जमीन आवंटित करने के नाम पर आगे बढ़ेंगे वह मियां जात के बारे में बात करने के लिए भद्दे बयान भी देते हैं। उल्लेखनीय है कि आलोपति उप स्वास्थ्य केंद्र के परित्यक्त जर्जर मकान के स्थान पर जलभराव के कारण कल सुबह तक मशीन लगाकर पानी का छिड़काव करना पड़ा था। ऐसे में उक्त स्थान पर टेंट लगाने का माहौल नहीं था। एक साधारण से मुद्दे पर सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सार्वजनिक दुर्व्यवहार से उपस्थित हर कोई हैरान है। इस बीच, विधायक के अशिष्ट व्यवहार के वीडियो एकत्र करने वाले पत्रकारों पर भी अभद्र व्यवहार का उपयोग करने का आरोप लगाया गया। यह पता चला है कि विधायक ने गुरुवार को आलोपति उप-स्वास्थ्य केंद्र, कलैरडिया पक्की रोड और माजरचर में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में एक नए घर के निर्माण के लिए आधारशिला रखी। लोगों के एक वर्ग ने कहा है कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों और आम जनता के साथ दुर्व्यवहार कर खबरों की सुर्खियों में बने रहने की चाहत रखने वाले विधायक शेर्मान अली का ऐसा अशिष्ट व्यवहार एक जनप्रतिनिधि के तौर पर उनकी बात शोभा नहीं देता है।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय साहित्य उत्सव का आयोजन 29 से

**गुवाहाटी ( हिंस )।** साहित्यिक अभ्यास के मुख्य केंद्र के रूप में भारत के ज्ञान और परंपरा को फिर से स्थापित करने के दूरगामी लक्ष्य के साथ गुवाहाटी में एक राष्ट्रीय साहित्य उत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन शंकरदेव शिक्षा रिसर्च फाउंडेशन और प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय द्वारा 29 सितंबर से तीन दिनों तक किया जाएगा। महोत्सव में उत्कृष्ट साहित्यिक कार्यों और उभरते युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए दो श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए जाएंगे। साहित्य महोत्सव की जानकारी शनिवार को दिसपुर प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष फनींद्र कुमार देवचौधरी तथा महासचिव बिक्रम कलिता ने दी। तीन दिवसीय कार्यक्रम गुवाहाटी में जिला पुस्तकालय और असम साहित्य सभा भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव इतिहास, संस्कृति, अनुवाद साहित्य, प्रकृति, सिनेमा, कविता, परंपरा और विरासत पर केंद्रित होगा। विभिन्न सेमिनारों, व्यक्तियों के गहन विश्लेषण आदि के माध्यम से भारतीय विरासत की मजबूत और समृद्ध नींव को युवा पीढ़ी के सामने उजागर किया जाएगा।

## नगरबेड़ा में रिवर पुलिस व वन अधिकारियों का सफल अभियान



**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगरबेड़ा नदी आरक्षित वन कार्यालय ने अवैध रेत और तस्करी की लकड़ी के खिलाफ फिर से अभियान चलाया है। शिवाशिष चांडिल्य द्वारा अभियान में तस्करी की लकड़ी की डिक्की सहित वन अधिकारियों की टीम ने अवैध रेत लदी बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। इस दौरान बालिझर बरुवा हिल्स और हरिपुर में अवैध लाल रेत से भरी दो बोलेरो गाड़ी जब्त की गई। वन कर्मियों की टीम ने वाहनों को जब्त कर लिया जब दो बोलेरो वाहन नंबर एएस 01-एलसी 7972 और एएस 25-बीसी 4733 अवैध लाल रेत ले जा रहे थे। दूसरी ओर शाल लकड़ी का कुंडा से भरे वाहनों की संख्या एएस01-सीसी-8852 है। लकड़ी को लगभग एक सेप्टी कहा जाता है। हालांकि, वन कर्मियों की टीम अलग-अलग अभियानों में शामिल किसी भी व्यक्ति को पकड़ने में सक्षम नहीं है। सूत्रों ने कहा कि अवैध तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जब्त की गई शालकाठ से लदी कार और बालू लदे वाहन को बाद में नगरबेड़ा वन कार्यालय लाया गया।

## प्रज्ञा फाउंडेशन कामरूप जिला ने मनाया रक्षाबंधन

**रंगिया ( विभास )।** प्रज्ञा फाउंडेशन कामरूप जिला के सौजन्य से रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था के कार्यकर्ताओं ने रंगिया स्वस्ति अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सो सहित चिकित्सालय में कार्यरत कर्मचारियों के अलावा देश की सेवा में लगे एस एस बी के जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। कार्यक्रम में पुथिमारी महाविद्यालय छात्र एकता सभा की की अध्यक्षा नवनीता कलिता, मुख्य सचिव शिखरमनी शर्मा, पूव कामरूप महाविद्यालय छात्र एकता सभा के सह मुख्य सचिव प्रिंस कलिता तथा प्रिया डेका, सुनिया डेका, चंपक नाथ, हिमाश्री देवी और नार्गिज अहमद सहित बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रंगिया में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन 6 को



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के एकमात्र श्री श्री विष्णु मंदिर प्रांगण में आगामी 6 सितंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम के साथ भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी का आयोजन किया जाएगा- यह जानकारी आयोजन समिति द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया है कि कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 10 बजे ध्वजारोहण, आयती द्वारा नाम प्रसंग और संदीप कलिता स्मारक चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं इसदिन संध्या 7 बजे महिलाओं के नागरा नाम कार्यक्रम का उद्घाटन रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता करेंगे। इस उपलक्ष्य में दिनेश चंद्र महंत अध्यक्ष, अच्युत कलिता कार्यवाही अध्यक्ष और जयंत दास को सचिव के रूप में लेकर एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रगति संघ प्रांगण में एक दिवसीय कार्यक्रम के साथ जन्माष्टमी का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## रंगिया में हर्षोल्लास के साथ झूलनोत्सव संपन्न



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया नगर के मध्य स्थापित आस्था का प्रतीक श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रागंण में आयोजित पाँच दिवसीय श्री श्री राधाकृष्ण झूलनोत्सव बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा रात्रि 9.30 बजे समापन समारोह का आयोजन किया गया। मंदिर संचालन समिति तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह का मंच संचालन सचिव प्रमोद अग्रवाल ने किया। बहुत से समाजबंधुओं की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यक्ष महेश सिकरिया ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और आगे भी इसी तरह सभी के सहयोगिता की कामना की। कार्यक्रम के दौरान इसवर्ष आयोजित महोत्सव की समीक्षा और कार्यकर्ताओ का अभिनन्दन किया गया। महोत्सव आयोजन समिति के सचिव प्रमोद अग्रवाल, संयोजक पवन जाजोदिया, सह-सचिव जितेंद्र जाजोदिया, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सह सभी समाजबंधुओं और उपस्थित समाज की विभिन्न स्वेच्छा सेवी समितियों को महोत्सव के सफल आयोजन में सहयोगिता प्रदान करने के हेतु धन्यवाद दिया गया। तत्पश्चात महोत्सव आयोजन समिति द्वारा महोत्सव में उत्कृष्ट सेवा के लिए बहुत से कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का फुलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया। इसके अलावा सभी श्रमिकों जिन्होंने झूलनोत्सव में मनतन लगाकर महोत्सव को सफल बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनका भी अभिनंदन किया गया। सचिव अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ महोत्सव के समापन की घोषणा की गई।

## मेघालय में छह करोड़ की हेरोइन के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**शिलांग ( हिंस )।** मेघालय में आज 6 करोड़ रुपए कीमत की हेरोइन के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल हैं। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा द्वारा ट्वीट कर दी गई जानकारी के अनुसार आज एक अभियान में मेघालय की एक पुलिस ने 4 अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों के पास से 6 करोड़ रुपए कीमत की हेरोइन और एक मारुति कार जब्त की गई। मुख्यमंत्री ने इसके लिए डीजीपी एलआर विश्नोई और उनकी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ चल रहा अभियान लगातार जारी रहेगा, क्योंकि युवाओं को नशे से बचाया जाना है।

## एक जिला एक गतिविधि के तहत मुफ्त मधुमेह जांच और जागरूकता शिविर का आयोजन




**गुवाहाटी।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322जी, एक जिला एक गतिविधि के तहत, लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी रिवरव्यू ने लायंस क्लब ऑफ उमानंद के साथ संयुक्त रूप से जिला आयुक्त कार्यालय, दरांग परिसर में एक मुफ्त मधुमेह जांच और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। दोनों क्लबों के 15 से अधिक सदस्य उपस्थित थे। डॉक्टरों की टीम, डॉ. प्रशांत गोस्वामी मेडिसिन, डॉ. अली अहमद सर्जरी, डॉ. अफीजुल हक ईएनटी, डॉ. संगीता दास मेडिसिन, डॉ. जीतेंद्र सहारिया सर्जरी, डॉ. एलोरा चौधरी ईएनटी सर्जन के साथ 3 नर्स, 2 तकनीशियन, 3 फार्मासिस्ट और 2 कमोडिटी हेल्थ ऑफिसर ने डिलीवरी कराई। शिविर में 435 से अधिक लोगों को उनकी सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें से 70 लोगों को उच्च रक्तचाप, 176 लोगों को मधुमेह, 40 लोगों को नेत्रश्लेष्मलाशोथ और 30 लोगों को पीयूएस (अम्लता) का पता चला। डॉक्टरों ने उन्हें दवाएं दीं और आगे की समीक्षा के लिए कहा। पूरा कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. संगीता सहारिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन रांटू डेका के साथ अन्य सदस्यों लायन मृगांका, लायन संजीव सिंह, लायन ताराशंकर ने इसे सफल बनाने में बहुत अच्छा काम किया। इसकी जानकारी हमें जनसंपर्क अधिकारी लायन सोनिया अग्रवाल ने दी. इस संबंध में लायंस क्लब ऑफ रिवरव्यू की अध्यक्ष लायन संगीता सहरिया ने पूरी टीम और सभी डॉक्टरों को उनके समर्थन और संयुक्त प्रयास के लिए धन्यवाद दिया।

# उप्र में कई आईएएस अधिकारियों के तबादले, बदले गए नौ जिलों के जिलाधिकारी




**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने देर रात कई आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में नौ जिलों के जिलाधिकारी भी शामिल हैं। शासन द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार बिजनौर के जिलाधिकारी उमेश मिश्र को कुशीनगर का डीएम बनाया गया है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर को संतकबीर नगर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। रामपुर के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मन्दार को उसी पद पर बिजनौर भेजा गया है। बस्ती की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को मीरजापुर का डीएम बनाया गया है। उनके स्थान पर मीरजापुर की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को बस्ती भेजा गया है। एटा के डीएम अंकित अग्रवाल रामपुर के नये जिलाधिकारी नियुक्त हुए हैं और भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के सीईओ प्रेम रंजन सिंह एटा के नए जिलाधिकारी होंगे। इसी तरह ललितपुर के जिलाधिकारी आलोक सिंह को कानपुर देहात का डीएम बनाया गया है। उनकी जगह आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विशेष सचिव अक्षय त्रिपाठी को ललितपुर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। कानपुर देहात की जिलाधिकारी नेहा जैन को आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में सचिव बनाकर भेजा गया है। इसके अलावा वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों में हेमंत राव को राजस्व परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह पद 30 अगस्त को संजीव मित्तल के सेवानिवृत्त होने से रिक्त हो गया था। वहीं प्रतीक्षारत सुभाष चन्द्र शर्मा को प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

# अखिलेश ने केंद्र सरकार के 'एक देश-एक चुनाव' को लेकर दी प्रतिक्रिया



**लखनऊ, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने एक देश-एक चुनाव करवाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। समिति के सदस्यों के नाम तय करके जल्द ही अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। सरकार के इस फैसले को लेकर अपनी विपक्षीय दलों की ओर से इसका विरोध शुरू हो गया है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर इस मामले में ट्वीट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्विट किया है। इसमें उन्होंने कहा कि हर बड़े काम को करने से पहले एक प्रयोग किया जाता है। इसी बात के आधार पर हम ये सलाह दे रहे हैं कि एक देश-एक चुनाव करवाने से पहले भाजपा सरकार, इस बार लोकसभा के साथ-साथ देश के सबसे अधिक लोकसभा व विधानसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश के लोकसभा-विधानसभा के चुनाव को साथ कराके देख ले। इससे एक तरफ चुनाव आयोग की क्षमता का भी परिणाम सामने आ जाएगा और जनमत का भी। साथ ही भाजपा को ये भी पता चल जाएगा कि जनता किस तरह भाजपा के खिलाफ आक्रोशित है और उसको सत्ता से हटाने के लिए कितनी उतावली है।

# पेशकार पर जानलेवा हमला मामले में डीसी और एसएसपी को हाई कोर्ट में उपस्थित का होने का निर्देश



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय के न्यायालय के पेशकार राकेश कुमार पर शुक्रवार शाम को हुए जानलेवा हमला मामले की शनिवार को सुनवाई हुई। मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव और डीजीपी उपस्थित रहे। हाई कोर्ट ने इस मामले में सोमवार यानी चार सितंबर को अगली सुनवाई निर्धारित करते हुए जमशेदपुर के डीसी एवं एसएसपी को वर्चुअल मोड में कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट को बताया गया कि राज्य के 20 सिविल कोर्ट और 4 सब डिविजनल कोर्ट में 3293 सीसीटीवी लगाया जाएगा। सीसीटीवी लगाने की पूरी प्रक्रिया इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक पूरी हो जाएगी। घटना के संबंध में कोर्ट को महाधिवक्ता ने बताया कि बीते दिन जमशेदपुर सिविल कोर्ट में 5:45 बजे शाम की यह घटना है। पेशकार पर हमला करने वाले आरोपित को पकड़ लिया गया है। आरोपित की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह ड्रग्स का आदी है। पूछताछ में पता चला कि उसकी मंशा जेल जाने की थी। इसलिए उसने इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले में कहीं कोई बड़ी साजिश की आशंका नहीं है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की।

# विद्यालयों में छुट्टी रद्द करना सही फैसला, समस्या है तो हमसे मिले : सीएम




**पटना, (हि.स.)।** बिहार के सरकारी स्कूलों में रक्षाबंधन समेत कई छुट्टियां रद्द करने को लेकर जमकर विवाद मचा हुआ है। राज्य के कई शिक्षक संघ के तरफ से इसका विरोध भी किया जा रहा है। कई स्कूल में टीचर काली पट्टी बांधकर स्कूल जा रहे हैं। अब इन्हीं बातों को लेकर सीएम से सवाल किया गया तो उन्होंने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि कुछ भी गलत नहीं हो रहा है। सबकुछ सही हो रहा है किसी कोई समस्या है तो सीधा हमसे आकर मिलें। मुख्यमंत्री ने शनिवार को दारोगा प्रसाद राय के जन्मदिवस के राजकीय समारोह में पत्रकारों से बात करते हुए, शिक्षा विभाग के अपर सचिव के निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि कहां कोई विवाद हो रहा है। सबको कोई पढ़ना चाहता है। इसमें कहां कोई बुराई है। हमलोग यही न चाहते हैं जी की सबकोई पढ़े तो इसी को लेकर न ये सब चीज हो रहा है। इसमें कहां कोई गलत बात है। किसी को कोई शिकायत है तो हमसे आकर मिले हम तो सबका सुनते हैं और सुनते रहेंगे। सीएम ने वन नेशन वन इलेक्शन की बातों का जवाब देते हुए कहा कि, इसपर बात तो हाउस में होगा ना जी, वह लोग जब प्रपोज लेकर आएंगे तो उसी समय ना सब कुछ होगा। क्या हो रहा है हमको तो पहले से ही ना डाउट है कि समय से पहले चुनाव होगा। हम तो बोलते ही हैं किविपक्ष की एकता हो रही है तो वह लोग खतरा में आ गए हैं। इसलिए जल्दी चुनाव करवा लेना चाहते हैं। और भी बहुत तरह की बात है। सीएम ने कहा कि आपको तो हम साफ-साफ बता दिए कि जो चीज करना था वह तो कर ही नहीं रहे हैं जो चीज नहीं करना है वह कर रहे हैं। अब क्या आएगा प्रपोजल वहीं पता चलेगा ना। केंद्र सरकार पूरी तरह से घबराहट में है। विपक्षी दलों में सीट शेरिंग को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि- हो जाएगा सीट बंटवारा को लेकर कोई प्रॉब्लम नहीं है। इंटरनली बहुत जल्दी यह सब काम शुरू हो जाएगा। इन सब चीजों की चिंता मत कीजिए। यह सब करके आपको बता दिया जाएगा। हम लोगों ने तय कर लिया है कि इसी महीने सब कुछ तय कर लिया जाएगा। इसके बाद अक्टूबर में 2 तारीख को महात्मा गांधी की जयंती पर पूरे देश में हम लोग एक बड़ा कार्यक्रम करेंगे। ताकि एकजुट होकर हम लोग एक साथ आगे बढ़े। सीएम नीतीश ने पत्रकारों से बातचीत में मुम्बई बैठक को लेकर कहा कि काम करने के लिए कमेटी बन गई है। कल ही ये सब हो गया है। बहुत जल्द ही आपस में तय कर लेंगे लोग चुनाव लड़ने का। आप तो सब जान ही रहे हैं ना केंद्र सरकार क्या-क्या कर रहा है क्या-क्या होने वाला है।समाचार में आ रहा है कि अब उसको विधानसभा और लोकसभा एक साथ करवाना है। यह तो बड़ा अच्छा है भाई। यह सब चीज तो एक साथ पहले होता था। सीएम ने कहा कि अगर कुछ करना चाहते थे तो जनगणना काहे नहीं किए। हर 10 साल पर जो होता था तो आप तो किए ही नहीं जनगणना। होना ना चाहिए था 2020 में तो नहीं है किए ये लोग। इन्हीं सब बातों पर कल जितने भी पक्ष के लोग हैं उन पर बातचीत हुई है।

# शहीद मेजर मोहित शर्मा के घर पहुंचे जेपी नड्डा, मेरी माटी मेरा देश अभियान की हुई शुरूआत



**गाजियाबाद , (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को गाजियाबाद में मेरी माटी-मेरा देश अभियान शरूवात की। श्री नड्डा कुपवाड़ा में शहीद हुए मेजर मोहित शर्मा के आवास पर मिट्टी लेने पहुंचे और कलश में मिट्टी ली। मेजर मोहित शर्मा के पिता राजेंद्र प्रसाद शर्मा और माता सुशीला शर्मा ने अपने घर की मिट्टी को कलश में डाली। इस अवसर पर उन्होंने आसपास के भवनों से भी मिट्टी ली और अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह मौजूद थे। उन्होंने राजेन्द्र नगर स्थित अमृत वाटिका में पौधरोपण भी किया। इसके बाद जेपी नड्डा ने कृष्णा कृष्ण इंजीनियरिंग मोहन नगर सभागार में भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया अपने संबोधन में उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने गठबंधन में शामिल लोगों को परिवारवादी बताया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश हित से इन लोगों को लेना-देना नहीं है बल्कि यह लोग अपने परिवार को बचाने के लिए राजनीति कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि कल कुछ लोग मुंबई में इकट्ठा हुए थे। यह सभी परिवारवादी हैं। उन्होंने आगे कहा कि लालू यादव ,तेजस्वी यादव डिंपल, अखिलेश यादव, सोनिया गांधी को देश के नहीं बल्कि राहुल गांधी की चिंता है। यह सभी इसी चिंता में डूबे हुए हैं कि उनका उनका परिवार कैसे आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शरद पवार के कारण उनकी पार्टी टूटी जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी केवल भतीजे के लिए है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि आज मनीष सिसोदिया कहां है और अरविंद केजरीवाल की नींद उड़ी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि मां बेटे नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर हैं। इनकी गंभीरता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। श्री नड्डा ने कहा कि पिछले 9 वर्ष के दौरान देश विश्व की पांच अर्थव्यवस्था के मामले में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। और कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां देश तरक्की नहीं कर रहा हो । यह सब मोदी जी के नेतृत्व का ही करिश्मा है। उन्होंने कहा कि जब वह 10 साल पहले गाजियाबादआते थे तो पता ही नहीं चलता था वह कहां जा रहे हैं। लेकिन मोदी-योगी शासन काल में गाजियाबाद के भी सूरत बदल चुकी है। ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं श्री नड्डा ने आगे कहा कि अभियान के दौरान भाजपा वार्ड स्तर गांव तारा ग्राम पंचायत तक पहुंचेगी और जनता से सीधे रूबरू होकर मोदी शासन काल की उपलब्धियों से अवगत कराएगी साथी परिवारवादी लोगों से बचने के लिए जागरूक भी करेगी।

# लंपी स्किन डिजीज को गंभीरता से लें, न हो लापरवाही : मंडलायुक्त



**मीरजापुर, (हि.स.)।** मंडलायुक्त डा. मुथुकुमार स्वामी बी. ने लंपी स्किन डिजीज की मिशन मोड में रोकथाम के लिए मंडल के अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि इस बीमारी को गंभीरता से लिया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मंडलायुक्त ने मीरजापुर, भदोही व सोनभद्र के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, संयुक्त विकास आयुक्त, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी के साथ जूम बैठक की। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने लंबी स्किन डिजीज के बारे में बताया। कहा कि यह एक वायरल विषाणु जनित रोग है जो की गोवंश में मक्खी/मच्छरों के माध्यम से फैलता है। यह संक्रमण गर्म और आद्र मौसम में फैलता है, ठंड के मौसम में धीरे-धीरे कम होता जाता है। लंपी स्किन डिजीज में अधिक क्षति होती है। गांठदार त्वचा रोग से प्रभावित गर्भवती पशुओं में गर्भपात, दुधारू पशुओं में दूध की कमी के साथ ही प्रजनन क्षमता में कमी हो जाती है।

# जमशेदपुर में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर कामगार की मौत





**जमशेदपुर, (हि.स.)।** गम्हरिया थाना अंतर्गत ईटागढ़ पंचायत के तिरला नाला के पास शनिवार सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार कामगार की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान तिरला गांव के रहने वाले शिवचरण पात्रो (55) के रूप में की गयी। मृतक के पुत्र अरूण पात्रो के अनुसार उसके पिता गम्हरिया स्थित ऑटो प्रोफाइल में काम करते थे। शनिवार सुबह पांच बजे ए शिफ्ट ड्यूटी करने के लिए घर से निकले थे। लेकिन घर से थोड़ी दूरी पर स्थित नाला के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया। इसकी सूचना पाकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# जदयू चार सितम्बर से शुरू करेगी भाजपा का पोल खोल अभियान




**बेगूसराय, (हि.स.)।** जदयू द्वारा भाजपा के खिलाफ चार सितम्बर से पोल खोल अभियान शुरू किया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रुदल राय की अध्यक्षता में प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारणी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष रुदल राय ने कहा कि जाति आधारित गणना के विरोधी भाजपा का पोल खोल अभियान चलाया जाएगा। चार सितम्बर को जिला मुख्यालय में पोल खोल अभियान के तहत मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मशाल जुलूस ट्रैफिक चौक से शुरू होकर आम्बेडकर चौक पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केंडिल सभा के साथ समाप्त होगा। उसके बाद सात से 12 सितम्बर के बीच बेगूसराय के सभी प्रखंड मुख्यालय में जाति आधारित गणना विरोधी भाजपा का पोल खोल अभियान प्रखंड जदयू के साथियों द्वारा किया जाएगा। 15 से 20 सितम्बर तक जदयू के कार्यकताओं द्वारा अपने-अपने घरों पर काला झंडा लगाकर भारतीय जनता पार्टी का नीति पोल खोल अभियान चलाया जाएगा। बैठक में विधान सभा प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह, परशुराम पारस, जिला प्रवक्ता अरुण महतो, जिला मीडिया प्रभारी कुन्दन कुमार सिन्हा, युवा जिलाध्यक्ष इंद्रजीत चंद्रवंशी, अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, महिला जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, किसान सेल जिला अध्यक्ष रवीन्द्र निराला, वरिष्ठ नेता जितेन्द्र कुमार जीबू, जिला परिषद उपाध्यक्ष नंदलाल राय एवं सुमित प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेतवा नदी पर एक और नया पुल बनने से 26 गांवों में खुलेंगे विकास के द्वार



**हमीरपुर, (हि.स.)।** हमीरपुर जिले के बीहड़ में बसे 26 गांवों को चमकाने के लिए योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। राज्यसभा सांसद की पहल पर यहां बेतवा नदी में एक और नया पुल और पहुंच मार्ग बनाने को 23.13 करोड़ रुपये की मंजूरी अब दी गई है जिससे डेढ़ लाख ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह पुल नौ सौ मीटर लम्बा बनेगा। योगी सरकार में हमीरपुर जिले के ललपुरा थाना क्षेत्र के परसनी और कंडौर गांव के बीच बेतवा नदी में एक नए पुल बनाने का प्लान तैयार किया गया है। इस पुल के साथ ही सूबे में अन्य आठ और पुलों के निर्माण कराए जाने की तैयारी की गई है। हमीरपुर जिले के बीहड़ के दो दर्जन से अधिक गांव को चमकाने के लिए परसनी गांव स्थित बेतवा नदी में पुल बनने से डेढ़ लाख से अधिक आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। बरसात के मौसम में तमाम गांव ऐसे है जो बेतवा नदी की उफान से प्रभावित होते हैं। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में राठ-हमीरपुर हाइवे से परसनी, कंडौर होते हुए कुरारा फोरलेन हाइवे को जोडऩे के लिए यह पुल ग्रामीणों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। परसनी गांव के रहने वाले बाबूराम निषाद राज्यसभा सांसद है। जिनकी पहल पर दर्जनों गांवों के लोगों के लिए शासन ने पुल देकर बड़ी सौगात दी है। बता दें कि जिले के कुरारा से मिजार्पुर झांसी हाइवे होते हुए परसनी की तरफ जाने के लिए अभी तक 32 किमी अतिरिक्त दूरी लोगों को तय करनी पड़ रही लेकिन पुल बनने के बाद ये दूरी बहुत कम हो जाएगी।

**बरसात के बाद शुरू होगा बेतवा नदी में नए पुल का निर्माण कार्य**

उत्तर प्रदेश सेतु निगम के इंजीनियर आनन्द कुमार पंकज ने बताया कि परसनी गांव के पास बेतवा नदी में 700.90 मीटर लम्बे पुल के निर्माण कार्य दो माह बाद शुरू कराए जाएंगे। बताया कि इस पुल को बनाने में 2313.06 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा 4600 मीटर पहुंच मार्ग बनेगा। पुल निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाएगा जिसमें 66.24 लाख रुपये का प्लान बनाया गया है। बताया कि नया पुल के बनने से बीहड़ क्षेत्र के गांवों का अब तेजी से विकास होगा।

**पुल और पहुंच मार्ग बनने से 26 गांवों की बदलेगी तकदीर**

राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने बताया कि बेतवा नदी पर एक नया पुल बनने से परसनी गांव के साथ ही मौराकांदर, बहरौली डांडा, कलौलीजार, उजनेड़ी, अछपुरा वहदीना, स्वासा बुजुर्ग, स्वासा खुर्द, कुम्हऊपुर, कुआं डेरा, कंडौर, बैजेमऊ इस्लामपुर, हरेहटा, पतारा, जखेला, नैठी, रिठारी, छानी खुर्द, छानी बुजुर्ग, देवीगंज समेत 26 गांव तेजी से विकसित होंगे। सांसद ने बताया कि ये ग्रामीण इलाके विकास में अभी बहुत पिछड़े है। शासन ने पुल बनाने के लिए हरी झंडी भी दे दी है।

**पुल बनने से लाखों ग्रामीणों के लिए आवागमन होगा सुगम**

राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने बताया कि परसनी, मोराकांदर, धनपुरा, स्वासा खुर्द, कलौलीतीर, खड़ेहीजार, छानी खुर्द, पतारा, देवीगंज समेत दो दर्जन से अधिक गांवों की डेढ़ लाख की आबादी को बारिश के मौसम में आने जाने में बड़ी दिक्कतें उठानी पड़ती थी। बताया कि नए पुल के लिए साल भर से प्रयास किए जा रहे थे लेकिन अब सरकार से नए पुल की सौगात मिलने के बाद जल्द ही निर्माण शुरू होगा। बताया कि ये गांव पिछड़े है। आवागमन के संसाधन भी नहीं है।

# हाई कोर्ट ने ग्रेड-4 में प्रोन्नति से जुड़े मामले में निष्पादित की अवमानना याचिका



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में बकाया भुगतान से संबंधित एक अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। मामले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव की ओर से कोर्ट के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रार्थियों का एक अप्रैल से बकाया का भुगतान कर दिया गया है। इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में स्कूली शिक्षा सचिव कोर्ट में हाजिर हुए थे। साथ ही उन्होंने कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया था कि याचिकाकताओं को चार सप्ताह में ग्रेड 4 में प्रोन्नति की तिथि एक अप्रैल की तिथि से बकाया भुगतान सुनिश्चित करा दिया जाएगा, जिस पर कोर्ट ने उन्हें अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। वर्ष 2016 अवमानना याचिका की सुनवाई में प्रार्थियों को प्रोन्नति की तिथि से बकाया भुगतान सुनिश्चित करने का आदेश हाई कोर्ट से पारित हुआ था, जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अपील, रिव्यू याचिका सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर किया था लेकिन राज्य सरकार को कोई राहत नहीं मिली थी।

# संसदीय चुनाव में चहुंओर दिखेगा भाजपा औरप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लहर : मंत्री वीरेन्द्र




**मधुबनी, (हि.स.)।** मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार का भव्य स्वागत हुआ। मौके पर मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि देश में फिर इस बार नरेन्द्र मोदी की सरकार बनना तय है। विपक्षियों की भ्रामक बैठकी - प्रचार व निरर्थक बयान डपोरशंखी है। भाजपा कार्यालय सभागार में शंकर झा के अध्यक्षता में झंझारपुर लोकसभा कोर कमेटी की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। झंझारपुर लोकसभा के तीनों विधानसभा क्रमशः राजनगर, बाबूबरही एवं खजौली के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ विधानसभा कोर कमेटी के पदाधिकारी शामिल रहे। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार रहे। मिथिला के प्रतीक चिन्ह पाग - दुपट्टा व माला से मंत्री का स्वागत नुनु ठाकुर ने किया। विधायक डॉ रामप्रीत पासवान नेअंग वस्त्र देकर केंद्रीय मंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि किया। मंत्री ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे देश में चहुंओर भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की लहर दिखाई देगी। मोदी लहर को घर-घर जाकर जनमानस के बीच उन्हे सम्मान देकर पक्ष में वोट का आग्रह करना है। मोदी जी की सरकार देश में बने। इसके लिए वोट रूपी आशीर्वाद और समर्थन जनता से मांगना है। मंत्री जी ने चल रहे कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत हर घर से मिट्टी संकलन अभियान पर जोर देने की आग्रह किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री देवेंद्र यादव,संजय पांडे, सरोज सिंह, संजीव झा, जन्मेजय सिंह, हितेंद्र ठाकुर नुनुजी, रणधीर खन्ना, आईटी सेल के राजीव झा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# उच्च शिक्षा की कसौटी पर

**औचित्य** और अनुचित के बीच यूं तो महीन सा फर्क भी काफी सताता है, फिर भी सियासत के छबील अपनी खुशामद में संसाधनों की बेकद्री करते रहते हैं। हिमाचल में औचित्य को साबित किए बिना राजनीति ने ऐसी प्रतिस्पर्धा खड़ी कर दी कि लगातार सरकारों ने प्रदेश के सिर पर ऐसी विफलताओं की परिभाषा को स्थायी स्वरूप दे दिया। ऐसे में अनुचित की दुरुस्ती को यहां अपराध मान लिया या औचित्यहीनता के समानांतर ऐसे अनेक फलसफे चुन लिए। ताजातरीन उदाहरण मंडी में स्थापित किए गए एसपीयू विश्वविद्यालय के औचित्य को लेकर सामने आ रहा है, जहां उच्च शिक्षा के प्रबंधन की उचित कसौटी तय हो रही है। जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उससे स्थापित शिक्षण की परंपराएं भी चकित थीं। उस दौर की प्राथमिकता में नए विश्वविद्यालय को दौड़ाने की हर संभव कोशिश हुई और शिक्षा अपने बंटवारे की सतह पर हतप्रभ थी। चंद दिनों की मुनादी ने शिमला विश्वविद्यालय के अस्तित्व को इतना हलाल किया कि प्रदेश के कई बड़े महाविद्यालय भी चीख उठे। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ। जब हमीरपुर में तकनीकी विश्वविद्यालय बना, तो प्रदेश के इंजीनियरिंग व बीएड कालेज उखड़ रहे थे। जब मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी बन रही थी, तो अधिकांश सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय उचित फैकल्टी के लिए तरस रहे थे। यह तो गनीमत है कि संस्कृत और डिजीटल विश्वविद्यालयों की खेप उतरी नहीं, वरना हिमाचल का किरदार तो आकाश में झंडों की तरह सिर्फ हवा के दम पर फहराना चाहता है। बहरहाल मंडी विश्वविद्यालय को ऐसी सीमा रेखा पर खड़ा किया जा रहा है, जिसे आगे सिर्फ तीन जिलों की शिक्षा की अमानत मिलेगी। भविष्य में मंडी, कुल्लू व लाहुल-स्पीति के कालेज ही इस विश्वविद्यालय के औचित्य को सिद्ध करेंगे। इसे हम अनुचित को सही करना मानें या औचित्य के हिसाब से देखें, लेकिन कुछ तर्क हमेशा ऐसे फैसलों के पक्ष तो कुछ विपरीत खड़े रहते हैं। जाहिर है मंडी विश्वविद्यालय को परिपक्वता हासिल करने के लिए कुछ समय लगेगा और इसी के साथ शिमला विश्वविद्यालय के पास अपने अतीत के संदर्भों को गांठने का अवसर रहेगा। शिमला बनाम मंडी विश्वविद्यालयों की होड़ ने सत्ता का नजरिया और शिक्षा के प्रति गंभीरता का आकलन किया है। शिमला विश्वविद्यालय से मंडी विश्वविद्यालय की उत्पत्ति से करीब चार दशक पूर्व ही धर्मशाला में विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र स्थापित हो चुका था, लेकिन इस संस्थान को राजनीति निगल गई। इसी तरह धर्मशाला में आया केंद्रीय विश्वविद्यालय राजनीतिक हिस्सेदारी में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अपनी हद मुकर्रर करता रहा। जदरांगल की प्रस्तावित जमीन के बदले राज्य सरकार को तीस करोड़ जमा कराने हैं, लेकिन शिक्षा की दीवारों पर इसके हक में पोस्टर नहीं लगे। यह दीगर है कि दो या इससे कम संख्या वाले 117 प्राथमिक व 26 मिडल स्कूल सरकार को बंद करने पड़े हैं। अभी कई संस्थान डिनोटिफाई होकर अपने औचित्य की जंग लड़ रहे हैं। हिमाचल का राजनीतिक इतिहास हमें बार-बार सचेत कर रहा है कि औचित्यहीन फैसलों के कारण प्रदेश ने अपने आर्थिक संबल तोड़ डाले हैं। कितने ही औचित्यहीन स्कूल, कालेज, चिकित्सालय, दफ्तर तथा सरकारी उपक्रम संसाधनों की बर्बादी के चिडियाघर बने हुए हैं, जहां जनता सिर्फ सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की तरक्की में राज्य की लाचारी का तमाशा देख रही होती है। हम भी इस लाचारी का तमाशा बन जाते हैं जब तथाकथित स्नातकोत्तर कालेजों में शिक्षा ग्रहण करके भी योग्यता के बाजार में असफल होते हैं। हमारे चिकित्सा संस्थान तो जिंदगी से बेरहम सौदेबाजी में हर मरीज को तमाशा बना देते हैं और जब पीजीआई चंडीगढ़ के डाक्टर पूछते हैं कि हिमाचल का चिकित्सा विभाग हर दिन मरीजों को रैफर करके आखिर क्या कर रहा है, तो यह प्रदेश का तमाशा है। आखिर हम बतौर राज्य कर क्या रहे और कहां है हमारा औचित्य। इसलिए अगर सुक्खू सरकार मंडी विश्वविद्यालय में अनुचित देख रही है, तो इसी धार पर अन्य विश्वविद्यालयों या उच्च शिक्षण संस्थानों के औचित्य पर पूरी ईमानदारी से और भी फैसले लेने होंगे, वरना कल कोई और आकर किसी अन्य संस्थान के औचित्य को गौण कर देगा।

> हिमाचल में औचित्य को साबित किए बिना राजनीति ने ऐसी प्रतिस्पर्धा खड़ी कर दी कि लगातार सरकारों ने प्रदेश के सिर पर ऐसी विफलताओं की परिभाषा को स्थायी स्वरूप दे दिया। ऐसे में अनुचित की दुरुस्ती को यहां अपराध मान लिया या औचित्यहीनता के समानांतर ऐसे अनेक फलसफे चुन लिए। ताजातरीन उदाहरण मंडी में स्थापित किए गए एसपीयू विश्वविद्यालय के औचित्य को लेकर सामने आ रहा है, जहां उच्च शिक्षा के प्रबंधन की उचित कसौटी तय हो रही है। जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उससे स्थापित शिक्षण की परंपराएं भी चकित थीं। उस दौर की प्राथमिकता में नए विश्वविद्यालय को दौड़ाने की हर संभव कोशिश हुई और शिक्षा अपने बंटवारे की सतह पर हतप्रभ थी। चंद दिनों की मुनादी ने शिमला विश्वविद्यालय के अस्तित्व को इतना हलाल किया कि प्रदेश के कई बड़े महाविद्यालय भी चीख उठे। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ। जब हमीरपुर में तकनीकी विश्वविद्यालय बना, तो प्रदेश के इंजीनियरिंग व बीएड कालेज उखड़ रहे थे। जब मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी बन रही थी, तो अधिकांश सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय उचित फैकल्टी के लिए तरस रहे थे।

## कुछ अलग

# संसद का 'मास्टर स्ट्रोक' सत्र

**संसद** का मानसून सत्र 11 अगस्त को ही स्थगित किया गया था। उसके 38 दिन बाद ही मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, तो यह 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हो सकता है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 18-22 सितंबर के 5 दिनों में संसद के विशेष सत्र की घोषणा की है, लेकिन एजेंडे का खुलासा नहीं किया है। यह असामान्य कार्यशैली है, क्योंकि स्पीकर के साथ कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान सरकार को संसद सत्र के एजेंडे का खुलासा करना होता है। यही प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक सोच है। विशेष सत्र 17वीं लोकसभा का निर्णायक, अंतिम सत्र भी हो सकता है। इसके मद्देनजर, यदि 'एक देश, एक चुनाव' का बिल पारित भी किया जाता है, तो वह एकदम पूरे देश पर लागू नहीं किया जा सकता, क्योंकि कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव बीते कुछ माह के दौरान ही हुए हैं अथवा उन्होंने अपने कार्यकाल का प्रथम वर्ष ही पूरा किया है। क्या संसद से विधानसभाओं की अवधि बढ़ाने या घटाने का संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव भी पारित कराया जा सकता है? हालांकि चर्चाएं हैं कि सरकार महिला आरक्षण, समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, आरक्षण के प्रावधान की ओबीसी की केंद्रीय सूची आदि पर नए विधेयक पेश और पारित करा सकती है। लोकसभा में महिलाओं के लिए 180 सीटें आरक्षित या बढ़ाई जा सकती हैं। मोदी सरकार ऐसा महिला आरक्षण तय करना चाहती है। अधिकतर प्रस्तावित बिलों के मद्देनजर संविधान में संशोधन करने पड़ेंगे, जिनके लिए कमोबेश दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य होगा। संविधान संशोधन के कुछ और प्रस्ताव भी संभव हैं। 'चंद्रयान-3' भारत की बहुत बड़ी अंतरिक्ष और वैश्विक वैज्ञानिक उपलब्धि है। संसद हमारे होनहार और अनुभवी वैज्ञानिकों की ऐसी सफलता पर एक प्रस्ताव ला सकती है। भारत की 76 साल की स्वतंत्रता के दौरान जी-20 देशों की अध्यक्षता करना और शिखर सम्मेलन आयोजित करना भी अभूतपूर्व उपलब्धि है। संसद उस पर भी तालियां बजा कर प्रस्ताव पारित कर सकती है। यदि मोदी सरकार 'एक देश, एक चुनाव' का विधेयक पेश करती है, तो यह व्यापक राजनीतिक उथल-पुथल का निर्णय होगा। देश की राजनीति ही बदल सकती है, क्योंकि विपक्षी गठबंधन तो फिलहाल शैशव-काल में है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ कराना कोई नई व्यवस्था नहीं है। 1950 में संविधान लागू हुआ और 1952 में प्रथम चुनाव कराए गए। 1952, 1957, 1962, 1967 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी कराए जाते रहे। चूंकि 1968 में विधानसभाएं समय-पूर्व भंग की जाने लगीं और 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के कारण लोकसभा चुनाव तय समय से पहले कराए गए, नतीजतन व्यवस्था असंतुलित होती गई। हालांकि ओडिशा में आज भी दोनों चुनाव साथ-साथ और सफलता से कराए जाते हैं।

## भारत के नेतृत्व पर संतोष प्रकट करते हुए उन्होंने भारत के प्रति अपने अच्छे विचार प्रकट किए हैं

# वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है भारत का प्रभाव

प्रह्लाद सबनानी

> भारतीय नागरिकों के बीच किए गए इस ओपिनियन पोल में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि अधिकतर भारतीयों का प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास बना हुआ है और ओपिनियन पोल में शामिल नागरिक वैश्विक स्तर पर भारत की विदेश नीति पर अपना विश्वास प्रकट करते हैं। उत्तर देने वाले 68 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रभावकारी बन गया है, जबकि 19 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि इस संदर्भ में स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और केवल 13 प्रतिशत नागरिकों का कहना है स्थितियां पूर्व की तुलना में बिगड़ गई हैं।

**अभी** हाल ही में 'प्यू रिसर्च सेंटर' नामक एक रिसर्च संस्था द्वारा जी-20 समूह के 24 देशों में, फरवरी 2023 से मई 2023 के बीच, एक ओपिनियन पोल यह जानने के लिए किया गया है कि जी-20 समूह के सदस्य देशों पर भारत का प्रभाव किस प्रकार का है अथवा जी-20 समूह के सदस्य देशों के नागरिक भारत के बारे में किस प्रकार की राय रखते है। भारतीय नागरिकों के बीच किए गए इस ओपिनियन पोल में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि अधिकतर भारतीयों का प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास बना हुआ है और ओपिनियन पोल में शामिल नागरिक वैश्विक स्तर पर भारत की विदेश नीति पर अपना विश्वास प्रकट करते हैं। उत्तर देने वाले 68 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रभावकारी बन गया है, जबकि 19 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि इस संदर्भ में स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और केवल 13 प्रतिशत नागरिकों का कहना है स्थितियां पूर्व की तुलना में बिगड़ गई हैं। इसी प्रकार, भारत के वैश्विक स्तर पर नेतृत्व के सम्बंध में 79 प्रतिशत लोगों ने इसे देश के लिए हितकारी एवं 55 प्रतिशत लोगों ने अत्यधिक हितकारी बताया है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व बहुत प्रभावकारी तरीके से कर रहे हैं। यह ओपिनियन पोल ऐसे समय पर आया है जब भारत जी-20 समूह की अध्यक्षता कर रहा है एवं वर्तमान में इस समूह की नीतियों के पालन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नवम्बर 2022 से नवम्बर 2023 के एक वर्ष के खंडकाल के दौरान जी-20 समूह के देशों की 200 से अधिक बैठकों का आयोजन भारत में किया जाना है एवं इसी कड़ी में 9-10 सितम्बर 2023 को जी-20 समूह के देशों के राष्ट्राध्यक्षों की दो दिवसीय बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।

इसी प्रकार, विश्व के अन्य देशों के नागरिकों की राय भी भारत के हित में दिखाई दे रही है। उक्त ओपिनियन पोल में शामिल अन्य देशों के लगभग 46 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के नेतृत्व पर संतोष प्रकट करते हुए उन्होंने भारत के प्रति अपने अच्छे विचार प्रकट किए हैं। जबकि 34 प्रतिशत नागरिकों ने भारत की नीतियों के प्रति असंतोष प्रकट किया है और लगभग 16 प्रतिशत नागरिकों ने अपनी राय प्रकट नहीं की है। इस ओपिनियन पोल में 24 देशों के 30,861 नागरिकों की राय ली गई है। इस पोल में



भारत से 2,611 नागरिकों से राय ली गई है। हालांकि, जी-20 समूह की देशों की कुल जनसंख्या 470 करोड़ है। रूस, चीन एवं तुर्केय ने इस ओपिनियन पोल में भाग नहीं लिया है।

दूसरा प्रश्न जो उक्त ओपिनियन पोल में पूछा गया है वह यह है कि क्या वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है। 68 प्रतिशत भारतीयों ने कहा है कि हां, भारत का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, जबकि अन्य देशों के केवल 28 प्रतिशत नागरिकों ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है। तीसरा प्रश्न था कि क्या आप भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का समर्थन करते हैं। 79 प्रतिशत भारतीयों ने कहा है कि हां, जबकि अन्य देशों के 37 प्रतिशत नागरिकों ने श्री मोदी की नीतियों का समर्थन किया है।

हाल ही के समय में भारत ने रूस यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में नाटो समूह के सदस्य देशों की नीतियों का समर्थन नहीं करते हुए इस युद्ध में अपनी तटस्थ भूमिका निभाई है। भारत के इस रूख के चलते पश्चिमी देश भारत की नीतियों से नाराज दिखाई दे रहे हैं। इस युद्ध के बाद यूरोप के देशों में विशेष रूप से खाद्यान पदार्थ एवं ऊर्जा बहुत मंहगी हो गई है, जो इन देशों को यूक्रेन एवं रूस से मिलते रहे हैं, इसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की दर पिछले 50 वर्षों में सबसे अधिक हो गई है। इन देशों के नागरिकों की इस सम्बंध में नाराजगी भारत पर निकलती दिखाई दे रही है। क्योंकि, यूरोप के 10 देशों में से 3 देशों के नागरिकों ने भारत की नीतियों को निशाने पर लिया है। फ्रान्स में वर्ष 2007 में किए गए इसी प्रकार के एक पोल में 29 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के सम्बंध में अपनी नकारात्मक टिप्पणी की थी जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या बढ़कर 39 प्रतिशत हो गई है। स्पेन में भी वर्ष 2007 में 34 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के प्रति अपने नकारात्मक विचार प्रकट किये थे जो वर्ष 2023 में बढ़कर 49 प्रतिशत हो गए हैं। जर्मनी में भी यह आंकड़ा वर्ष 2007 के 29 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 38 प्रतिशत हो गया है। यूनाइटेड किंगडम में वर्ष 2007 के 9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 30 प्रतिशत हो गया है एवं पोलैंड में वर्ष 2007 के 24 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 34 प्रतिशत हो गया है।

वैश्विक पटल पर भारत के एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने को कुछ पश्चिमी देश पचा नहीं पा रहे हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत ने वर्ष 2014 के बाद से इन्हीं पश्चिमी देशों को सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पीछे छोड़ा है। इस सम्बंध में वर्ष 2014 के पूर्व भारत का वैश्विक स्तर पर 10वां स्थान था जो और भारत, यूनाइटेड किंगडम, फ्रान्स, इटली, कनाडा, आदि देशों की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए अब 5वें स्थान पर आ गया है। अब भारत, जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी अगले लगभग 2 वर्षों में पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। साथ ही, उक्त यूरोपीयन देश औपनिवेशवाद की मानसिकता से अभी भी बाहर नहीं आ पा रहे हैं कि भारत जो कि यूनाइटेड किंगडम का उपनिवेश देश रहा है वह कैसे ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर उनसे आगे बढ़ रहा है।

इसी प्रकार लैटिन अमेरिकी देशों में भी भारत के प्रति कुछ नाराजगी, हालांकि तुलनात्मक रूप से कुछ कम स्तर पर, पाई गई है। मेक्सिको में 33 प्रतिशत नागरिकों, ब्राजील में 43 प्रतिशत नागरिकों एवं अर्जेंटीना में 34 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के प्रति नकारात्मक टिप्पणी की है। आश्चर्यजनक रूप से दक्षिणी अफ्रीका में 51 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के प्रति असंतोष व्यक्त किया है। जबकि ब्राजील एवं दक्षिणी अफ्रीका भारत के साथ 'ब्रिक्स' समूह के सदस्य देश भी हैं। अर्जेंटीना भी अगले वर्ष ब्रिक्स समूह का सदस्य बनने जा रहा है। भारत के यह समस्त देश मित्र देशों की सूची में अग्रणी रहे हैं एवं दक्षिणी अफ्रीका से हो भारत के एतिहासिक सम्बंध रहे हैं।

हालांकि उक्त ओपिनियन पोल बहुत कम नागरिकों को शामिल करते हुए किया गया हैं परंतु कुछ आभास तो दिला ही रहा है और इससे कुछ सीखने की आवश्यकता भी है। अतः भारत को इन देशों के साथ अपने सम्बंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने की जरूरत है।

# चिकित्सा विज्ञान की खूबियां-खामियां

> चिकित्सा विज्ञान मानता है कि हमारा शरीर एक सुपर कंप्यूटर है और अस्सी प्रतिशत बीमारियों को ये खुद ही ठीक कर सकता है, बिना किसी दवाई के। वस्तुत: आयुर्वेद तो यह भी कहता है, और जिसे अनुभव ने सिद्ध भी किया है, कि आम बुखार और सिरदर्द जैसी बीमारियां, जिन्हें हम बीमारी मानते हैं, बीमारी हैं ही नहीं बल्कि ये शरीर की किसी अन्य खराबी का संदेश देते हैं। ये सिर्फ संदेशवाहक हैं और दवाई लेकर हम इन संदेशवाहकों को चुप करवा देते हैं, उनका संदेश सुनते ही नहीं और असल रोग ठीक होने के बजाय अंदर ही अंदर पनपता चलता है जो बाद में कहीं ज्यादा कष्टप्रद रोग के रूप में सामने आता है। चिकित्सा विज्ञान यह मानता है कि बुखार को यदि बर्दाश्त करके खाने-पीने में उचित परहेज कर लिया जाए तो बुखार दो-तीन दिन में खुद ही ठीक हो जाता है और बुखार के कारण शरीर के अंदर जमा गंदगी को बाहर निकलने का रास्ता मिल जाता है, जिससे हम आने वाली बड़ी कठिनाई से मुक्ति पा लेते हैं।

**आधुनिक** समय में चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति की है और तकनीक तथा अनुभव के मेल से चिकित्सा जगत से जुड़े लोग लाखों-करोड़ों मरीजों को जीवनदान दे रहे हैं। चिकित्सा जगत के शोध हमें नई राह दिखाते हैं और जीवन कुछ और आसान हो जाता है। आइए, चिकित्सा विज्ञान में हुए शोध की कुछ मुख्य बातों को समझने की कोशिश करते हैं। चिकित्सा विज्ञान मानता है कि हमारा शरीर एक सुपर कंप्यूटर है और अस्सी प्रतिशत बीमारियों को ये खुद ही ठीक कर सकता है, बिना किसी दवाई के। वस्तुतः आयुर्वेद तो यह भी कहता है, और जिसे अनुभव ने सिद्ध भी किया है, कि आम बुखार और सिरदर्द जैसी बीमारियां, जिन्हें हम बीमारी मानते हैं, बीमारी हैं ही नहीं बल्कि ये शरीर की किसी अन्य खराबी का संदेश देते हैं। ये सिर्फ संदेशवाहक हैं और दवाई लेकर हम इन संदेशवाहकों को चुप करवा देते हैं, उनका संदेश सुनते ही नहीं और असल रोग ठीक होने के बजाय अंदर ही अंदर पनपता चलता है जो बाद में कहीं ज्यादा कष्टप्रद रोग के रूप में सामने आता है। चिकित्सा विज्ञान यह मानता है कि बुखार को यदि बर्दाश्त करके खाने-पीने में उचित परहेज कर लिया जाए तो बुखार दो-तीन दिन में खुद ही ठीक हो जाता है और बुखार के कारण शरीर के अंदर जमा गंदगी को बाहर निकलने का रास्ता मिल जाता है, जिससे हम आने वाली बड़ी कठिनाई से मुक्ति पा लेते हैं।



चिकित्सा विज्ञान यह भी स्वीकार करता है कि अस्सी प्रतिशत बीमारियां ऐसी हैं जिन्हें विज्ञान सेल्फ लिमिटिंग डिसीजिज मानता है, यानी ये बीमारियां ऐसी हैं जो ज्यादा बिगड़ती नहीं हैं, अतः इनके इलाज के लिए दवाई की नहीं बल्कि धीरज, आराम और परहेज की जरूरत होती है। दवाई लेकर तो हम दरअसल बीमारी को और बढ़ाते हैं क्योंकि दवाई से बुखार दब जाता है और शरीर को अपनी सफाई का मौका नहीं मिल पाता। चिकित्सा विज्ञान की सबसे बड़ी उपलब्धि यह स्वीकार करना है कि अस्सी प्रतिशत बीमारियों का कारण हमारी भावनाओं से जुड़ा है। बचपन में या बाद में कभी भी निरंतर अपमान सहने, मारपीट सहने, चिढ़ाए जाने आदि के बाद उसका प्रतिकार न कर पाने के कारण अगर हम खुद को बेबस पायें तो हमारे मन को जो चोट लगती है वह हमारे अवचेतन मन में गहरे बैठ जाती है और उससे उपजी आत्मग्लानि, जीवन में किसी न किसी रोग के रूप में सामने आती है। लेकिन यही शोध चिकित्सा विज्ञान की एक बड़ी असफलता की ओर भी इशारा करता है। चिकित्सा विज्ञान की कोई भी प्रणाली भावनात्मक घावों को समझने और ठीक कर पाने में पूरी तरह से असमर्थ है। दावा चाहे कुछ भी किया जाए, एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद या विश्व में प्रचलित अन्य वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियां, कोई भी प्रणाली सिर्फ शरीर के इलाज तक ही सीमित है। उच्च शिक्षित मनोचिकित्सक भी मन में छुपे घावों का सही इलाज कर ही पायें, इसकी कोई गारंटी नहीं है। यही वह मुकाम है जहां आकर हमें आध्यात्मिक उपचार की महत्ता समझ में आती है, पर हम आध्यात्मिक उपचार की बात करें, उससे पहले चिकित्सा विज्ञान की कुछ और मान्यताओं पर भी बात कर लेना उपयोगी होगा। हम जानते ही हैं कि हमारी भावनाओं का हमारी सेहत से गहरा रिश्ता है, और प्रयोगों से यह सिद्ध हो चुका है कि प्लैसीबो इफैक्ट भी दवाई की तरह काम करता है, यानी, अगर किसी रोगी को यह कहा जाए कि उसे दवाई दी जा रही है और दवाई की जगह सादा पानी, चीनी या नमक, या कुछ भी ऐसा दे दिया जाए, तो भी रोगी इस तसल्ली से ही ठीक होना शुरू हो जाता है कि उसे रोग की दवाई मिल गई। इसी तरह यह भी सिद्ध हो चुका है कि यदि रोगी के आसपास के वातावरण को खुशनुमा बना दिया जाए, रोगी के मन में आशा का संचार किया जाए, तो बहुत संभव है कि रोगी अपने किसी अत्यंत गंभीर रोग से भी उबर जाए, जल्दी ठीक होना शुरू हो जाए, तेजी से ठीक होना शुरू हो जाए, या उसकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाए और वह डाक्टरों की उम्मीद से कहीं ज्यादा लंबा जीवन जीने के काबिल हो जाए। इसके विपरीत यदि किसी रोगी को डाक्टर ये बताए कि उसका रोग इतना गंभीर है कि वह कुछ ही महीनों का मेहमान है, तो यह बाकायदा संभव है कि उसकी मानसिक निराशा के कारण उसकी शारीरिक हालत और बिगड़ जाए और वह रोगी अपने समय से बहुत पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाए। एक बड़ा सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की अब तक की प्रगति के बावजूद, यह स्वयंसिद्ध है कि चिकित्सा की कोई एक प्रणाली शत-प्रतिशत सफल नहीं है, अतः किसी डाक्टर, वैद्य, हकीम, प्राकृतिक चिकित्सक या वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली से जुड़े चिकित्सक को एक से अधिक चिकित्सा प्रणालियों में महारत हासिल है तो रोगी को उससे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना सबसे ज्यादा है, और यदि इनमें से कोई भी आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली का भी पोषक हो तो उसकी महारत का स्तर कई गुणा बढ़ जाता है। कारण यह है कि चिकित्सा विज्ञान की पहुंच सिर्फ शरीर तक है जबकि अधिकांश बीमारियों का कारण मानसिक है और एक सीमा के बाद पारंपरिक मनोचिकित्सक भी बेबस हो जाते हैं, लेकिन अगर उनकी शिक्षा के साथ आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली का ज्ञान भी शामिल हो जाए तो सोने पर सुहागा जैसी स्थिति हो जाती है क्योंकि पारंपरिक चिकित्सा शिक्षा शरीर की कार्यप्रणाली की जानकारी देती है और आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली एक चिकित्सक के लिए रोगी के अवचेतन मन का दरवाजा खोल देती है।

## दृष्टिकोण

# अच्छे शिक्षक ही देश के निर्माता हैं

**अध्यापकों** का हमारी जिंदगी में बहुत महत्व होता है। अध्यापक ही देश का निर्माता कहा जाता है। समाज में बदलाव, विकास में प्रगति, चंद्रयान-3 को चांद की कक्षा में पहुंचाने और वहां उतारने की इच्छा शक्ति, अच्छा जीवन जीने की कला, शांति, मैत्री, बंधुत्व विश्व में अच्छे शिक्षकों द्वारा ही संभव हो सका है। शिक्षक के मायने जो बच्चों को सिखा सके, समाज को नेतृत्व दे सके। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉक्टर कलाम ऐसे शिक्षक राष्ट्रपति हुए हैं जिन्होंने देश को सीखने व जल्द विकसित होने की भूख पैदा की है। जवान भारत में लाखों विद्यार्थी ऐसे अच्छे अध्यपकों का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। शिक्षक के दायरे में केवल बच्चों को किताबी ज्ञान बांटना या फिर सीखने के प्रतिफल को कक्षा कक्ष में उतारना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जीवन कौशलों का विकास करते हुए उन्हें आधुनिक जीवन के संघर्ष से अवगत कराना, नशे से बचाना भी शामिल है। अध्यापक दिवस पर अध्यापकों से नई उभरती हुई अपेक्षाएं व चिंताएं भी हैं। नई शिक्षा नीति, नई पाठ्यचर्या एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकास तुरंत व महत्वपूर्ण ध्यान चाहते हैं। यह उदारीकरण, निजीकरण, भूमंडलीकरण, विश्व व्यापार संगठन, सूचना एवं संचार तकनीकी, नव शैक्षिक प्रयोग, खुली अधिगम प्रणाली, जीवन कौशलों का विकास आदि विशेषताएं शिक्षकों में विशेष तौर पर अपेक्षित रहेंगी। इसके अतिरिक्त धर्म की शिक्षा, भाषाओं का ज्ञान, मूल्य शिक्षा व इनकी समझ भी अध्यापकों में होना लाजिमी है। अध्यापकों एवं उनके उन्मुखीकरण पर मूल्यवान अनुसंधान किए गए हैं। यह अध्यापकों के विकास के लिए प्रदेश एवं देश के संदर्भ में सहायक सिद्ध हो सकते हैं, बशर्ते यह प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हों। किसी भी देश के अध्यापक तथा वहां की शिक्षा नीति पर यह निर्भर करता है कि उस देश का विकास मानव विकास में परिवर्तित हो और विद्यालय ही एक ऐसी जगह है जहां से यह संभव है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अध्यापकों के मानकों को बढ़ाने एवं वर्तमान स्थिति में परिवर्तन की कल्पना करती है। शिक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे पढने व लेक्चर देने के बजाय फैसिलिटेटर और मैंटर के रूप में कार्य करें। अध्यापक कक्षा कक्ष में इस तरह से सिखाएं कि बच्चों के बीच रचनात्मकता, जिज्ञासा, ज्ञान व सूचना की भूख बढ़े। शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रचार व प्रसार एवं बच्चों में इसकी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे डिजिटल रूप से भी साक्षर हों। विद्यालय में अध्यापकों की दिनचर्या बच्चों के साथ इस तरह से हो जिसमें उनके संज्ञानात्मक, भावनात्मक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास एवं कल्याण विकसित हो सके और अध्यापक बच्चों के अंदर एक समग्र विकास की लौ जगा सकें।

## देश दुनीया से

# ममता सरकार और अदालती फैसले

**कानून** व्यवस्था से खिलवाड़, भ्रष्टाचार और वोट बैंक के लिए सरेआम तुष्टिकरण जैसी नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जितनी लताड़ खाई है, उतनी देश के किसी अन्य राज्यों की सरकारों ने शायद ही कभी खाई हो। आश्चर्य की बात यह है कि अदालतों से मिली मुकदमों में हार और फटकार के बावजूद ममता सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिमी बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो। नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इनकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने इस दलील को मान लिया कि ये सब बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। सीबीआई जांच काफी आगे पहुंच गई है। अब इसमें दखल देते हुए रोकना उचित नहीं है। इससे पहले भी ममता सरकार को भ्रष्टाचार सहित कई दूसरे महत्वपूर्ण मामलों में सुप्रीम कोर्ट से हार का सामना करना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट से मिली लताड़ और हार के बावजूद ममता सरकार के रवैये में कोई विशेष सुधार नहीं आया। सरकार की न तो कार्यशैली बदली और न ही तृणमूल कांग्रेस में कोई तब्दीली नजर आई। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की बिना यूपीएससी के दखल के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की अनुमति देने की याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी के मामले में कहा था कि हमारे पिछले आदेश में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने बार-बार एक ही तरह की याचिका दाखिल करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह के आवेदन कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट एक पुराने आदेश में कह चुका है कि हर राज्य को डीजीपी की नियुक्ति से पहले यूपीएससी से योग्य अधिकारियों की लिस्ट लेनी होगी। उसी लिस्ट में से चयन करना होगा। पश्चिम बंगाल सरकार का कहना था कि यह व्यवस्था गलत है। राज्य सरकार को चयन का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था को लेकर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों की राज्यों सरकारों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। इन मामलों की तरह ही इस साल पश्चिम बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच सौंपने का आदेश दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने साफ कहा कि हम विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार ने एनआईए को जांच ट्रांसफर करने के हाई कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए कहा था कि किसी भी विस्फोटक का इस्तेमाल नहीं किया गया था और यह निर्देश राजनीतिक रूप से पारित किया गया था। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की तरफ से याचिका डाली गई थी।

> ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिमी बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो। नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है।



# चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना! क्या अब ड्रैगन अपने पड़ोस से परे देख रहा

**सियोल।**
चीन ने दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक बेड़ा का निर्माण किया है इसमें 340 से अधिक युद्धपोत शामिल हैं। साथ ही हाल तक इसे ग्रीन वाटर नेवी के रूप में माना जाता रहा है, जो ज्यादातर देश के तटों के पास काम करती है, लेकिन चीन के जहाज निर्माण से उसकी समुद्री महत्वाकांक्षाओं का पता चलता है। हाल के वर्षों में चीन ने खुले समुद्र में काम करने और बीजिंग से हजारों मील दूर प्रोजेक्ट पावर की क्षमता वाले बड़े निर्देशित-मिसाइल 5सक, जल और जमीन पर हमला करने वाले जहाज और विमान वाहक लॉन्च किए हैं। लेकिन वैश्विक पहुंच बनाए रखने के लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी को अपने घर से दूर ईंधन भरने और अन्य प्रावधानों को पूरा करने के लिए उन समुद्री जहाजों के लिए स्थानों की आवश्यकता होगी। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज (एफडीडी) के नए विश्लेषण में कहा गया है कि बंदरगाह तक पहुंच के लिए बीजिंग के बढ़ते दबाव में कंबोडिया में एक नौसैनिक अड्डा बनाने में मदद करना और अफ्रीका के अटलांटिक तट तक सैन्य चौकियों के लिए अन्य संभावित स्थानों की तलाश करना शामिल है। एफडीडी रिपोर्ट और क्यूबा जैसे स्थानों में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के केंद्रों द्वारा बढ़ाया गया है, जो अंतरिक्ष की निगरानी और सैटेलाइट्स को ट्रैक करने से लेकर पश्चिमी देशों के संचार पर नजर रखने तक सब कुछ कर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन प्रयासों का उद्देश्य चीन की सैन्य पहुंच को बढ़ाना है, क्योंकि वर्तमान में हॉर्न ऑफ अफ्रीका पर जिबूती में केवल एक परिचालन विदेशी नौसैनिक अड्डा है।

जबकि चीन का कहना है कि जिबूती का नौसैनिक अड्डा अफ्रीका और पश्चिम एशिया में उसके समुद्री डकैती विरोधी और मानवीय मिशनों का समर्थन करता है। चीनी अधिकारियों ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि बीजिंग विदेश में विस्तार या प्रभाव क्षेत्र नहीं चाहता है और उन्होंने विभिन्न दावों को खारिज कर दिया है कि वह उनकी भूमि पर विदेशी अड्डे स्थापित करने के लिए अन्य देशों के साथ सहयोग कर रहा है। लेकिन एफडीडी ने अपने निष्कर्ष का समर्थन करने के लिए ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस और रिपोर्टिंग एकत्र की है, जिसमें कहा गया है कि चीन ज्यादा नौसैनिक चौकियों का निर्माण कर रहा है, जिसमें सैटेलाइट इमेजरी भी शामिल है जो कंबोडिया के पश्चिमी तट से थाईलैंड की खाड़ी तक फैले एक ठूंठदार प्रायद्वीप पर स्थित रीम नेवल बेस के उल्लेखनीय विकास को दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है, पीएलए की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और सीमित युद्ध सहित व्यापक स्तर के मिशनों को संचालित करने की क्षमता, अमेरिका और इंडो-पैसिफिक में उसके सहयोगियों के साथ-साथ अन्य ऑपरेशनल थिएटरों के लिए बड़े जोखिम पैदा करती है।


## न्यूज ब्रीफ

### यूक्रेन को कम रेडियोएक्टिव यूरेनियम वाले गोला-बारूद देगा अमेरिका: ये सुरक्षा कवच भेदने में माहिर; रूसी टैंकों को तबाह कर सकते हैं



**कीव।** अमेरिका पहली बार यूक्रेन को डिप्लीटेड यूरेनियम से लैस गोला-बारूद (जिसमें यूरेनियम की मात्रा कम हो) भेजने वाला है। रॉयटर्स के मुताबिक, ये हथियार रूसी टैंकों को तबाह करने में सक्षम होंगे। इन हथियारों की सप्लाई की घोषणा अगले हफ्ते हो सकती है। इन गोला-बारूद को अमेरिका के अब्राम टैंकरों से फायर किया जा सकेगा। ये हथियार अमेरिका के यूक्रेन के लिए नए पैकेज का हिस्सा होंगे। ये एड पैकेज करीब 3 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है। यूरेनियम एक रेडियोएक्टिव मैटीरियल है, जिसके एक आइसोटोप का इस्तेमाल परमाणु बम में भी किया जाता है। इससे पहले ब्रिटेन ने भी मार्च में यूक्रेन को ऐसे ही हथियार भेजे थे। इसी के बाद नाराज रूस ने बेलारूस में अपने परमाणु हथियार तैनात करने का फैसला लिया था। ये पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका यूक्रेन को कोई विवादित हथियार भेज रहा है। इससे पहले अमेरिका ने क्लस्टर हथियारों की सप्लाई की थी, जिसका यूक्रेन जंग में इस्तेमाल कर रहा है। कम यूरेनियम वाले इस तरह के हथियारों को लेकर कई बार बहस हो चुकी है। इंटरनेशनल कोलिशन ने यूरेनियम वाले हथियारों को बैन करने की भी मांग की थी, क्योंकि इनसे कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। इससे पहले जब ब्रिटेन ने ऐसे हथियार यूक्रेन भेजे थे, तब रूस ने इसका काफी विरोध किया था।

### अटक जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की बढ़ रहीं मुश्किलें, पुलिस वकीलों को मुलाकात करने से रोक रही



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ जहां दावा किया जा रहा है कि उन्हें बहुत बुरे हालातों में जेल में रखा गया है। वहीं अब उनसे उनके वकीलों को नहीं मिलने दिया जा रहा। दरअसल, उनके वकील शीराज अहमद रांझा और गोहर अली उनसे मिलने जेल पहुंचे थे, जहा पुलिस ने रोक लिया। अटक जेल के अधिकारियों मे वकीलों को मुलाकात करने की अनुमति नहीं दी। गोहर अली ने बताया कि पीटीआई नेता की सजा निलंबित कर दी गई है और उन्हें सिफर मामले के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेशों के बावजूद खान से मिलने नहीं दिया जा रहा है। वहीं, रांझा ने कहा कि अदालत ने जेल अधिकारियों को आदेश दिया था कि वह पीटीआई प्रमुख और उनके बेटों के बीच फोन पर बात करने की अनुमति दी जाए। इसके बाद भी जेल अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। वह बात करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख का प्रतिनिधित्व करने वाली कानूनी टीम को कल खान की रिमांड की जानकारी और सिफर मामले का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री की कानूनी टीम को दिया गया था। बता दें, पीटीआई अध्यक्ष के वकील ने अदालत से सिफर केस रिकॉर्ड मांगा था। अदालत द्वारा याचिका स्वीकार किए जाने के बाद रिकॉर्ड कानूनी टीम को सौंप दिया गया था।

### चीन के दक्षिणी तट से टकराया तूफान साओला: 160 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल रही, 9 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा

**बीजिंग।** तूफान साओला चीन के ग्वांगडोंग में दक्षिणी तट से टकरा गया है। इससे पहले चीन के तटीय शहर शेनझेन में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बंद कर दिया गया था। आस-पास के इलाकों में स्कूलों और दुकानों को बंद भी बंद कराया गया है। तूफान के कारण चीन में एक व्यक्ति की मौत की भी खबर हैं। हवाएं 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हैं। 9 लाख लोगों को उनके घरों से निकालकर सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। चीनी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ये तूफान 1949 के बाद से दक्षिणी प्रांत में आने वाले पांच सबसे ताकतवर तूफानों में से एक हो सकता है। खराब मौसम के चलते चीन में सैकड़ों फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। शेनजेन, हांगकांग और मकाऊ में तेज हवाएं चल रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि ज्वार सामान्य से 13 फीट अधिक के रिकार्ड स्तर तक पहुंच गया। शहरों में शाम के समय से ही काफी तेज हवा चल रही है। तेज हवा के कारण तूफान के चीन के तट से टकराने के बाद बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

## पहली बार इजराइल-अमेरिकी रिश्तों में तनाव

# नेतन्याहू ने मंत्रियों से कहा- यूएस के किसी मिनिस्टर से न मिलें; बाइडेन के बयान से बिगड़े हालात

**वॉशिंगटन/तेल अवीव।**
दो जिस्म एक जान कहे जाने वाले अमेरिका और इजराइल के रिश्तों में इस वक्त जबरदस्त तनाव है। हालात ये हो चुके हैं कि इजराइली प्राइम मिनिस्टर बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने तमाम कैबिनेट मिनिस्टर्स को साफ ऑर्डर दिया है कि वो उनकी (नेतन्याहू) परमिशन के बिना अमेरिका के किसी डिप्लोमैट या मिनिस्टर से मुलाकात न करें।

गल्फ रीजन के बड़े ने इस तनाव के बारे में स्पेशल रिपोर्ट पब्लिश की है। दोनों देशों के बीच इस टेंशन की वजह 29 मार्च को दिया गया प्रेसिडेंट जो बाइडेन का एक बयान बना था। तब इजराइल में ज्यूडिशियल ओवरहॉल (न्यायिक सुधार) बिल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे थे। बाइडेन ने मीडिया से बातचीत में कहा था- नेतन्याहू को जिद छोड़कर यह बिल वापस लेना चाहिए। डेमोक्रेसी की हिफाजत जरूरी है।



### तनाव बढ़ने के 4 कारण

नेन्याहू को पांचवी बार प्रधानमंत्री बने करीब 8 महीने हो चुके हैं। इस दौरान बाइडेन से उनकी एक भी बार मुलाकात नहीं हुई। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रेसिडेंट बाइडेन को यह पसंद नहीं आया कि नेतन्याहू इजराइल के कट्टरपंथी और अरब विरोधी नेताओं की पार्टियों से अलायंस करें और सरकार बनाएं। यह रवैया नेतन्याहू को गवारा नहीं था।

15 मार्च को इजराइल की कट्टरपंथी सरकार ने एक बिल पास किया। इसमें 2005 की उस डील को रद्द कर दिया गया, जिसमें कहा गया था कि इजराइली फौज वेस्ट बैंक के एक खास हिस्से से हट जाएंगी और वहां फिलिस्तीन का कब्जा होगा। इससे अमेरिका और अरब देश नाराज हो गए। हद तो तब हो गई जब 22 मार्च को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस मामले में विरोध जताने के लिए इजराइली एम्बेसेडर को तलब कर लिया। यह बिल्कुल पहली बार था।

इसके बाद ज्यूडिशियल रिफॉर्म के लिए नेतन्याहू सरकार बिल लाई। हजारों नागरिकों ने सड़कों पर इसका विरोध किया और यह अब भी जारी है। बाइडेन ने नेतन्याहू से इस बिल को वापस लेने को कहा। नाराज नेतन्याहू ने कहा- ये हमारा अंदरूनी मामला है। इसमें कोई दखलंदाजी न करे।

पिछले दिनों इजराइल के विदेश मंत्री रोम में लीबियाई विदेश मंत्री से मिले। खबर इजराइली खेमे ने ही लीक की। इस वजह से लीबियाई विदेश मंत्री को सस्पेंड कर दिया गया। वो देश छोड़कर भी चली गईं। अमेरिकी डिप्लोमैट ने इसे सीक्रेसी और भरोसा तोड़ने वाली हरकत बताया।

**अमेरिका जाएं, लेकिन अमेरिकी मिनिस्टर्स से न मिलें** - रिपोर्ट के मुताबिक- नेतन्याहू ने अपने कैबिनेट मिनिस्टर्स को सख्त हिदायत दी है कि वो अमेरिका जाएं, लेकिन वहां बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन के किसी मिनिस्टर या डिप्लोमैट से मुलाकात न करें। अगर मुलाकात जरूरी है तो इसके पहले उनकी (नेतन्याहू) की इजाजत लें। इसकी एक मिसाल इसी हफ्ते सामने आई। दरअसल, इजराइली डिफेंस मिनिस्टर योव गैलात न्यूयॉर्क गए। रिपोर्ट के मुताबिक- गैलात से कहा गया था कि वो यूएन जरूर जाएं, लेकिन वहां अमेरिकी डिफेंस मिनिस्टर लॉयड ऑस्टिन, जेक सुलिवन या वहां के किसी और अफसर से मुलाकात न करें। इतना ही नहीं, वो वॉशिंगटन या पेंटागन के आसपास भी न जाएं। रिपोर्ट के मुताबिक- बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन की नजर में इजराइल की ये नेतन्याहू सरकार वहां के इतिहास की सबसे कट्टरपंथी गवर्नमेंट है। अमेरिका अगर इस पर दबाव डालेगा तो रिश्ते बद से बदतर हो जाएंगे और घाटा अमेरिका का ही होगा। वो एक ताकतवर और भरोसेमंद दोस्त खो देगा। सऊदी अरब के मामले में बाइडेन की गलती उन्हें पहले ही भारी पड़ रही है। सऊदी अब चीन के करीब जाने लगा है।

**नेतन्याहू सरकार का एक बिल और दिक्कतें** - एक महीने पहले इजराइली संसद (नीसेट) ने ज्यूडिशियल ओवरहॉल (न्यायिक सुधार) से जुड़ा अहम बिल पास किया था। इस बिल के पास होने के बाद देश की कोई भी अदालत मोटे तौर पर सरकार या किसी मिनिस्टर द्वारा दिए गए ऑर्डर पर रोक नहीं लगा सकेगी। इससे जुड़ी दो बातें जानना जरूरी है। पहली- ज्यूडिशियल ओवरहॉल (या ज्यूडिशियल रिफॉर्म) एक लंबा प्रोसेस हैं और इसमें कई बिल पास होने हैं। अभी सिर्फ एक बिल पास हुआ है। दूसरी- बिल में कुछ बदलाव किए गए हैं। मोटे तौर पर कहा जाए तो सरकार के फैसलों को अदालतें रोक तो नहीं पाएंगी, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि सरकार अपनी मर्जी थोप सकेगी। उस हर आदेश के पीछे के कारण न सिर्फ बताने होंगे, बल्कि इन्हें साबित भी करना होगा। नेतन्याहू ने इस बिल को पास कराने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। ज्यूडिशियल ओवरहॉल के मोर्चे पर उन्होंने पहली और सबसे अहम जीत तो हासिल कर ली थी। बिल के पक्ष में 64 और विरोध में 0 वोट पड़े थे। अपोजिशन संसद में मौजूद ही नहीं थी।

**क्या हैं इस बिल के मायने** - इजराइल में ज्यादातर सरकारें गठबंधन यानी अलायंस वाली होती हैं। इसकी वजह ये है कि कई छोटी-बड़ी पार्टियां हैं और किसी एक को बहुमत मिलना बहुत मुश्किल होता है।

## नॉर्थ कोरिया ने येलो सी में क्रूज मिसाइलें दागीं

# 3 दिन में दूसरा परीक्षण; साउथ कोरिया ने कहा- हम खतरे से निपटने के लिए तैयार



**प्योंगयांग।**
नॉर्थ कोरिया ने येलो सी में कई क्रूज मिसाइलें दागीं हैं। इस बात की जानकारी साउथ कोरिया की सेना ने दी है। नॉर्थ कोरिया ने शनिवार सुबह को ये मिसाइले लॉन्च की है। इससे कुछ दिन पहले ही नॉर्थ कोरिया ने अपने पूर्वी तट के पास दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था। नॉर्थ कोरिया ने इसे साउथ कोरिया पर सिम्युलेटेड न्यूक्लियर स्ट्राइक कहा था। साउथ कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने अपने बयान में बताया कि मिसाइलों को यलो सी की तरफ लांच किया गया। इन्हें स्थानीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 4 बजे लॉन्च किया गया था। अमेरिका और साउथ कोरिया की इंटेलिजेंस एजेंसियां लॉन्चिंग डिटेल्स की जांच कर रही हैं। जॉइंट चीफ ने कहा कि हमारी सेना अमेरिका के साथ मिलकर अपनी तैयारियों को बरकरार रखा है। नॉर्थ कोरिया ने 3 दिन में ये दूसरा मिसाइल परीक्षण किया है। इससे पहले गुरुवार यानी 31 अगस्त को दो शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों को लॉन्च किया था। ये सिम्युलेटेड न्यूक्लिर अटैक एक्सरसाइज साउथ कोरिया के मिलिट्री कमांड सेंटर्स और एयरफील्ड को निशाना बनाने की तैयारी के मकसद की गई थी। इस परीक्षण के बाद नॉर्थ कोरिया ने कहा था कि जरूरत पड़ी तो साउथ कोरिया पर कब्जा भी करेंगे। इस सिम्युलेशन को साउथ कोरिया और अमेरिका के बीच 11 दिन तक चले युद्धाभ्यास के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। इस युद्धाभ्यास को नॉर्थ कोरिया लगातार उस पर हमले की तैयारी के तौर पर बता रहा था। इस युद्धाभ्यास के दौरान एक अमेरिकी बी-1बी बमवर्षक विमान ने कोरियाई प्रायद्वीप के ऊपर से उड़ान भी भरी। मार्च में नॉर्थ कोरिया ने कई इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल सहित दूसरी मिसाइलों की टेस्टिंग की थी। देश ने पहली बार अपने परमाणु हथियार दुनिया के सामने पेश किए थे। इस दौरान नॉर्थ कोरिया ने और भी खतरनाक परमाणु हथियार बनाने की बात कही थी। न्यूक्लियर एक्सपर्ट्स का मानना है कि नॉर्थ कोरिया के हथियार बेशक छोटे हैं।

# जॉर्डन में टीचर्स का नौकरी से पहले प्रेग्नेंसी टेस्ट: समर वैकेशन्स में इनसे रिजाइन भी लेते हैं प्राईवेट स्कूल, अब एक्शन में सरकार

**अम्मान।**
अरब देश जॉर्डन के प्राईवेट स्कूल्स टीचर्स को अपॉइंट करने से पहले उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने को मजबूर करते हैं। अपॉइंटमेंट के वक्त इन्हें 'नो प्रेग्नेंसी सर्टिफिकेट' भी सबमिट कराना होता है। इतना ही नहीं जैसे ही स्कूलों में समर वैकेशन शुरू होती हैं तो प्राईवेट स्कूल टीचर्स को रिजाइन के लिए मजबूर करते हैं। एक रिपोर्ट में इन बातों की जानकारी दी है। इसके बाद जॉर्डन की सरकार एक्शन में आ गई है। लेबर मिनिस्ट्री न सिर्फ इस तरह के मामलों की जांच कर रही है, बल्कि संबंधित एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स के खिलाफ एक्शन भी लेने की तैयारी है।



### सैलरी भी कम

प्राईवेट स्कूल टीचर्स कमेटी के चेयरमैन लॉय अल रमाही के मुताबिक- हाल ही में प्राईवेट स्कूल एजुकेशन का एक सर्वे किया गया था। हमें 65 हजार शिकायतें मिल चुकी हैं। कई शिकायतें बहुत गंभीर हैं। रमाही ने कहा- प्राईवेट स्कूल में मिनिमम वेज के हिसाब से भी सैलरी नहीं दी जाती है। महिला टीचर्स को अपॉइंटमेंट से पहले नो प्रेग्नेंसी सर्टिफिकेट देना होता है। समर वैकेशन्स में कई टीचर्स को ये स्कूल रिजाइन के लिए मजबूर करते हैं, ताकि उन्हें बिना काम के सैलरी न देनी पड़े। इस बार में जब जांच की गई तो ज्यादातर शिकायतें सही पाई गईं। कुछ टीचर्स से दूसरे क्लैरिकल काम भी कराए जाते हैं।

### अब एक्शन में सरकार

तमाम शिकायतें मिलने के बाद जॉर्डन के लेबर मिनिस्ट्री हरकत में आ गई। इसके स्पोक्सपर्सन मोहम्मद जाएद ने कहा- कोई भी स्कूल टीचर के प्रेग्नेंट होने पर उसका कॉन्ट्रैक्ट रद्द नहीं कर सकता। उनको ये अधिकार भी नहीं है कि वो किसी टीचर्स को मैटरनिटी लीव पर जाने से रोकें। हमने एक सर्कुलर जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि अगर किसी टीचर के साथ कोई प्राईवेट स्कूल अगर इस तरह का बर्ताव करता है तो हमसे शिकायत करें। जाएद ने कहा- प्राईवेट स्कूल किसी सूरत में मनमानी नहीं कर सकते।

# भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम सिंगापुर के 9वें राष्ट्रपति बने: चीनी मूल के 2 विरोधियों को हराया; 70 फीसदी वोटों से जीता चुनाव

**सिंगापुर।**
भारतवंशी थर्मन शनमुगरत्नम ने सिंगापुर का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। वे देश के 9वें राष्ट्रपति होंगे। चुनाव आयोग ने इसका ऐलान किया। थर्मन ने चीनी मूल के 2 विरोधियों को करारी शिकस्त दी है। 1 सितंबर को हुए मतदान में उन्हें कुल 70.4प्रतिशत वोट मिले। सिंगापुर के इलेक्शन डिपार्टमेंट के मुताबिक शुक्रवार (1 सितंबर) को हुई वोटिंग में सिंगापुर के करीब 27 लाख लोगों में से 25.3 लाख लोगों ने मतदान किया और 93.4प्रतिशत वोटिंग हुई शनमुगरत्नम के विरोधियों एनजी कोक सांग को 15.72प्रतिशत और टेन किन लियान को 13.88प्रतिशत वोट मिले हैं। थर्मन को दोनों के वोट के दोगुना वोट मिले हैं।

### हारे हुए केंडीडेट बोले- संसद ही चुने राष्ट्रपति

चुनावी नतीजे जारी होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनमुगरत्नम को बधाई दी। उन्होंने कहा- मैं सिंगापुर और भारत के रिश्तों को बेहतर करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली हसैन लूंग ने भी थर्मन को बधाई देते हुए कहा है कि वो भारी सफलता से राष्ट्रपति पद के दायित्वों को पूरा करेंगे। जीत के



बाद थर्मन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सिंगापुर के मतदाताओं को सही फैसला लेने के लिए धन्यवाद। वहीं, हार से बौखलाए टेन किन लियान ने कहा कि सिंगापुर चुनाव की जगह पुराने तरीके लागू करें, जिसमें संसद ही राष्ट्रपति का चुनाव करती थी। दरअसल, सिंगापुर में 11 साल बाद राष्ट्रपति को चुनने के लिए लोगों ने मतदान किया है। भारत की तरह की सिंगापुर में भी राष्ट्रपति सेरेमोनियल पोस्ट होती है। शनमुगरत्नम ने सिंगापुर की सत्ताधारी पार्टी पीपल्स एक्शन पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ा था।हारने वाले दूसरे कैंडिडेट एनजी कोक सांग ने कहा कि मैं 100 फीसदी सफल रहा। मैं लोगों को वोट देने का मौका देना चाहता था थर्मन 25 फरवरी 1957 को सिंगापुर में जन्मे हैं। उनके दादा तमिलनाडु से जाकर सिंगापुर में बसे थे। थर्मन के पिता प्रो.के. शनमुगरत्नम थे। जो एक चिकित्सा वैज्ञानिक थे। जिन्हें सिंगापुर में पैथोलॉजी के जनक माना जाता है। कैम्ब्रिज के अर्थशास्त्री थर्मन सिंगापुर के 'पॉलिसी मेकर' रहे हैं। वे ग्लोबल फोरम पर सिंगापुर और भारत जैसे देशों की बात को बेबाकी से रखने के लिए जाने जाते हैं। वे कहते हैं कि चीन-अमेरिका दोनों महाशक्तियों को यह अहंकार छोड़ने की जरूरत है कि वे सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि विकासशील देश बहुत जरूरी हैं। थर्मन की पत्नी जेन इटोगी चीनी-जापानी मूल की हैं। वो उन्हें कैंब्रिज में मिली थीं। उनकी एक बेटी और 3 बेटे हैं। बेटी माया वकील, बेटा आकाश सॉफ्टवेयर टेक कंपनी क्रियोन डेटा के सह संस्थापक हैं। वहीं, कृष्ण इकोनॉमिक्स, जबकि अर्जुन सिंगापुर अमेरिकन स्कूल के छात्र हैं।

थर्मन मतदान से राष्ट्रपति पद तक पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। वहीं, सिंगापुर में भारतीय मूल के तीसरे राष्ट्रपति बने हैं। 1981 में संसद में चुने गए देवेन नायर राष्ट्रपति बने थे। एस. आर. नाथन 1999 से 2011 तक 11 साल तक राष्ट्रपति रहे। वे निर्विरोध चुने गए थे। 1991 के बाद से आम लोग वोटिंग से राष्ट्रपति चुनते हैं।

## डिमेंशिया को रोकने में 'माइंड डाइट' हो सकती है कारगर

# याददाश्त कमजोर होने की दर धीमी होती है; 40प्रतिशत केस सही आहार, नींद से रोकना संभव

**शिकागो।**
आहार शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बड़ा असर डालता है। एक विशेष आहार का सेवन हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है। दुनियाभर में 5.5 करोड़ लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं। जिसमें 40प्रतिशत मामलों को व्यायाम, नींद और बेहतर आहार से रोका जा सकता है। डिमेंशिया से बचने के लिए 'माइंड डाइट' को सबसे बेहतर माना जा रहा है। जो लोग माइंड डाइट का पालन करते हैं, उनकी याददाश्त कमजोर होने की दर धीमी होती है। डिमेंशिया का जोखिम कम होता है। माइंड डाइट का सबसे पहला जिक्र रश यूनिवर्सिटी के पोषण विशेषज्ञ मार्था क्लेयर मॉरिस ने किया था। जो लोग डीएएसएच और मेडिटेरेनियन आहार का पालन करते हैं और फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, प्रोटीन और स्वस्थ वसा लेते हैं, उनमें डिमेंशिया के लक्षण नजर नहीं आते। यह भी देखा गया कि पत्तेदार साग, जामुन, नट्स और साबुत अनाज जैसे विशिष्ट खाद्य पदार्थ बेहतर मस्तिष्क स्वास्थ्य से जुड़े है। प्रोबायोटिक्स उम्र बढ़ने से साथ याददाश्त और सोचने की क्षमता को कमजोर होने से रोक सकते हैं। इससे अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसे बीमारियों के असर को कम किया जा सकता है। अच्छे बैक्टीरिया को प्रोबायोटिक्स कहते हैं। बैक्टीरिया या वायरस सुनते ही लगता है कि बीमारी की बात हो रही है, लेकिन हर बैक्टीरिया हमें नुकसान नहीं पहुंचाता। कुछ बैक्टीरिया हमारे दोस्त होते हैं, तो कुछ हमें नुकसान पहुंचाते हैं। दोनों तरह के बैक्टीरिया हमारे रेस्पिरेटरी (श्वास नली) और डाइजेस्टिव सिस्टम (पेट/गट) में 'चेक एंड बैलेंस' का काम करते हैं। अगर आपने किसी बीमारी की वजह से एंटीबायोटिक गोलियां ज्यादा



खाई हैं तो इसके नुकसान को कम करने के लिए प्रोबायोटिक्स काम आते हैं। इन प्रोबायोटिक्स को फूड और न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स के जरिए लिया जा सकता है।

### प्रोबायोटिक फूड के फायदे

**बेहतर पाचन** - प्रोबायोटिक फूडसप्लीमेंट्स पेट (गट) में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं। ये गट-फ्रैंडली बैक्टीरिया भोजन के प्रतिरोधी फाइबर को तोड़ कर डाइजेशन को इंप्रूव करते हैं।

**वजन प्रबंधन** - रेसिस्टैंट स्टार्ट के टूटने से ब्यूटायरेट नामक कंपाउंड बनता है, यह मेटाबॉलिज्म को बेहतर करने में मदद करता है। जिस वजह से वजन प्रबंधन होता है। ब्यूटायरेट मोटापे को भी दूर रखता है।

**इम्यूनिटी** - 70 फीसद इम्यून सिस्टम पाचन तंत्र में होता है, जो गट-फ्रैंडली बैक्टीरिया से युक्त होता है। इसलिए प्रोबायोटिक फूड इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में और मदद करते हैं। अगर शरीर में हेल्दी गट-बैक्टीरिया की कमी है तो ऑटोइम्यून बीमारियां जैसे क्रोहन या अल्सरेटिव कोलिटिस हो सकता है। प्रोबायोटिक शरीर में नेचुरल एंटीबॉडीज को बनाते हैं।

**हार्मोनल बैलेंस** - अनहेल्दी और अच्छे बैक्टीरिया की कमी से महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन प्रभावित होता है। एस्ट्रोजन के असंतुलन से पीसीओएस और इंफर्टिलिटी जैसी बीमारियां होती हैं। एस्ट्रोजन हार्मोन के इंबैलेंस से मेंस्ट्रुअल साइकिल में भी परेशानियां पैदा होती हैं। प्रोबायोटिक फूड्स महिलाओं के हार्मोन को बैलेंस करते हैं।

**ब्लड शुगर कंट्रोल** - प्रोबायोटिक फूड ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करते हैं। ये इंफ्लामेशन को कम करने वाले गुड बैक्टीरिया पर भी काम करते हैं।

**बेहतर नींद में मददगार** - लैक्टोबैसिलस हेल्वेटिकस और बिफीडोबैक्टीरियम लोंगम नामक प्रोबायोटिक बैक्टीरिया एंग्जाइटी के लक्षमों को कम करते हैं जिससे नींद बेहतर होती है।




# मारुति सुजुकी ऑल टाइम हाई पर : अगस्त में सबसे ज्यादा 1.89 लाख गाड़ियां बेचीं, शेयर भी 10,397 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।**
देश की प्रमुख ऑटोमेकर कंपनी मारुति सुजुकी की गाड़ियों की मंथली सेल्स ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई हैं। कंपनी ने अगस्त के महीने में सालाना आधार पर 14.5प्रतिशत ग्रोथ के साथ 1.89 लाख गाड़ियां बेची हैं। यह मारुति की एक महीने में अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री है। इससे पहले कंपनी ने अक्टूबर 2020 में एक महीने में 1,82,448 गाड़ियां बेची थीं।

पिछले साल अगस्त में कंपनी ने 1,65,173 यूनिट भेजी थीं। इसके साथ ही कंपनी के शेयर ने भी 10,397 रुपए के लेवल पर ऑल टाइम हाई बनाया।

**यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 16प्रतिशत बढ़ी** – मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कुल यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 16प्रतिशत वृद्धि के साथ 1.56 लाख यूनिट रही, जो अगस्त 2022 में 1,34 लाख यूनिट थी। अल्टो, एस-प्रेसो जैसी छोटी कार की बिक्री घटकर 12,209 यूनिट रही, जो अगस्त 2022 में 22,162 यूनिट थी।

**24,614 यूनिट विदेश में एक्सपोर्ट कीं** – बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पेक्ट कार की 72,451 यूनिट बेची गई, जो अगस्त 2022 में 71,557 यूनिट थी। ब्रेजा, अर्टिगा, फ्रोंक्स, ग्रांड विटारा, जिम्नी और जैसे मल्टी परपस व्हीकल वाहनों की अगस्त में 58,746 यूनिट बिकीं, जो पिछले वर्ष अगस्त में 26,932 यूनिट थी। कहा कि अगस्त में उसका निर्यात 24,614 यूनिट रहा, जो पिछले वर्ष समान माह में 21,481 यूनिट था।

**ऑल टाइम हाई पर पहुंचा कंपनी का शेयर** – सेल्स के आंकड़े आने के बाद मारुति का शेयर 3प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 10,320 रुपए पर बंद हुआ, यह इसका नया क्लोजिंग हाई है। वहीं कारोबार के दौरान मारुति के शेयर ने अपना 10,397 रुपए का नया ऑल टाइम हाई और 52 वीक हाई भी बनाया है।

**मारुति की सबसे महंगी कार इनविक्टो लॉन्च** – मारुति सुजुकी ने 5 जुलाई अपनी पहली प्रीमियम एमपीवी इनविक्टो को भारत में लॉन्च किया था। ये कंपनी की सबसे महंगी कार है। कार की शुरुआती कीमत 24.79 लाख रुपए है जो टॉप वैरिएंट में 28.42 लाख रुपए तक जाती है। इनविक्टो को हर महीने 61,860 रुपए के सब्सक्रिप्शन पर भी लिया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती; डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर शुल्क बढ़ाया गया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में उत्पादन किए जाने वाले कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की है, जबकि डीजल और एटीएफ (विमान ईंधन) के निर्यात पर लेवी (उपकर) बढ़ा दी गई है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाने वाला कर घटाकर 6,700 रुपये प्रति टन कर दिया गया है, जो पहले 7,100 रुपये प्रति टन था। अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर एसएईडी बढ़ाकर छह रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 5.50 रुपये प्रति लीटर था। वहीं, विमान ईंधन पर एसएईडी दो रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर चार रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पेट्रोल के निर्यात पर एसएईडी शून्य बना हुआ है। एक सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, कर की नई दरें लागू हो गई हैं। भारत ने पहली बार पिछले साल एक जुलाई को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। इसी के साथ भारत उन देशों की बढ़ती संख्या में शामिल हो गया है जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर छह रुपये प्रति लीटर (12 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल) और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर (26 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल) का निर्यात शुल्क लगाया गया था। तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर 23,250 रुपये प्रति टन (40 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल) अप्रत्याशित लाभ कर भी लगाया गया था। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है। केंद्र ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए राज्यों से लॉजिस्टिक नीति बनाने को कहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्यों के मास्टर प्लान के लिए गुणवत्तापूर्ण डाटा जुटाने का सुझाव भी दिया गया है, ताकि पीएम गतिशक्ति पहल को व्यापक रूप से अपनाया जा सके। यह पहल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की उचित योजना बनाने और कार्यान्वयन में मदद करती है।

### काम को बोझ को कम करने की कवायद, दक्षिण कोरिया घरेलू कामकाज के लिए विदेशों से बुलाएगा कर्मचारी

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया लगातार जनसंख्या बढ़ाने पर जोर दे रहा है। वह युवाओं में शादी और बच्चे



पैदा करने में दिलचस्पी लेने के लिए लगातार नए-नए पैतरे आजमा रहा है। इसी क्रम में, उसने अब फैसला लिया है कि वह घरेलू कामकाज और बच्चों की देखभाल का बोझ कम करने के लिए विदेशों से कर्मचारी बुलाएगा। सरकार ने घोषणा की कि राजधानी सियोल में 100 विदेशी घरेलू सहायकों को काम शुरू करने की अनुमति देने वाला एक पायलट कार्यक्रम दिसंबर में शुरू किया जाएगा। यह योजना विदेशी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए पात्र उद्योगों और कंपनियों की संख्या का विस्तार करेगी। गौरतलब है, दक्षिण कोरिया फिलहाल जनसंख्या की कमी से जूझ रहा है। पायलट कार्यक्रम विदेशी घरेलू कामगारों को 20 से 40 वर्ष की आयु के दोहरे आय वाले विवाहित जोड़ों, एकल-माता-पिता वाले परिवारों और बहु-बाल परिवारों में भेजने को प्राथमिकता देगा, क्योंकि इन लोगों को घरेलू काम में मदद की सबसे अधिक मांग है। प्रधानमंत्री कार्यालय का कहना है कि कार्यक्रम का उद्देश्य घर के काम और बच्चों की देखभाल के बोझ को कम करना है।

### चावल प्रतिबंध से छूट देने पर सिंगापुर ने भारत को किया धन्यवाद, कहा- यह मजबूत दोस्ती की निशानी

**सिंगापुर ।** सिंगापुर ने भारत को चावल पर लगे प्रतिबंध से छूट देने के लिए भारत का धन्यवाद किया है और साथ ही दोनों देशों के बीच की दोस्ती को और मजबूत करने की सराहना भी की है। भारत में सिंगापुर के राजदूत ने ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर ट्विट कर कहा, सिंगापुर भारत सरकार को चावल पर लगे प्रतिबंध पर छूट देने के लिए धन्यवाद करता है। दोनों ही देश मजबूत रणनीतिक साझेदार है। हमारी यह मजबूत दोस्ती सराहनीय है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, भारत और सिंगापुर के रिश्ते मजबूत हैं और इसी वजह से भारत ने खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सिंगापुर को चावल निर्यात करने का फैसला किया है। भारत ने 27 अगस्त को बासमती चावल के निर्यात पर अतिरिक्त सतर्कता के मद्देनजर अहम कदम उठाए थे। इसका मकसद गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात को रोकना था, जो वर्तमान में निषिद्ध श्रेणी में है। इससे पहले सरकार ने बताया कि उन्हें गैर-बासमती चावल के अवैध निर्यात के संबंध में कई रिपोर्ट मिली हैं।

## अगले हफ्ते ओपन होंगे तीन आईपीओ

# रत्नवीर प्रिसिजन, जुपिटर लाइफ लाइन और ईएमएस लिमिटेड में निवेश का मौका, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 14,700

**मुंबई।**
अगले हफ्ते शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए तीन इनिशियल पब्लिक ऑफर ओपन होंगे। इसमें रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड, जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड और ईएमएस लिमिटेड शामिल है। आइए इन तीनों कंपनियों के आईपीओ के बारे में एक-एक करके जानते हैं।




### रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड

रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए 165.03 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 4 सितंबर से 6 सितंबर तक अप्लाय कर सकते हैं। 14 सितंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

कंपनी ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 93-98 तय किया है। रिटेल निवेशकों मिनिमम एक लॉट यानी 150 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 98 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,700 इन्वेस्ट करने होंगे।

### मैक्सिमम 1950 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं रिटेल निवेशक

रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड के आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट, यानी 1950 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,91,100 खर्च कर सकते हैं।

### फिनिशिंग शीट, वॉशर पाइप सहित अन्य प्रोडक्ट बनाती है कंपनी

रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड गुजरात के चार मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स के माध्यम से अपना बिजनेस ऑपरेट करती है। कंपनी फिनिशिंग शीट, वॉशर और सोलर माउंटिंग हुक, पाइप और ट्यूब बनाती है। इसके साथ ही कंपनी ऑटोमोटिव, सोलर पावर, विंड एनर्जी, पावर प्लांट सहित अन्य चीजों के लिए स्टेनलेस स्टील बेस्ड प्रोडक्ट बनाती है।

### जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड

जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए 869.08 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 6 सितंबर से 8 सितंबर तक अप्लाय कर सकते हैं। 18 सितंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 695-735 प्रति शेयर तय किया है। रिटेल निवेशकों को मिनिमम एक लॉट, यानी 20 शेयर्स के लिए अप्लाय कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 735 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,700 लगाने होंगे।

इसी तरह जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड के आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 260 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,91,100 खर्च करने होंगे।

### जुपिटर के ठाणे, पुणे और इंदौर में हास्पिटल

जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड मुंबई मेट्रो पॉलिटन एरिया और भारत के पश्चिमी क्षेत्र में मल्टी-स्पेशियलिटी टर्शियरी व क्वार्टनरी हेल्थकेयर प्रोवाइडर है। वर्तमान में ठाणे, पुणे और इंदौर में ज्यूपिटर ब्रांड के तहत तीन हास्पिटल ऑपरेट हो रहे हैं। तीनो हास्पिटल में टोटल 1,194 बेड कैपेसिटी है।

### ईएमएस लिमिटेड

ईएमएस लिमिटेड आईपीओ के जरिए 321.24 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 8 सितंबर से 12 सितंबर तक अप्लाय कर सकते हैं। 21 सितंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

कंपनी ने अभी तक आईपीओ के प्राइस बैंड का खुलासा नहीं किया है। जल्द ही कंपनी प्राइस बैंड जारी करेगी, जिसके बाद ही मिनिमम और मैक्सिमम इन्वेस्टमेंट अमाउंट के बारे में पता लगेगा।

### तीनों आईपीओ में 35प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व

तीनों कंपनियों ने अपने-अपने आईपीओ का 50प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा 35प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी 15प्रतिशत हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।

## एअर इंडिया-विस्तारा के मर्जर को मिली मंजूरी

# सीसीआई ने सिंगापुर एयरलाइंस के एअर इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने को भी अप्रूव किया




**नई दिल्ली।**
एअर इंडिया-विस्तारा एयरलाइन के मर्जर को कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने मंजूरी दे दी है। विस्तारा के मर्जर के बाद अब एअर इंडिया देश की दूसरी सबसे बड़ी डोमेस्टिक एयरलाइन और सबसे बड़ी इंटरनेशनल एयरलाइन बन गई है। इस मर्जर की प्रोसेस 2024 तक पूरी हो जाएगी। सीसीआई ने सिंगापुर एयरलाइंस की तरफ से एअर इंडिया में हिस्सेदारी खरीद को भी मंजूरी दी है। हालांकि, यह मंजूरी कुछ शर्तों के साथ दी गई है। विस्तारा को टाटा साई एयरलाइंस के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइन का जॉइंट वेंचर है। प्रस्तावित मर्जर के लिए सीसीआई से इस साल अप्रैल में मंजूरी मांगी गई थी। इसमें टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड एअर इंडिया लिमिटेड, टाटा साई एयरलाइंस लिमिटेड और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड पक्ष बने हैं। विस्तारा में टाटा संस की 51प्रतिशत और सिंगापुर एयरलाइंस की 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा ग्रुप ने पिछले साल नवंबर में एक डील के तहत एअर इंडिया के साथ विस्तारा के मर्जर की घोषणा की थी। डील के तहत सिंगापुर एयरलाइंस भी एअर इंडिया में 25.1प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

### 2024 तक हो जाएगा एअर इंडिया और विस्तारा का मर्जर

एअर इंडिया और विस्तारा एयरलाइन्स का मर्जर 2024 तक हो जाएगा। नई फर्म में टाटा की 74.9प्रतिशत और सिंगापुर एयरलाइन की 25.1प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। नई फर्म का नाम एआई-विस्तारा-एआई एक्सप्रेस-एयरएशिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड होगा, टाटा संस और साई ने बीते साल दिसंबर में इस बात की घोषणा की थी। तब उन्होंने कहा था कि 2024 तक मर्जर की प्रोसेस को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। एअर इंडिया (एअर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया इंडिया सहित) और विस्तारा के पास कुल 218 वाइडबॉडी और नैरोबॉडी एयरक्राफ्ट हैं, जो 38 इंटरनेशनल और 52 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन पर सर्विस देते हैं। विस्तारा, टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड के बीच 51:49 का जॉइंट वेंचर है।

# प्रतिस्पर्धी गंतव्य बनने के लिए कई बदलावों से गुजरा पूर्वोत्तर', बोले केंद्रीय मंत्री

**गुवाहटी ।**
केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र निवेश के लिए एक प्रतिस्पर्धी गंतव्य बनने के लिए नाटकीय बदलावों से गुजरा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कनेक्टिविटी एक मुद्दा था, लेकिन यह पूरी तरह से बदल गया है। अब कोई भी देश के किसी भी हिस्से से पूर्वोत्तर के किसी भी राज्य तक तुरंत पहुंच सकता है, जिससे क्षेत्र के लिए संभावित अवसरों के मामले में एक बड़ा बदलाव आएगा।




### विकास को रोक रही थी कनेक्टिविटी

उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी क्षेत्र में व्यापार, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के विकास को रोक रही थी, लेकिन पिछले नौ वर्षों के दौरान भौतिक और तकनीकी कनेक्टिविटी पर ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि अब अगला कदम आर्थिक विस्तार सुनिश्चित करना और जीएसडीपी को दोहरे अंकों में बढ़ाना है। सभी पूर्वोत्तर राज्यों की संयुक्त जीएसडीपी देश की जीडीपी का केवल आठ प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास का अगला चरण नौकरियां पैदा करना है, जिसके लिए कौशल रणनीति की जरूरत है। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि हम अधिक निवेश कैसे प्राप्त करें और हम अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ाएं। केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि इन प्रश्नों का उत्तर यह है कि हमें अधिक से अधिक कुशल उद्यमियों और कर्मचारियों की आवश्यकता है, जो न केवल देश के अन्य हिस्सों में बल्कि दुनियाभर में उत्पाद पहुंचाने में सक्षम हों। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ इसलिए ही पूर्वोत्तर भारत के भविष्य के विकास और क्षमता के लिए कौशल सबसे महत्वपूर्ण विषय है।

### ढाई लाख लोग होंगे काम के लिए तैयार

उन्होंने कहा कि अगले 10 से 12 महीनों में हम पूर्वोत्तर में 2.5 लाख विश्व स्तरीय प्रतिभाशाली कार्यबल तैयार करना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे अधिक निवेश को प्रोत्साहित करके क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पूरी क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था बदल जाएगी।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगी अमेरिकी वित्त मंत्री, वैश्विक मुद्दों पर देंगी जोर

**वाशिंगटन ।**
भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन 7 से 10 सितंबर के बीच किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन दिल्ली आने वाली हैं। इस दौरान वह कई अहम मुद्दों को सामने रखेंगी।




### यह है लक्ष्य

भारत की यात्रा के दौरान येलेन वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) के विकास, ऋण पुनर्गठन और आईएमएफ के गरीबी निवारण और विकास को आगे बढ़ाकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

### यूक्रेन को समर्थन देना रखेंगी जारी

व्हाइट हाउस ने प्रेस विज्ञपति जारी कर बताया कि वो भारत की यात्रा के दौरान जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखेंगी। वहीं, यूक्रेन के लिए सामूहिक आर्थिक समर्थन को बनाए रखने के लिए अमेरिका के साझेदारों को एकजुट करना जारी रखेंगी। इसमें रूसी तेल निर्यात पर जी-7 के नेतृत्व वाली प्राइस कैप का समर्थन करना और यूक्रेनी अनाज निर्यात पर प्रतिबंध के मद्देनजर वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयास शामिल हैं।

### पीजीआई के लिए 200 अरब डॉलर जुटाना

उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने नए फ्रेंडशोरिंग दृष्टिकोण के तहत वैश्विक आपूर्ति शृंखला से जोड़ने के लिए विकासशील देशों के साथ साझेदारी पर काम कर रहा है। येलेन ने कहा कि वैश्विक बुनियादी ढांचा और निवेश साझेदारी (पीजीआई) के जरिए अमेरिका डिजिटल प्रौद्योगिकियों में निवेश कर रहा है जो भारत में समावेशी और लचीली वृद्धि को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पीजीआईआई के तहत अमेरिका ने जलवायु-स्मार्ट कृषि उत्पादन को सक्षम करने के लिए कृषि तकनीक में निवेश की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य पीजीआई के लिए 2027 तक 200 अरब डॉलर जुटाना है और भविष्य में निवेश जारी रखने के लिए भारत के साथ साझेदारी करने की उम्मीद है।

## जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल पीएमएलए कोर्ट में पेश

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने अरेस्ट किया था, केनरा बैंक ने की थी शिकायत

**नई दिल्ली।**
मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को लेकर मुंबई की पीएमएलए कोर्ट पहुंची। अब ईडी कोर्ट से गोयल की हिरासत की मांग करेगी। उन पर 538 करोड़ रुपए के घोटाला का आरोप है। 74 साल के नरेश गोयल को पूछताछ के लिए मुंबई ऑफिस बुलाया था। पूछताछ के बाद देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले ईडी ने उन्हें दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो पेश नहीं हुए थे। पिछले साल नवंबर में केनरा बैंक ने नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद मई 2023 में सीबीआई ने फ्रॉड केस दर्ज किया। बाद में ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। जेट को 848.86 करोड़ रुपए की क्रेडिट लिमिट और लोन दिए गए थे, जिसमें से 538.62 करोड़ रुपए बकाया हैं। ये अकाउंट 29 जुलाई 2021 में फ्रॉड घोषित किया गया था। सीबीआई ने 5 मई को गोयल के मुंबई स्थित ऑफिस सहित 7 ठिकानों की तलाशी ली थी। नरेश गोयल, अनीता गोयल और जेट एग्जीक्यूटिव गौरांग शेट्टी के घर पर भी छापे पड़ थे। सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने 19 जुलाई को मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। तब ईडी ने भी गोयल और उनके साथियों के ठिकानों पर छापेमारी कर तलाशी ली थी।




### बैंक का आरोप- पैसों की हेराफेरी की गई

केनरा बैंक ने आरोप लगाया था कि जेट एयरवेज की फोरेंसिक ऑडिट में पाया गया कि जेट ने अपने से जुड़ी कपंनियों यानी रिलेटेड कंपनियों को 1,410.41 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। ऐसा कंपनी के अकाउंट से पैसा निकालने के लिए किया गया। गोयल परिवार के पर्सनल खर्चे - जैसे स्टाफ की सैलरी, फोन बिल और व्हीकल एक्सपेंस, सब जेट एयरवेज से ही होते थे। गोयल ने 1993 में जेट एयरवेज की स्थापना की थी। 2019 में एयरलाइन का चेयरमैन पद छोड़ दिया था।

### अप्रैल 2019 से बंद है जेट एयरवेज

जेट एयरवेज एक समय भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइंस में से एक थी और एयरलाइन को साउथ एशियन नेशन की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइन का दर्जा हासिल था। फिर, कर्ज में दबे होने के कारण जेट एयरवेज 17 अप्रैल 2019 में ग्राउंडेड हो गई थी। जून 2021 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के बैंकरप्सी रिजॉल्यूशन प्रोसेस के तहत जालान-कालरॉक कंसोर्टियम ने जेट एयरवेज की बोली जीत ली। इसके बाद से जेट के रिवाइवल की प्रोसेस चल रही है, लेकिन अब तक एयरलाइन शुरू नहीं हो पाई है। ये कंसोर्टियम मुरारी लाल जालान और कालरॉक कैपिटल की जॉइंट कंपनी है। जालान एक दुबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं। वहीं कालरॉक कैपिटल मैनेजमेंट लिमिटेड फाइनेंशियल एडवाइजरी और ऑल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करने वाली लंदन बेस्ड ग्लोबल फर्म है।

### नरेश गोयल ने की थी जेट एयरवेज की शुरुआत

1990 के दशक की शुरुआत में टिकटिंग एजेंट से एंटरप्रेन्योर बने नरेश गोयल ने जेट एयरवेज इंडिया लिमिटेड की शुरुआत कर लोगों को एअर इंडिया का ऑल्टरनेटिव दिया था। एक वक्त जेट के पास कुल 120 प्लेन थे और वो लीडिंग एयरलाइन में से एक हुआ करती थी। दि जॉय ऑफ फ्लाइंग टैग लाइन वाली कंपनी जब पीक पर थी तो हर रोज 650 फ्लाइट्स का ऑपरेशन करती थी। जब कंपनी बंद हुई तो उसके पास केवल 16 प्लेन रह गए थे। मार्च 2019 तक कंपनी का घाटा 5,535.75 करोड़ रुपए का हो चुका था।

### मामा की ट्रैवल एजेंसी से शुरू किया था करियर

अप्रैल 2019 में 25 साल तक चलने के बाद जेट एयरवेज भारी कर्ज में डूबी, इसके बाद कंपनी बंद हो गई थी। नरेश गोयल इस कंपनी के संस्थापक थे।

# देवोलीना के रुठे भाई अनदीप संग रिश्ते हुउ मधुर

**-शहनवाज से शादी के बाद बिगड़े थे रिश्ते**



**मुंबई (ईएमएस)।** रक्षा बंधन पर एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी के रुठे भाई अनदीप संग रिश्ते मधुर हो गए। जिम ट्रेनर शहनवाज शेख संग शादी के बाद देवोलीना के भाई से संबंध खराब हो गए थे। इस बात को खुलासा गोपी बहू ने बातचीत में किया। दरअसल, साल 2022 में देवीलीना की जिम ट्रेनर शहनावज शेख संग शादी के बाद उनके भाई संग रिश्ते लड़खड़ा गए थे। इंटरकास्ट मैरिज के कारण उनके भाई को थोड़ी आपत्ति थी और भाई-बहन के रिश्ते में दरार आ गई थी। मगर रक्षाबंधन आने से उनकी नाराजगी खत्म हो गई है। इस बात की जानकारी देते हुए एक्ट्रेस ने कहा, उनका भाई अनदीप संग रिश्ता बिल्कुल ठीक हो गया है। पहली बार मीडिया से अपने भाई संग रिश्ते पर बात करते हुए देवोलीना ने कहा, मुझे पता है कि वो उस वक्त नाराज था। और मैं उसके उस रवैये को समझ सकती हूं और सहमत भी हूं। लेकिन हम सभी जानते हैं कि समय के रहते सब चीजें सही हो जाती हैं और भाई-बहन तो एक-दूसरे के गुस्से से वाकिफ होते हैं। अंत में हम दोनों ही एक-दूसरे का सहारा हैं और ये बात अच्छे से जानते हैं। भगवान की कृपा से हमारे बीच अब सबकुछ ठीक है। रक्षाबंधन के त्योहार पर भाई को याद करते हुए देवोलीना ने कहा, भाई-बहन होना किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। भाई आपको बेइंतहां प्यार करता है। बिना शर्त के चाहता है। वो आपकी हर चीजों में भागीदार होता है। हर चीज से प्रोटेक्ट करता है। आपका बचाव करता है। सिर्फ वही होता है, जो आपकी बोली बोलता है। वो आपको हमेशा सपोर्ट करता है और आपके लिए दूसरों से भी लड़ जाता है। मेरा भाई मेरा फेवरेट सुपरहीरो है। मेरा भाई खिलौनों की लड़ाई से लेकर फैमिली वेकेशन्स तक साथ था। मेरे ग्रेजुएशन के वक्त भी था। और आगे भी रहेगा। देवोलीना ने आगे कहा, मुझे लगता है कि लोग सोशल मीडिया पर इस कदर हावी हो गए हैं कि उन्होंने किसी भी रिश्ते को फॉलोइंग के आधार पर आंकना शुरू कर दिया है। मुझे पर्सनली लगता है कि ये बेवकूफी है। क्या हमारा बॉन्ड तभी है, जब हम एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर फॉलो कर रहे हैं? हमें अब बड़े होने की जरूरत है। मैं तो बस ये चाहती हूं कि नेगेटिविटी और नेगेटिव लोग हमारी लाइफ से दूर रहें और अपने काम से मतलब रखें। ये मेरी फैमिली है और मुझे पता है कि अपने रिश्तों को कैसे अच्छे से रखना है। कम से कम किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि मैं टीवी की सबसे पसंदीदा बहुओं में से एक हूं।

# ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले निर्देशकों के साथ काम करेंगे सलमान

**- ये निर्देशक हैं करण जौहर और संजय लीला भंसाली**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के बजरंगी भाईजान यानि की सलमान खान जल्द ही दो ऐसे निमार्ताओं के साथ वर्षों बाद काम करने जा रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने एक समय पर ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। यह निमार्ता निर्देशक हैं करण जौहर और संजय लीला भंसाली। पिछले दिनों समाचार आए थे कि सलमान खान करण जौहर द्वारा निर्मित और विष्णुवर्धन द्वारा निर्देशित एक एक्शन फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे। इस फिल्म की स्क्रिप्ट को लॉक कर दिया गया है। अब समाचार आ रहे हैं कि सलमान खान संजय लीला भंसाली के साथ भी काम करने जा रहे हैं। सलमान और भंसाली की कुछ वक्त से फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी, जो निर्णय पर पहुँच चुकी है और यह दोनो सितारे 4 साल पूर्व ईद के मौके पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म इंशाल्लाह, जो अभिनेता निर्देशक के बीच क्रिएटिव डिफ्रेंस के कारण बंद हो गई थी, को फिर से शुरू करने जा रहे हैं। बता दें कि कुछ समय पहले संजय लीला भंसाली ने ऐलान किया था कि वह सलमान खान के साथ फिल्म इंशाल्लाह में एकजुट होंगे। संजय लीला भंसाली द्वारा बनाई जा रही इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। अब खबरें आ रही हैं यह फिल्म दोबारा फ्लोर पर आ गई है और इसमें कास्ट भी सेम ही रहेगी। इन रूमर्स के बीच भंसाली प्रोडक्शंस की सीईओ प्रेरणा सिंह ने रिएक्ट किया है। एक इंटरव्यू में प्रेरणा सिंह ने कहा, आइडिया यहां है, यह आइडिया पूरा उनका है और वह तैयार है। बता दें कि संजय लीला भंसाली ने आखिरी फिल्म गंगूबाई काठियावाडी निर्देशित की थी। इस फिल्म को 5 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे। केवल इतना ही नहीं इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड भी मिला है। फिल्म के लिए भंसाली दो अवॉर्ड- बेस्ट स्क्रीनप्ले राइटर और बेस्ट एडिटिंग फिल्म। सलमान खान और संजय लीला भंसाली की जोड़ी की आखिरी फिल्म हम दिल दे चुके सनम थी। बता दें कि सलमान खान के पास में इन दिनों सिर्फ एक ही फिल्म टाइगर-3 है, जो इस दीपावली पर प्रदर्शित होने जा रही है। आगामी वर्ष की ईद पर उन्होंने कोई फिल्म घोषित नहीं की है।

# यारियां-2 के गाने को लेकर शिकायत




**चंडीगढ़ (ईएमएस)।** पंजाब पुलिस ने फिल्म यारियां-2 के एक गाने में कथित तौर पर अभिनेता को कृपाण पहने हुए दिखाने से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में निर्देशक भूषण कुमार, निमार्ता राधिका राव, विनय सप्रू और अभिनेता मीजान जाफरी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। सिख तालमेल कमेटी के एक सदस्य की शिकायत पर जालंधर जिले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला बुधवार रात दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-295ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, जिसका उद्देश्य किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना है) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत दर्ज कराने वाले कमेटी के सदस्य हरप्रीत सिंह के अनुसार, फिल्म के गाने में अभिनेता कथित तौर पर कृपाण पहने दिख रहे हैं। उनका कहना है कि कृपाण सिखों के विश्वास का प्रतीक है। शिकायतकर्ता ने कहा कि इससे सिख समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं क्योंकि सिख आचार संहिता के अनुसार केवल सिख धर्म की दीक्षा हासिल करने वाला व्यक्ति ही कृपाण धारण कर सकता है। सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) पहले ही फिल्म के गाने (सौरे घर) में अभिनेता द्वारा कथित तौर पर कृपाण पहनने पर कड़ी आपत्ति जता चुकी है। एसजीपीसी ने भी इस संबंध में अमृतसर पुलिस आयुक्त को शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, फिल्म के निर्देशकों ने दावा किया था कि अभिनेता ने कृपाण नहीं बल्कि खुकरी पहना हुआ था और उनका किसी की भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या उसका अनादर करने का कोई इरादा नहीं है। इसके बाद एसजीपीसी ने कहा था, हम आपकी बेतुकी सफाई से संतुष्ट नहीं हैं।

# भजन कुमार कोई और नहीं बल्कि विक्की कौशल है

**- वाईआरएफ ने विक्की को लांच किया भजन कुमार के रूप में**



**मुंबई (ईएमएस)।** बहुप्रतीक्षित सिंगिंग सेंसेशन, भजन कुमार कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल हैं! यह खुलासा किया है यशराज फिल्म्स ने। हाल ही में विक्की को भजन कुमार के रूप में लॉन्च करते हुए, वाईआरएफ ने टीजीआईएफ का पहला गाना कन्हैया ट्विटर पे आजा लॉन्च किया, जो फिल्म में विक्की का बड़ा एंट्री सॉन्ग है। विक्की कौशल ने खुलासा किया, मैं हमारी अनूठे पारिवारिक मनोरंजक फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली में भजन कुमार नाम के एक सिंगिंग स्टार की भूमिका निभा रहा हूं और हमने वास्तव में इस तथ्य का खुलासा करने से पहले कि मैं फिल्म में यह किरदार निभा रहा हूं, कुछ मौज-मस्ती करने का फैसला किया! वह कहते हैं, एक अभिनेता के रूप में, मुझे लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना पसंद है और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे हासिल करने में सक्षम हूं। तो, अब बिल्ली थैले से बाहर आ गई है! मुझे उम्मीद है कि लोगों को टीजीआईएफ में मेरा नया अवतार पसंद आएगा। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि भजन कुमार को दर्शक किस तरह पसंद करते हैं। मैं जानता हूं कि मैंने उन्हें बड़े पर्दे पर जीवंत करने के लिए अपना दिल लगा दिया है। टीजीआईएफ वाईआरएफ और विक्की कौशल के बीच पहला सहयोग है, जिसका निर्देशन विजय कृष्ण आचार्य ने किया है। कन्हैया ट्विटर पे आजा को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है और संगीत प्रीतम ने दिया है। टीजीआईएफ 22 सितंबर को दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है। बता दें कि वाईआरएफ की आगामी थिएट्रिकल रिलीज द ग्रेट इंडियन फैमिली (टीजीआईएफ) में विक्की भजन कुमार नाम के एक स्थानीय सिंगिंग स्टार की भूमिका निभा रहे हैं।

# हैली बीबर ने रेड लुक की तस्वीरें शेयर की



अपनी हॉट फोटोज को लेकर हॉलीवुड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने रेड लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि हैले ऑफ शोल्डर रेड ड्रेस में बेहद हॉट लग रही हैं। ड्रेस के साथ नेक पर पहना इ अक्षर का लोकेट सारी अटेंशन खींच रहा है। ग्लोसी लिप्स, न्यूड मेकअप और ओपन हेयर्स में एक्ट्रेस का अंदाज देखते ही बन रहा है। अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करते हुए हैले कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक दिलकश पोज दे रही हैं। काम की बात करें तो हैली बीबर को आखिरी बार टीवी सीरीज डव में देखा गया था, जिसमें उनके किरदार को खूब पसंद किया गया था। बता दें कि बीबर अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं और लोगों का दिल धड़काती रहती हैं।

# 2024 में आमिर खान की होगी वापसी



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की अगले साल एक्टिंग में वापसी हो रही है। क्रिसमस पर अन-टाइटल फिल्म के साथ वह एक्टिंग में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी फिल्म अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। हालांकि उस समय अक्षय कुमार की वेलकम 3 भी आएगी। बता दें कि ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक्स पर फिल्म की घोषणा की। उन्होंने साझा किया कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन चल रहा है और यह 20 जनवरी, 2024 को फ्लोर पर जाएगी। आदर्श ने एक्स पर लिखा, एक्सक्लूसिव, आमिर खान ने अगली फिल्म के लिए क्रिसमस 2024 को लॉक कर लिया है। आमिर खान प्रोडक्शंस के प्रोडक्शन नंबर 16, 20 दिसंबर 2024 क्रिसमस 2024 को रिलीज होगी। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जारी है और फिल्म 20 जनवरी 2024 को फ्लोर पर जाएगी। अधिक जानकारी जल्द ही दी जाएगी। लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर ने एक्टिंग से ब्रेक ले लिया।

# टीवी एक्ट्रेस अपर्णा नायर की मौत

महज 31 साल की मलयालम टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस अपर्णा नायर का निधन हो गया है। उनका शव उनके घर में कल रात संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। अपर्णा के यूं अचानक निधन से उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है। खबर की माने तो अपर्णा गुरुवार शाम तिरुवनंतपुरम के करमना स्थित अपने घर पर बेहोश पाई गई थीं, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आपको बता दें, अपर्णा को चंदनमाझा, आत्मसाखी, मैथिली वीन्दुम वरुम और देवस्पर्शम जैसे टीवी शो में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए जाना जाता है।

इसके अलावा वह मेघतीर्थम, मुथुगौ, अचयन्स, कोडथी सक्षमम बालन वकील और कल्कि जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं।

# 150 करोड़ कमाने में ओएमजी 2 के छूटे पसीने

**- अक्षय का स्टारडम भी नहीं आया काम**



**मुंबई (ईएमएस)।** मजबूत कहानी और दमदार सितारों के होते हुए भी ओएमजी 2 को बॉक्स ऑफिस पर मशक्कत करनी पड़ी। फिल्म अपने साथ एक कड़ा मैसेज भी समाज को देने की कोशिश करती है। फिर भी नंबरों के मामले में ओएमजी 2 कहीं पीछे रह गई। ओएमजी 2 को रिलीज को पहले भी काफी परेशानियां झेलनी पड़ी। सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यू सर्टिफिकेट देने की बजाय ए सर्टिफिकेट दे दिया। नतीजा ये हुआ कि बच्चों के लिए बनी फिल्म उन्हें ही देखने को नहीं मिली, जिसका असर ओएमजी 2 के बिजनेस पर भी पड़ा। हालांकि, फिर भी फिल्म ने मेकर्स को घाटे से बचाने की पूरी कोशिश की। कई अड़चनों के बाद रिलीज हुई ओएमजी 2 ने पहले दिन 10 करोड़ के साथ अच्छी शुरूआत की। गदर 2 जैसी फिल्म से मुकाबला होने के बावजूद ओएमजी 2 ने ओपनिंग वीकेंड में 43 करोड़ के करीब कमा लिया। वहीं, पहला हफ्ता खत्म होने के साथ ही ओएमजी 2 ने अपने खाते में 85 लाख जमा करा लिए। अब ओएमजी 2 के ताजा कलेक्शन की बात करें तब फिल्म पिछले कुछ दिनों से सिर्फ एक करोड़ के करीब का बिजनेस कर पा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, ओएमजी 2 ने 28 अगस्त को 1.20 करोड़ कमाए। वहीं, मंगलवार को बिजनेस 1.30 और बुधवार को 1.78 करोड़ रहा। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को फिल्म का कलेक्शन लगभग 1.60 है। इसके साथ ही रिलीज के 21 दिनों में ओएमजी 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 141.8 करोड़ कमा लिए है। अभी भी फिल्म को 150 करोड़ कमाने के लिए तेजी बढ़ाने की जरूरत है।

# नीलकमल का नया गाना 'कजरी गावेला कमरिया' रिलीज



भोजपुरी सुपरस्टार सिंगर एक्टर नीलकमल सिंह का नया गाना 'कजरी गावेला कमरिया' ने रिलीज के साथ धमाल मचा दिया है। गाने को अब तक लाखों लोगों ने देखा और तेजी से वायरल हो रहा है। गाने के म्यूजिक वीडियो में नीलकमल सिंह के साथ सृष्टि उत्तराखंडी की लाजवाब केमिस्ट्री लोगों को खूब आकर्षित कर रही है। गाने की मेकिंग बिग स्केल पर किया गया है और गाने को रिलीज किया है टी-सीरीज हमार भोजपुरी ने। 'कजरी गावेला कमरिया' को लेकर नीलकमल सिंह ने कहा कि यह गाना बेहद खूबसूरत है और इसकी लिरिक्स मनोरंजन का नेक्स्ट लेवल है। उन्होंने कहा कि इस गाने को हमने अलग तरीके से बनाया है जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देता है। गाने की कोरियोग्राफी में नयापन और एनर्जी भरपूर देखने को मिल रही है। नीलकमल सिंह ने कहा कि भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री लगातार बदलावों के साथ नए कांसेप्ट और आइडियाज पर कम करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसको अब वर्ल्ड वाइड सबसे अधिक देखा और पसंद किया जा रहा है। हम भोजपुरी के तमाम दर्शकों से आग्रह करेंगे कि आप सब भी इस गाने को जरूर देखें और खूब प्यार और आशीर्वाद दें। आपको बता दें कि गाना 'कजरी गावेला कमरिया' के गायक नीलकमल सिंह हैं गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार विनय विनायक हैं और निर्देशक बिभांशु तिवारी हैं।

# बड़े पर्दे पर 28 सितंबर को रिलीज होगी 'फुकरे-3'




पॉपुलर फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित किस्त फुकरे-3 इस साल 28 सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। प्रतिभाशाली मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित, विपुल विग द्वारा लिखित और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित फुकरे-3 में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा जैसी उल्लेखनीय प्रतिभा वाले शानदार कलाकार हैं। इस बेहतरीन स्टार्स और उनके आइकोनिक किरदारों की केमिस्ट्री और कॉमेडी टाइमिंग दर्शकों को एक बार फिर से लॉफ्टर राइड पर ले जाने का वादा करती है। मेकर्स अगले हफ्ते इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं, जो जवान के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। फुकरे-3 ने इस साल जून में फ्रेंचाइजी के 10 शानदार साल भी मनाए। एक्सेल एंटरटेनमेंट के अपकमिंग फिल्मों की स्लेट बहुत ही शानदार है जो कई तरह की रेंज को पूरा करने वाली विविध प्रकार की फिल्मों का वादा करती है। इसमें दिल छू लेने वाले फिल्मों से लेकर हाई-ऑक्टेन एक्शन तक सब शामिल है।

## सूडोकु नवताल- 6541

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6540 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7288

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | दि | ल | ज | ले | म | ज | ब | न | र | क |
| दा | स | यू | न | आ | वा | ग्री | द | इ | ह | ल |
| स | व | दे | पू | ह | जी | ल | न | ग | क | हो |
| र | ची | न | श | ट | ज | ज्ञा | म | पा | त | न |
| फ | त | ई | ड | में | व | खें | न | भा | र्क | हो |
| रो | मे | म | सु | न | गं | पू | न | ई | र | रू |
| श | जं | ज | मे | ता | क | गा | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | र | सं | ज | ख्म | र | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्न | य | सा | चि | क | री | ह | प | ला |
| त | रा | जु | न | ज | ह | त्र | य | जी | ता | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ब | र | रा | त | हैं |

शब्दजाल में शोनाली बेन्द्रे की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

सरफरोश, मेजर साहब, जख्म, दिलजले, भाई, लज्जा, कल हो न हो, तराजु, आहट, जिस देश में गंगा रहता है.

**शब्दजाल - 7287 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | म | मा | अ | शो | का | म | न | ह | क | रा |
| हा | त | सू | ह | री | ल | जी | स | ल | का | ज |
| चु | वी | रा | द | अ | फ्यु | त | र | म | ल | टी. |
| प | र | दा | ज | ल | क | जी | ओ | मु | व | त |
| चु | अ | न | ष | ल | म | मी | छ | झे | सी | ला |
| प | मी | ज | स | जि | स्वा | क | प | कु | गु | श |
| के | ह | बु | न | टी | म | मी | टे | छ | हा | ण |
| न | पू | सु | पा | बी | पं. | सौ | ल | क | ना | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | ने | ने | ह | न | त |
| आ | प | बे | व | फा | दी | र | ह | ना | क | थ |
| दो | स्ती | न | प | द | न | इ | ह | है | ह | धी |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6241

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 7 | | | 3 | 4 |
| | 27 | 1 | 29 | 6 | 38 | |
| | 2 | | 4 | 5 | | 7 |
| 4 | 30 | | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 7 | | 5 | 4 | | 2 | |
| 6 | 42 | | 39 | | 23 | 3 |
| | 5 | 4 | | 7 | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6240 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 31 | 2 | 28 | 3 | 30 | 1 |
| 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 33 | 4 | 29 | 1 | 31 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 7 | 34 | 6 | 35 | 7 | 40 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# किर्स्टी ने पूर्व विंबलडन चैंपियन रिबाकिना को हराया

**न्यूयॉर्क।**
**रोमानिया की सोराना किर्स्टी ने कड़े संघर्ष में यहां यूएस ओपन में 2022 विंबलडन चैंपियन ऐलेना रिबाकिना को 6-3, 6-7(6), 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। यूएस ओपन की रिपोर्ट के अनुसार, 30वीं वरीयता प्राप्त किर्स्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त के खिलाफ 0-2 के रिकॉर्ड को सुधारा और पहली बार न्यूयॉर्क में चौथे दौर में पहुंच गईं।**

किर्स्टी ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं जीत से बहुत-बहुत खुश हूं। मैं पहले भी उसके खिलाफ दो बार हार चुकी हूं, और वह एक बहुत अच्छी खिलाड़ी है, दुनिया में नंबर 4, और मुझे पता था कि यह एक कठिन लड़ाई होने वाली थी। लेकिन मैं इसे जीतकर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत अच्छा पल है।

33 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन (2020, 2019, 2009) में तीसरे दौर के मैचों में 0-3 से पीछे थी और मार्च में मियामी सेमीफाइनल के बाद से उसने शीर्ष 5 खिलाड़ी को नहीं हराया था। लेकिन आक्रामक गेम प्लान से लैस और लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम की उत्साही भीड़ के सामने, जिसमें सील भी शामिल थी, किर्स्टी ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की। उन्होंने कहा, मैं कई सालों से खेल रही हूं और यह सबसे अच्छी भीड़ थी जिसके सामने मैंने कभी खेला है, इसलिए धन्यवाद। यह मेरे लिए एक शानदार जीत है, खासकर इसलिए क्योंकि मैंने अच्छा खेला, और मुझे सच में लगता है कि मैंने अपना सब कुछ दे दिया, और मैं इस जीत की हकदार हूं।

मैच के चौथे गेम में किर्स्टी ने सर्विस तोड़ी और फिर पहला सेट अपने नाम कर लिया। चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 30 विनर्स के साथ 56 बेजां भूलें कीं। लेकिन किर्स्टी को श्रेय जाना चाहिए, जो 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट के खिलाफ पीछे नहीं हटीं। किर्स्टी ने मैच में कुल 33 विनर्स लगाए और 42 बेजां भूलें कीं। किर्स्टी 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपने पहले ग्रैंड स्लैम चौथे दौर में पहुँच गयी हैं जो कुल मिलाकर उनका चौथा है। वह 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2009 में रौलां गैरो में भी उस स्तर पर पहुंचीं थीं। किर्स्टी का अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक से होगा, जिन्होंने चीन की झू लिन को 7-6(1), 2-6, 6-3 से हराया। किर्स्टी अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की कोशिश करेंगी। 19 वर्षीय हाई स्कूल छात्रा के रूप में, वह 2009 में रौलां गैरो क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं और ऑस्ट्रेलिया के सैम स्टोसुर से हार गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला पहलवानों का यौन शोषण केसः दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 16 सितंबर तक सुनवाई स्थगित की, पूर्व डब्लूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण पर आरोप



**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर 6 बालिग पहलवानों के यौन शोषण केस की सुनवाई दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में 16 सितंबर तक स्थगित कर दी है। पिछली तारीख पर कोर्ट ने क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार पर दलीलें सुनने के लिए सुनवाई को 1 सितंबर तक के लिए स्थगित किया था। इससे पहले मामले में 20 जुलाई को बृजभूषण शरण सिंह और डब्लूएफआई के सस्पेंड सहायक सचिव विनोद तोमर को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने जमानत दे दी थी। पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित अन्य नामी पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए इसी साल जनवरी में धरना-प्रदर्शन की शुरुआत की थी। कई दिनों तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया था। इस बीच बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद 15 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले में चार्जशीट पेश की। आरोपियों में बृजभूषण के अलावा डब्लूएफआई के असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है। चार्जशीट में पहलवानों ने मजिस्ट्रेट के सामने जो बयान दिए हैं, उन्हें अहम आधार माना गया। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया कि 6 बालिग पहलवानों के केस में हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धारा 354, 354- और ष के तहत चार्जशीट दाखिल की है।

### विराट से प्रेरित हैं ईश्वरन



**मुम्बई ।** बंगाल क्रिकेट टीम के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने कहा है कि वह टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली से प्रेरित हैं। अभिमन्यु के अनुसार विराट को देखकर ही उन्हें भी अपनी फिटनेस बेहतर बनाने का विचार आया। किया है। बंगाल टीम के कप्तान अभिनन्यु के अनुसार विराट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने में उनकी फिटनेस की भी अहम भूमिका रही है। ईश्वरन ने कहा, अच्छी फिटनेस का विराट सबसे बड़ा उदाहरण हैं क्योंकि हमने उनका सफर देखा है जब वह भारतीय टीम में आए थे। उन्होंने अपनी फिटनेस में किस प्रकार बदलाव करते हुए अपने खेल में बेहतर बनाया ये हमने देखा है। मुझे लगता है कि जब वह भारतीय टीम में आए थे तो वह वास्तव में एक अच्छे बल्लेबाज थे पर पिछले कुछ साल में, अपनी फिटनेस के साथ वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन गए हैं। इस युवा बल्लेबाज ने आगे कहा कि अगर फिटनेस ने विराट के खेल में अहम प्रभाव डाला है, तो यह निस्संदेह किसी भी क्रिकेटर के खेल में अंतर आयेगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस खेल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने फिट रहने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि यह बहुत प्रेरणादायक है। मैंने उन्हें कड़ी मेहनत करते देखा है। मैदान पर दौड़ने के अभ्यास से मुझे वास्तव में प्रेरणा मिली। क्योंकि अगर इससे उनके खेल में बड़ा बदलाव आया है, तो यह निश्चित रूप से हर क्रिकेटर के खेल में बड़ा अंतर लाएगा।

### 18 नवंबर से शुरु होगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**नई दिल्ली ।** अब एक बार फिर पूर्व क्रिकेटरों को खेलते हुए देखने का अवसर आपको मिलेगा। ऐसा लीजेंड्स लीग क्रिकेट से संभव हो रहा है। ये लीग 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक भारत में खेली जाएगी। इसके जरिये क्रिकेट प्रशसंकों को एक बार फिर रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इसमें दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटर खेलते हुए दिखेंगे। भारत में नए स्थानों पर लीजेंड्स लीग के आयोजन को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। आयोजकों ने कहा कि लीग क्रिकेट प्रशंसकों के हित को ध्यान में रखते हुए उन स्थानों का चयन करेगी, जहां अंतरराष्टीय क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला गया है जिससे खेल को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया है कि लीग इस सत्र में और अधिक खिलाड़ियों को जोड़ेगी, जिससे यह दर्शकों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक हो जाएगी। दोहा में पिछले सीज़न के दौरान कुछ शीर्ष खिलाड़ी, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है उन्होंने इसमें खेला था।

नोएडा ने गोरखपुर को 43 रनों से हराया

## आदित्य शर्मा 45 गेंद पर 70 रन बनाकर नाबाद रहे ; नमन और नितीश ने लिए 2-2 विकेट

**कानपुर।**
कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का मैच हो रहा है। पहला मुकाबला कानपुर सुपर स्टार व मेरठ मेवरिक्स के बीच हुआ। जिसमें कानपुर ने मेरठ को सात विकेट से हराया। अब दूसरा मुकाबला नोएडा और गोरखपुर के बीच खेला गया, जिसमें नोएडा की टीम 43 रनों से जीत गई।

नोएडा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सामर्थ और अलमास शौकत ने टीम के लिए रन बटोरने शुरू ही किए थे कि दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर गोरखपुर लॉयंस के गेंदबाज ध्रुव प्रताप सिंह की गेंद पर अलमास शौकत ने शिवम शर्मा को कैच थमा दिया। अलमास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए।

छठवें ओवर में ध्रुप प्रताप की गेंद पर शातनु (5) ने सीके सिंह को कैच दे दिया। पांचवी गेंद पर नोएडा के कप्तान नीतिश राणा (4) ने सीके को कैच देकर पवेलियन लौट गए। नोएडा को चौथा झटका समर्थ सिंह के रूप में लगा। समर्थ अपना अर्धशतक बनाने से चूक गए। 12वें ओवर पर अंकित चौधरी की गेंद पर समर्थ (45) ने अभिषेक गोस्वामी को कैच दे दिया।

नोएडा का पांचवा विकेट 20वें ओवर में प्रशांत वीर के रूप में गिरा। विजय कुमार की गेंद पर प्रशांत वीर (40) ने हर्षित सेठी को कैच दे दिया। नोएडा ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 182 रन बनाएं। पांचवें विकेट के लिए सामर्थ व प्रशांत के बीच 98 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ ले गए।




गोरखपुर लायंस के गेंदबाज ध्रुव प्रताप सिंह ने तीन विकेट लिए। अंकित चौधरी व विजय कुमार ने एक-एक विकेट लिया। नोएडा के आदित्य शर्मा ने 45 गेंद पर नाबाद 70 रनों की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। सौरभ कुमार एक रन पर नाबाद रहे।

**139 रन ही बना सकी गोरखपुर** - गोरखपुर लॉयंस के अभिषेक गोस्वामी और हर्षित सेठी क्रीज पर उतरे। नमन तिवारी की गेंद पर हर्षित सेठ (3) ने लॉगऑफ पर शॉट खेला और रन के लिए जैसे ही दौड़े तो भुवनेश्वर कुमार ने थ्रो मारकर हर्षित को रन आउट कर दिया।

इसके बाद टीम के खिलाड़ी ताश के पत्तों की तरह बिखरते चले गए। 7वें ओवर में नोएडा को दूसरा बड़ा झटका लगा। प्रशांत वीर की गेंद पर अभिषेक गोस्वामी (17) क्लीन बोर्ड हो गए। 8वें ओवर में नितीश राणा की गेंद पर कृतिकाया सिंह (6) एलबीडब्ल्यू हो गए। 9वें ओवर में सौरभ कुमार की गेंद पर समीर चौधरी (2) ने ओशो मोहन को कैच थमा दिया। अगले ही ओवर में नितीश राणा की गेंद पर सिद्धार्थ सरवन यादव (5) ने ओशो मोहन को कैच देकर पवेलियन लौट गए। 18वें ओवर की पांचवीं बॉल पर नमन तिवारी की गेंद पर यशवर्धन सिंह (43) ने नितीश राणा को कैच दे दिया। वहीं, अगली ही गेंद पर सुनील कुमार ने विकेटकीपर अभिषेक शर्मा को कैच देकर बिना खाता खोले पेवेलियन लौट गए। शिवम शर्मा ने 31 बॉल पर नाबाद 57 रनों की व विजय कुमार ने नाबाद एक रनों की पारी खेली। गोरखपुर लॉयंस की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 139 रन ही बना सकी। नोएडा ने 43 रनों से इस मैच में जीत दर्ज की। नोएडा सुपर किंग्स के नमन तिवारी और नितीश राणा ने 2-2, सौरभ कुमार और प्रशांत वीर ने एक-एक विकेट लिया। कानपुर ने 7 विकेट से मेरठ को हराया, समीर ने 59 गेंद में बनाए 122 रन

कानपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। मेरठ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर को 205 रनों का टारगेट दिया। दूसरी पारी में खेलने उतरी कानपुर की शुरुआत शानदार रही। समीर रिजवी ने शतक लगाकर मैच को कानपुर की झोली में डाल दिया। हालांकि आखिरी गेंद तक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंतिम गेंद पर संदीप ने छक्का मारकर 7 विकट से कानपुर को मैच जिता दिया।

**स्वास्तिक चिकारा व शोएब सिद्दीकी दी अच्छी शुरूआत** - स्वास्तिक व शोएब की जोड़ी मैदान में उतरी और ताबतोड़ बल्लेबाजी करनी शुरू कर दी। छठवें ओवर पर प्रशांत की पांचवी गेंद पर शोएब सिद्दीकी (29) ने विकेट कीपर सैनी को कैच देकर पवेलियन लौट गए। शोएब ने चार चौका व एक छक्का मारा। उस समय टीम का स्कोर 58 रन था। आकिब खान की गेंद पर मेरठ के कप्तान माधव कौशिक (12) ने गली में शॉट लगाया। लेकिन, वहां मौजूद राहुल राजपाल ने कैच ले लिए। तीसरे विकेट के लिए स्वास्तिक व रिंकू सिंह के बीच 79 रनों की पार्टनशिप हुई। 19वें ओवर में अंकित राजपूत ने रिंकू सिंह को बोल्ड कर दिया। इस समय रिंकू का व्यक्तिगत स्कोर 42 रनों पर था। वहीं, स्वास्तिक चिकारा ने 57 गेंदों पर 13 चौके व 3 छक्के की मद्द से नाबाद 100 रनों की पारी खेली। दिव्यांश जोशी ने नाबाद 17 रन बनाए। मेरठ ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए। समीर रिजवी की धमाकेदार 122 रनों पारी की बदौलत कानपुर सुपरस्टार की टीम सात विकेट से जीत गई। दूसरी पारी शुरू होते ही पहले ही ओवर में कानपुर को बड़ा झटका लगा।

दूसरा टी-20...ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

## बतौर कप्तान मार्श ने जीती पहली सीरीज; एबॉट-एलिस ने झटके 3-3 विकेट




**मुम्बई ।**
डरबन में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की बढ़त के साथ ट्रॉफी पर भी कब्जा जमा लिया है। बतौर कप्तान मिचेल मार्श की यह पहली सीरीज है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के जीत के हीरो कप्तान मिचेल मार्श रहे। उन्होंने 39 गेंदों में नाबाद 79 की पारी खेली। वहीं नाथन एलिस और सीन एबॉट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 3-3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए।

**अफ्रीका के लिए कप्तान एडन मारक्रम ने बनाए सबसे ज्यादा रन** - साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान एडन मारक्रम ने बनाए। उन्होंने 38 गेंदों का सामना कर 49 रन की पारी खेली। मारक्रम ने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के भी जड़े। वहीं अफ्रीका के लिए दूसरे टॉप स्कोरर टेम्बा बावुमा रहे। उन्होंने 17 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 35 रन बनाए।

**एबॉट-एलिस ने लिए 3-3 विकेट** - ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे सफल गेंदबाज सीन एबॉट रहे। उन्होंने ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के दूसरे सफल गेंदबाज नाथन एलिस रहे। उन्होंने भी 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्श और शॉर्ट के बीच हुई 100 रन की पार्टनरशिप वहीं 165 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका 32 रन के स्कोर पर ही लग गया। ओपनर ट्रेविस हेड 18 रन बनाकर आउट हो गए।

## बीबीएल इस साल के अंत में खेला जाएगा आईपीएल प्लेऑफ़-शैली में होगा

**ब्रिस्बेन।**
**ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट लीग बिग बैश लीग (बीबीएल) इस साल के अंत में खेला जाएगा। इसमें नई आईपीएल प्लेऑफ़-शैली अपनाने की घोषणा की गयी है। अब पिछले साल की फाइनलिस्ट ब्रिस्बेन हीट घोषित कार्यक्रम के अनुसार लीग के 13वें सत्र के शुरुआती मैच में 7 दिसंबर को यहां गाबा में मेलबर्न स्टार्स से खेलेगे। एक नए रूप वाले 40-मैचों के कार्यक्रम और चार-गेम फ़ाइनल सीरीज का अनावरण किया गया। लीग एक सप्ताह पहले शुरू होगी और नियमित सीज़न सिडनी शोग्राउंड स्टेडियम में समाप्त होगा जब सिडनी थंडर मेलबर्न रेनेगेड्स की मेजबानी करेगा। इसमें आईपीएल के समान नए रूप वाली चार मैचों की फ़ाइनल सीरीज़ दो दिन बाद शुरू होगी, जिसका फ़ाइनल 24 जनवरी को होगा।**




फ़ाइनल सीरीज़ में शीर्ष दो टीमें क्वालीफ़ायर के माध्यम से फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें नॉकआउट में भाग लेंगी। नॉकआउट का विजेता क्वालीफायर के हारने वाले के साथ चैलेंजर में खेलेगा, जिसका विजेता फ़ाइनल में पहुंचेगा। कार्यक्रम में दो बॉक्सिंग डे मुकाबले शामिल हैं, जिसमें सिडनी सिक्सर्स मेलबर्न स्टार्स की मेजबानी करेगा और पर्थ स्कॉर्चर्स मेलबर्न रेनेगेड्स का मुकाबला करेगा। इसमें नए साल के दिन का डबल-हेडर भी शामिल है जिसमें होबार्ट हरिकेंस सिडनी थंडर (ब्लंडस्टोन) की मेजबानी कर रहा है और ब्रिस्बेन हीट गाबा में दूसरे वार्षिक नए साल के बैश के लिए सिडनी सिक्सर्स का स्वागत कर रहा है।

## नीरज बोले- ओलंपिक खिताब की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करूंगा, टोक्यो में जीतना बड़ी चुनौती थी

**नई दिल्ली ।**
ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह अगले साल पेरिस में अपना ओलंपिक स्वर्ण पदक और 2025 में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखने की हर संभव कोशिश करेंगे। जब चोपड़ा से पूछा गया कि क्या वह चेक गणराज्य के एथलीट जॉन जेलेज्नी की उपलब्धि हासिल कर सकते हैं जिनके नाम तीन ओलंपिक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब हैं। इस पर चोपड़ा ने कहा, 'मैं प्रेरित बना रहता हूं और खेल पर फोकस बनाए रखता हूं तो कुछ भी हो सकता है। मुझे अपने खिताब की रक्षा के लिए जितनी मेहनत करनी होगी, मैं करूंगा।' जेलेज्नी भालाफेंक एथलीट नीरज के आदर्श भी हैं। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैंपियनशिप खिताब अपने किए थे।

### खुद को चोट से बचाने की करूंगा कोशिश

25 सल के नीरज ने कहा, 'तोक्यो में पहला ओलंपिक खिताब जीतना बड़ी चुनौती थी और अब इसका बचाव करना इससे भी बड़ी चुनौती होगी। हर एथलीट अपनी पूरी तैयारी के साथ आएगा और कोई कसर नहीं छोड़ेगा। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज खुद को चोट से बचाने की होगी। मुझे स्वस्थ और चोटों से मुक्त रहना होगा ताकि मैं अपने सभी खिताब की रक्षा कर सकूं।'




### खांसी और गले में थी तकलीफ

चोपड़ा को विश्व चैंपियनशिप से पहले खांसी और गले में तकलीफ थी। उन्होंने कहा, 'मैं पहले यह बताना नहीं चाहता था क्योंकि लोग इसे बहाना समझ सकते थे, लेकिन क्वालिफिकेशन दौर से पहले मुझे खांसी और गले में दर्द था। मुझे परेशानी हो रही थी। ज्यूरिख में भी मुझे समस्या हो रही है। मैं ठीक हो जाऊंगा, एक एथलीट का जीवन ऐसा ही होता है।'

### तीसरे प्रयास के बाद लगा, शीर्ष-8 में भी नहीं रह पाऊंगा

ज्यूरिख में अपने प्रदर्शन को लेकर नीरज ने कहा, मैं इस चरण के लिए अच्छे से अभ्यास नहीं कर पाया। मैंने पहले तीन प्रयास में काफी संघर्ष किया। मेरा रन अप काफी अच्छा नहीं रहा। थ्रो कमजोर थी और पूरी गति नहीं थी। मुझमें आत्मविश्वास की कमी थी। मैं यहां तक सोच रहा था कि तीसरे प्रयास के बाद शायद मैं शीर्ष-आठ में भी नहीं रह पाऊंगा। अंतिम तीन थ्रो में मैंने काफी जोर लगाया, लेकिन 100 प्रतिशत नहीं दे पाया। मैं डायमंड लीग के फाइनल और एशियाई खेलों में अपना 100 प्रतिशत दूंगा। हाल ही में विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद नीरज तिरंगे को लेकर फोटो खिंचवा रहे थे तब उसी दौरान रजत पदक जीतने वाले पाकिस्तान के अरशद नदीम को अपने देश का झंडा नहीं मिला रहा था, लेकिन तभी नीरज ने उन्हें फोटो के लिए बुला लिया। नीरज ने कहा, यह आपको स्वीकार करना होगा कि अरशद ने विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतकर पाकिस्तान के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल की थी।

## 17 साल की महिका गौर ने 2 इंटरनेशनल टीमों के लिए खेलकर रचा इतिहास, धोनी को मानती हैं अपना आदर्श

**नई दिल्ली।**
12 साल की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली महिका गौर ने दूसरी बार अंतराष्ट्रीय डेब्यू करके इतिहास रच दिया। 17 साल की महिका गौर ने इंग्लैंड के लिए अपना दूसरा इंटरनेशनल डेब्यू किया। इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला खेला, जहां प्लेइंग 11 में महिका गौर को जगह दी। बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड के लिए खेलते हुए श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू को अपना पहला शिकार बनाया। हालांकि, बारिश ने मैच का मजा किरकिरा कर दिया, नहीं तो गौर को ज्यादा विकेट मिल सकते थे। बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने 2 ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया। महिका गौर दो अंतरराष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे युवा खिलाड़ी (पुरुष/महिला) बनी। उन्होंने 17 साल और 175 दिन की उम्र में ही दो देशों का प्रतिनिधित्व कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड आयरलैंड के एड जॉयस के नाम दर्ज था। जॉयस ने 22 साल और 156 दिन की उम्र में इंग्लैंड के बाद आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। दो




अंतरराष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी (पुरुष/महिला) 17 साल और 175 दिन - महिका गौर (यूएई से इंग्लैंड) 22 साल और 156 दिन - एड जॉयस (इंग्लैंड से आयरलैंड) 22 साल और 256 दिन - इयोन मॉर्गन (आयरलैंड से इंग्लैंड)

इंग्लैंड ने जीता मुकाबला बता दें कि इंग्लैंड ने वर्षाबाधित मैच पहले बल्लेबाजी करके 17 ओवर में चार विकेट खोकर 176 रन बनाए। डेनियल याट (48) और एलिस कैपसी (51) ने बेहतरीन पारियां खेली। जवाब में श्रीलंका ने 6 ओवर में तीन विकेट खोकर 55 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश के कारण शेष मैच नहीं खेला जा सका। इंग्लैंड को डीएलएस पद्यति के आधार पर 12 रन से विजेता घोषित किया गया।

### हीथर नाइट ने की तारीफ

इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने 6 फीट 3 इंच लंबी महिका गौर की मैच के बाद जमकर तारीफ की। इंग्लिश कप्तान ने कहा, महिका गौर ने अपने डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन किया। बारिश के बाद उन्हें अंतिम ओवरों में गेंदबाजी करनी थी और उन्होंने अपनी योजनाओं का सही तरह से पालन किया। इस कद के साथ उन्हें देर से गेंद को स्विंग कराया जो कि उनका प्रमुख हथियार साबित हुआ।

### एमएस धोनी को मानती हैं आदर्श

महिका गौर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को अपना आदर्श मानती हैं। महिका गौर ने बेहतरीन तेज गेंदबाज बनने की क्वालीटी दिखाई है और फैंस को उनमें भविष्य का सुपरस्टार नजर आ रहा है। हालांकि, महिका गौर माही के जैसे मैच फिनिश करना चाहती हैं।

### कौन है महिका गौर

इंग्लैंड के दक्षिणी इलाके रीडिंग में जन्मीं महकि गौर ने 2011 में जयपुर में आईपीएल मैच के बाद पेशेवर क्रिकेट खिलाड़ी बनने का फैसला किया। गौर ने बताया था।

### आईसीसी एकेडमी में लिया एडमिशन

जब महिका गौर का परिवार दुबई में शिफ्ट हुआ तो युवा तेज गेंदबाज ने आईसीसी एकेडमी में हिस्सा लिया, जहां उनकी मुलाकात भविष्य की यूएई की कप्तान छाया मुघल से हुई।

इंग्लैंड के लिए डेब्यू करने के बाद महिका गौर ने अब तक कुल 20 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें कुल 10 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21 रन देकर तीन विकेट लेना रहा।

## डिप्रेशन, मोटापा और ताना...

# सालों बाद छलका समीरा का दर्द



रेस, दे दना दन और आक्रोश जैसी फिल्मों में अभिनय का जादू चला चुकीं समीरा रेड्डी कुछ समय से इंडस्ट्री से दूर हैं। एक लेटेस्ट इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि पहली डिलीवरी के बाद बढ़े मोटापे के चलते उन्हें काफी ताने सहने पड़े। समीरा रेड्डी ने साल 2014 में बिजनेसमैन अक्षय वर्दे के साथ शादी की थी। मैरिज के एक साल बाद समीरा ने अपने घर में एक बेटे का स्वागत किया था, जिसका नाम हंस है। इसके दो साल बाद समीरा और अक्षय एक बेटी के माता-पिता बने थे। डिलीवरी के बाद समीरा का वजन काफी बढ़ गया था, खासकर पहली प्रेग्नेंसी के दौरान। समीरा रेड्डी ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि पहली डिलीवरी के बाद उनका वजन काफी बढ़ गया था। इसकी वजह से उन्हें ताने सुनने पड़ते थे। यहां तक कि सब्जी वाले भी उनके मोटापे पर कमेंट करते थे। जेनिस सिकेरा के साथ बातचीत में समीरा ने कहा कि पहली प्रेग्नेंसी के दौरान मुझे काफी प्रॉब्लम्स हुए। मुझे पोस्टपार्टम डिप्रेशन था। मेरा वजन भी बहुत बढ़ गया था और लोग ये नहीं समझते हैं। यहां तक कि सब्जी बेचने वाला कहता था कि दीदी क्या हो गया आपको ? दीदी आप हो ? मुझे अब भी कभी-कभी आश्चर्य होता है कि भारतीयों के पास यह कहने की इतनी सुंदर क्षमता कैसे है कि आप बदल गए हो ना मैडम ? तेज एक्ट्रेस ने आगे बताया कि मोटापे के चलते उनका सेल्फ कॉन्फिडेंस इतना कम हो गया था कि वह घर से भी निकलने में डरती थीं। समीरा ने कहा कि मैं अपने भ्रम में फंस गई थीं। मैं सोचती थी कि लोग मेरे बारे में क्या सोच रहे हैं। मुझे बाहर निकलने में डर लगता था कि कहीं पैपराजी मेरी तस्वीरें न खींच लें। मैं अब खुद को कहना चाहती हूं कि समीरा, तुमने अपने साथ ऐसा क्यों किया ? फिलहाल, समीरा रेड्डी बॉलीवुड से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए वह अपने फैंस को अपनी पर्सनल लाइफ से अपडेटेड रखती हैं।

## टॉप 10 एक्ट्रेस की गिनती में नहीं था

# शिल्पा शेट्टी का नाम



बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन कहीं जाने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने साल 1993 में शाहरुख खान के साथ फिल्म *बाजीगर* से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। वो ना सिर्फ अपनी एक्टिंग स्किल्स के लिया बल्कि डांसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में शिल्पा का यह 30वां साल है। ऐसे में अब उन्होंने अपने इस लंबे करियर को लेकर काफी कुछ कहा है। शिल्पा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें कभी भी टॉप 10 अभिनेत्रियों में नहीं गिना गया। ईटाइम्स के साथ हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने *जीवन के काव्यात्मक न्याय* के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने याद किया कि कैसे उन्हें अपने समय की टॉप 10 एक्ट्रेस में कभी नहीं गिना गया था। इसका श्रेय वह उस समय अवसरों की स्पष्ट कमी को देती है। उन्होंने आगे कहा कि जैसे-जैसे समय बदला, उनके पास शिकायत करने के लिए कुछ भी नहीं रहा। इस समय उनके पास जो भी वो उसे महत्व देती हैं। फिर चाहें फिल्म हो या कोई बड़ी सीरीज। इसके साथ ही उन्होंने इस बात को भी स्वीकार किया कि हर किसी की अपनी एक यात्रा होती है। उन्होंने टेलीविजन पर भी अपने लिए एक जगह बनाई है। मेरे ब्रांड अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कथित तौर पर, ऐसी अफवाहें हैं कि शिल्पा के पति राज कुंद्रा और उनके जेल में बिताए समय के बारे में एक फिल्म बनाई जा रही है। दरअसल, चर्चा ऐसी है कि कुंद्रा ना सिर्फ इसे प्रोड्यूस करेंगे, बल्कि इसमें एक्टिंग भी करेंगे। इस बारे में जब शिल्पा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह जगह नहीं है कि मैं कुछ भी कहूं। इंटरव्यू में बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपना डेली रूटीन भी शेयर किया। उन्होंने कहा कि उनके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं, ऐसे में उनका दिन काफी व्यस्त रहता है और इसलिए वह एक दिन में ज्यादातर चीजों में फिट होने की कोशिश कर रही हैं। शिल्पा जल्द ही *सुखी* में अमीद साध और कुशा कपिला सहित अन्य लोगों के साथ दिखाई देंगी। इस फिल्म में अभिनेत्री एक 48 साल की पंजाबी हाउसवाइफ का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। ऐसे में वो 20 सालों बाद अपने स्कूल के रीयूनियन में भाग लेने के लिए दोस्तों के साथ दिल्ली जाएंगी।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**